SUPREME SUPERSPECIALITY HOSPITAL | SUPREME HEART CARE
आयुष्मान भारत (PMJAY)
महात्मा ज्योतिबा फुले जन आरोग्य योजना (MJPJAY)
और
मुख्यमंत्री वैद्यकीय सहायता निधि (CRMF)
की सुविधा अब सुप्रीम हॉस्पिटल गोंदिया में उपलब्ध
Vivekanand Colony, Haddtoli Gondia (Maharashtra) 441601
www.supremehospital.org
0718223221, 7378738884
7507716433, 8624920084

बालाघाट, सिवनी, छिंदवाड़ा, गोंदिया, भंडारा, नागपुर से एक साथ प्रकाशित एवं प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 07 अप्रैल 2026 | दिन - मंगलवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 12 | अंक - 69 | मूल्य - 5 रुपये

सहयोग हॉस्पिटल
कार्डियोलॉजी क्लिनिक @₹999
• ईको/टीएमटी • लिपिड प्रोफ़ाइल • HbA1c • E.C.G. • बीपी • कार्डियोलॉजिस्ट के साथ परामर्श
91 8888 001 426 / 07182 250006 / 07
Rani Avantibai Chowk, Ring Road, Gondia 441614



सिर्फ आधार कार्ड लाये और 0 डाउन पेमेंट पर अपना पसंदीता होंडा वाहन ले जाईये ...
हर हिन्दुस्तानी की पहली पसंद ...
नई Shine 100 DX SOLID है
जबरदस्त होंडा ऑफर
बचत भी..खुशियां भी..
आजीवन रोड टैक्स पर 100% छूट
होंडा पर कार और होंडा पर होंडा ऑफर द्वितीय वर्ष 2025-26
डिजिटल मीटर | 5-स्टेप एडजस्टेबल रियर सस्पेंशन | ट्यूबलेस टायर्स | स्टाइलिश क्रोम प्लेटिंग
एक्स-शोरूम (मध्यप्रदेश) ₹70047*
80 KMPL तक का शानदार माईलेज
हर होंडा टू-व्हीलर की खरीद पर, होंडा बाईक या कार जीतने का मौका
3+7* 10 साल की वारंटी उपलब्ध
Scooter bole toh ACTIVA 110cc & 125cc
इंडिया का नंबर 1 स्कूटर
Auth. Dealer :- Dreams Honda
बालाघाट 8349272776 | बैहर 8269793376 | कटंगी 8109182276 | वारासिवनी 9893782276 | लालबर्रा 8085112276 | किरनापुर 8085882276 | लांजी 8827156863 | बिरसा 9669526297 | चांगोटोला 8959143504 | खैरलांजी 9302700692

# राकांपा गुटों के विलय पर अभी कोई बातचीत नहीं : शरद पवार

मुंबई, (भाषा)।

***राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के अध्यक्ष शरद पवार ने सोमवार को कहा कि उनकी पार्टी और महाराष्ट्र की उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार के नेतृत्व वाली राकांपा के विलय पर नये सिरे से कोई विचार विमर्श नहीं हो रहा है।***

राकांपा (शप) प्रमुख ने नयी दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में दोहराया कि दोहराया कि इस मुद्दे पर अतीत में राकांपा प्रमुख रहे उनके दिवंगत भतीजे अजित पवार और राकांपा (शप) नेता जयंत पाटिल के बीच चर्चा हुई थी। उन्होंने कहा, ''वर्तमान में राकांपा के दोनों गुटों के किसी भी विलय को लेकर कोई नयी वार्ता नहीं चल रही है।'' हाल ही में राकांपा की महाराष्ट्र इकाई के नेता सुनील तटकरे ने स्वीकार किया था कि राकांपा के दोनों गुटों ने उस वक्त विलय की संभावनाओं पर विचार किया था, जब उपमुख्यमंत्री अजित पवार जीवित थे।

तटकरे ने यह भी कहा कि वह विलय वार्ता के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन राकांपा, भाजपा नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के साथ ही बनी रहेगी। अठाईस जनवरी को अजित पवार की विमान दुर्घटना में मृत्यु के तुरंत बाद, शरद पवार के नेतृत्व वाले राकांपा (शप) के वरिष्ठ नेताओं ने दावा किया था कि राकांपा प्रमुख अजित



पवार के निधन से पहले दोनों गुटों के विलय पर काम चल रहा था। सत्तारूढ़ राकांपा के नेताओं ने उस दावे को यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि ऐसा कोई निर्णय नहीं लिया गया था।

## यह भी बोले शरद पवार..

इस बीच, राकांपा (शप) प्रमुख शरद पवार ने कहा कि कांग्रेस को बारामती विधानसभा उपचुनाव में भाग लेने का पूरा अधिकार है। उन्होंने अजित एवं सुनेत्रा पवार के पुत्र पार्थ पवार की राजनीतिक परिपक्वता पर भी सवाल उठाया। पार्थ ने अपनी मां एवं उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार के खिलाफ उम्मीदवार उतारने के लिए कांग्रेस की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि पवार परिवार ने 23 अप्रैल को होने वाले उपचुनाव के लिए कोई उम्मीदवार नहीं उतारा है, क्योंकि उन्हें अपने भतीजे अजित पवार की विमान दुर्घटना में मौत से गहरा शोक था। अजित की मौत के बाद ही यह चुनाव अनिवार्य हुआ है।

राकांपा (शप) प्रमुख ने नयी दिल्ली में राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ लेने के बाद पत्रकारों से कहा, ''निर्विरोध चुनाव की कोई आवश्यकता नहीं है। एक स्वतंत्र राजनीतिक पार्टी होने के नाते, कांग्रेस को बारामती उपचुनाव में भाग लेने का पूरा अधिकार है।''

## सुनेत्रा पवार ने दाखिल किया नामांकन..

गौरतलब है कि सुनेत्रा पवार ने आज ही पूर्वाह्न उपचुनाव के लिए अपना नामांकन दाखिल किया। सत्तारूढ़ भाजपा, शिवसेना, राकांपा और विपक्षी शिवसेना (उबाठा) द्वारा निर्विरोध चुनाव सुनिश्चित करने के लिए की गई अपीलों के बावजूद, कांग्रेस ने उपचुनाव में राकांपा प्रमुख सुनेत्रा पवार के खिलाफ आकाश मोरे को उम्मीदवार बनाया है। बरामती में उपचुनाव में कांग्रेस के कूदने संबंधी सवालों के जवाब में शरद पवार ने कहा कि चुनाव हमेशा इस मान्यता के साथ लड़ा जाना चाहिए कि उसमें प्रतिस्पर्धा होगी।

# ईरान को एक रात में तबाह किया जा सकता है और वह रात आज हो सकती है : ट्रंप

तेहरान, (एपी)।

***अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को फिर से धमकी देते हुए कहा है कि पूरे देश को एक ही रात में तबाह किया जा सकता है और वह रात कल अर्थात आज 7 अप्रैल की रात हो सकती है। ट्रंप ने ईरान के पुलों और बिजली संयंत्रों को नष्ट करने की धमकी***

देते हुए यह भी कहा कि उन्हें युद्ध अपराधों की 'कतई' चिंता नहीं है। अमेरिका के राष्ट्रपति ने चेतावनी दी कि अगर तेहरान मंगलवार को रात आठ बजे तक आत्मसमर्पण नहीं करता है तो ईरान के असैन्य बुनियादी ढांचे पर हमले किए जाएंगे। अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा, ''आज सबसे अधिक हमले होंगे और कल, आज से भी अधिक हमले किए जाएंगे।''

इससे पहले ईरान ने 45 दिन के युद्धविराम के प्रस्ताव को खारिज करते हुए कहा कि वह युद्ध का स्थायी अंत चाहता है। ट्रंप ने अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय 'व्हाइट हाउस' में एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान कहा, ''पूरे देश पर एक ही रात में कब्जा किया जा सकता है और वह रात कल हो सकती है।'' उन्होंने कहा कि समझौता करने के लिए ईरान को दी गई मंगलवार रात आठ बजे की समयसीमा अंतिम है। ट्रंप ने ईरान को चेतावनी दी है कि वह या तो निर्धारित समयसीमा के भीतर होर्मुज जलडमरूमध्य खोले या बिजली संयंत्रों और पुलों पर हमले का सामना करने के लिए तैयार रहे।

ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी 'इरना' ने बताया कि ईरान ने समझौते के बारे में पाकिस्तान के माध्यम से अमेरिका को अपना जवाब दे दिया है। काहिरा स्थित ईरानी राजनयिक मिशन के प्रमुख मुज्तबा फरदौसी पोर ने सोमवार को 'एसोसिएटेड प्रेस' से कहा, ÷हम केवल युद्धविराम स्वीकार नहीं करेंगे। हम युद्ध की समाप्ति तभी स्वीकार करेंगे जब हमें यह गारंटी दी जाए कि हम पर दोबारा हमला नहीं किया जाएगा। फरदौसी पोर ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य पर ईरानी और ओमानी अधिकारी जहाजरानी के इस महत्वपूर्ण मार्ग के प्रशासन हेतु एक तंत्र विकसित करने पर काम कर रहे हैं।



ईरान द्वारा युद्धविराम प्रस्ताव खारिज किए जाने से पहले इजराइल ने सोमवार को ईरान के विशाल 'साउथ पार्स' प्राकृतिक गैस क्षेत्र में स्थित अहम पेट्रो-संयंत्र पर हमला किया। इजराइली हमले में रिवोल्यूशनरी गार्ड के एक शीर्ष कमांडर की मौत हो गई। इजराइली रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज़ ने इस हमले की पुष्टि की। उन्होंने इसे ''ईरान के सबसे बड़े पेट्रो-रसायन प्रतिष्ठान पर एक भीषण हमला'' बताया।

इस संयंत्र से ईरान का करीब 50 प्रतिशत पेट्रो-रसायन उत्पादन होता है। इजराइल के सैन्य प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल नादाव शोशानी ने कहा कि बातचीत आगे बढ़ने के बीच ईरान को ''कोई छूट नहीं'' मिलेगी। साउथ पार्स गैस क्षेत्र दुनिया का सबसे बड़ा प्राकृतिक गैस भंडार है। मार्च में साउथ पार्स पर इजराइल के हमले के बाद, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि इज़राइल दोबारा उस पर हमला नहीं करेगा; लेकिन उन्होंने चेतावनी दी थी कि अगर ईरान ने कतर के ऊर्जा ढांचे पर हमले जारी रखे, तो अमेरिका जवाबी कार्रवाई करेगा और इस पूरे क्षेत्र को ''पूरी तरह से तबाह'' कर देगा।

इजराइल और अमेरिका ने सोमवार को ईरान पर कई बड़े हमले किए, जिनमें 25 से अधिक लोगों की मौत हो गई। इसके जवाब में ईरान ने इजराइल और पड़ोसी खाड़ी देशों पर मिसाइलें दागीं। होर्मुज जलडमरुमध्य खोलने के लिए ईरान को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा दी गई समयसीमा नजदीक आने के बीच मध्यस्थों ने युद्धविराम का नया प्रस्ताव पेश किया है। तेहरान में धमाकों की गूंज सुनाई दी, और राजधानी पर लगातार हमले होते रहने के कारण घंटों तक नीचे उड़ते जेट विमानों की आवाज़ आती रही। एक हवाई हमले में शरीफ प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के परिसर को निशाना बनाए जाने के बाद शहर के आज़ादी चौक के पास से घना धुआँ उठता दिखाई दिया।

ईरानी सरकारी मीडिया और इजराइल के रक्षा मंत्री के अनुसार, तेहरान पर हुए हमलों में मारे गए लोगों में ईरान के अर्धसैनिक रिवोल्यूशनरी गार्ड के खुफिया प्रमुख मेजर जनरल माजिद खादेमी भी शामिल हैं। इज़राइल की सेना ने कहा कि उसने ईरानी अर्धसैनिक रिवोल्यूशनरी गार्ड की खुफिया इकाई 'कुद्स फोर्स' के प्रमुख असगर बाकेरी को भी मार गिराया है। वहीं, ईरानी मिसाइलों ने उत्तरी इजराइल के शहर हाइफा को निशाना बनाया, जहां एक रिहायशी इमारत के मलबे से चार लोगों के शव बरामद किए गए। अधिकारियों के मुताबिक, तेहरान के दक्षिण-पश्चिम में इस्लामशहर के पास हुए हमले में कम से कम 15 लोगों की मौत हुई। वहीं कोम के एक रिहायशी इलाके पर हुए हमले में पांच लोग मारे गए, जबकि अन्य शहरों में हुए हमलों में छह और लोगों की मौत हुई।

इसके अलावा, तेहरान में एक घर पर हुए हवाई हमले में तीन और लोगों की मौत हो गई। ईरानी सरकारी टेलीविजन ने इसकी पुष्टि की। खाड़ी क्षेत्र में तनाव बढ़ता हुआ दिखा, जहां कुवैत, संयुक्त अरब अमीरात और सऊदी अरब ने ईरानी मिसाइलों और ड्रोन को रोकने के लिए अपनी हवाई सुरक्षा प्रणाली सक्रिय कर दी। ऊर्जा ठिकानों पर ईरान के लगातार हमलों और होर्मुज जलडमरुमध्य पर नियंत्रण के कारण वैश्विक तेल कीमतों में तेज उछाल आया है। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड तेल की कीमत सोमवार सुबह शुरुआती कारोबार में बढ़कर 109 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई, जो युद्ध शुरू होने के समय की तुलना में लगभग 50 प्रतिशत अधिक है। घरेलू दबाव के बीच, डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी दी कि यदि समयसीमा के अंदर जलडमरूमध्य नहीं खोला गया, तो अमेरिका ईरान के बिजली संयंत्रों और अन्य बुनियादी ढांचे को निशाना बनाएगा और देश को ÷पाषाण काल÷ में पहुंचा देगा। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा, ÷मंगलवार पावर प्लांट डे और ब्रिज डे होगा। युद्ध रोकने के प्रयास के तहत मध्यस्थ देशों मिस्र, पाकिस्तान और तुर्किये ने ईरान और अमेरिका को एक प्रस्ताव भेजा, जिसे फिलहाल तेहरान ने मानने से इनकार कर दिया है।

## राजस्थान : सलूम्बर में रहस्यमयी बीमारी से बच्चों की मौत, जांच के लिए विशेषज्ञों की टीम गठित..

जयपुर, (भाषा)।

राजस्थान के सलूम्बर जिले के दो गांवों में रहस्यमयी बीमारी से पांच बच्चों की मौत के मामले में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को तत्काल स्थिति की जानकारी जुटाने, मौत के कारणों का पता लगाने और आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए हैं।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बताया कि सलूम्बर सहित आसपास के क्षेत्रों में स्वास्थ्यकर्मियों की टीम तैनात कर बुखार के लक्षण वाले बच्चों की गहन स्क्रीनिंग कराई जा रही है। इसके अलावा, जिला प्रशासन और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को भी स्थिति पर नजर बनाए रखने और आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं।

आवश्यकता है..
ऑफिस एकाउंट / ऑडिट कार्य हेतु 10वी., 12वी, बी.काम. प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण युवक/ युवती की आवश्यकता है।
संपर्क - शाम 5.00 से 8.00।
बाघरेचा तिजारे एंड एसोसिएट्स, श्याम टॉकीज एंड मॉल, मेन रोड, बालाघाट (म.प्र.)
संपर्क - 9244872544/9201340520

उत्कृष्टता एवम् गुणवत्ता के 20 वर्ष...
सुश्रुत प्रोक्टो आयुर्वेदा
मुळव्याध (बवासीर), फिशर भगंदर व अन्य गुदारोग चिकित्सा व संशोधन केन्द्र
• मुळव्याध (बवासीर) • भगंदर (नासुर) • फिशर • कड निकलना व अन्य गुदारोग
अत्याधुनिक लेजर, व्हेसल सिलर, क्षारसुत्र व आयुर्वेद द्वारा गुदा रोगों की दर्दरहित सफल चिकित्सा
जटिल भगंदर के इलाज में विशेष प्राविण्यता
डॉ. कमलापती खोब्रागडे
BAMS, M.S. (Ayu.) CCKS (Guj)
बवासीर, भगंदर व गुदारोग तज्ञ
मो. 09823021274
साकेत पब्लिक स्कूल के पास, गणेश नगर गोंदिया (महा.) मो. 09823021274

आवश्यकता है..
बालाघाट शहर के महावीर कालोनी में स्थित अनाज फर्म ऑफिस मीरा ट्रेडर्स में कम्प्यूटर ऑपरेटर, फील्ड वर्कर, रिसेप्शनिष्ट एवं पर्सनल असिस्टेंट के पद पर कार्य के लिये युवक युवतियों की आवश्यकता है। आकर्षक वेतन एवं सुविधाएं भी..।
संपर्क करें..
मनोज सचदेव
मो. 9425822975

आवश्यकता है..
ऑफीस कार्य हेतु चपरासी के पद पर कार्य हेतु 12 वीं पास, युवती की आवश्यकता है।
संपर्क - शाम 5.00 से 8.00।
बाघरेचा तिजारे एण्ड एसोसिएटस, श्याम टाकीज एण्ड मॉल मेन रोड बालाघाट (म.प्र) मो. 9244872544/ 9201340520

## अपहृत बच्चों को लौटाने जा रहे आरोपियों की कार हादसे का शिकार, पांच की मौत..

बरेली, (भाषा)।

हरियाणा के गुरुग्राम से अपहृत दो बच्चों को वापस ले जाते समय आरोपियों की बोलेरो कार उत्तर प्रदेश के बरेली में सड़क दुर्घटना का शिकार हो गई, जिसमें पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि पांच अन्य घायल हो गए। घायलों में दोनों अपहृत बच्चे भी शामिल हैं। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (नगर) मानुष पारीक ने सोमवार को बताया कि रविवार दोपहर सीबीगंज थाना क्षेत्र के परधौली गांव के पास दिल्ली-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर तेज रफ्तार बोलेरो कार ने पहले एक मोटरसाइकिल को टक्कर मारी और फिर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े टैंकर में जा घुसी। हादसा इतना भीषण था कि बोलेरो और मोटरसाइकिल के परखच्चे उड़ गए। इस हादसे में बोलेरो सवार सिकंदर कुमार (28), मनमोहन (42) और एक अज्ञात व्यक्ति सहित मोटरसाइकिल सवार शमसाद (45) और मुमताज (65) की मौके पर ही मौत हो गई। बोलेरो में सवार पांच अन्य लोग घायल हुए, जिनमें चालक प्रिंस और दोनों अपहृत बच्चे गंभीर रूप से घायल हैं। जांच के दौरान घायल चालक प्रिंस से पूछताछ में संदेह होने पर पुलिस ने सख्ती बरती, जिसके बाद उसने खुलासा किया कि मृतक तीनों उसके साथी थे और वे गुरुग्राम से एक ऑटो चालक मनोज और उसके दो बच्चों का अपहरण कर लाए थे। पुलिस के अनुसार मूल रूप से फरीदपुर निवासी मनोज गुरुग्राम में ऑटो चलाता है। आरोपी मनमोहन उसकी नाबालिग दत्तक पुत्री से शादी करना चाहता था, जिसका मनोज विरोध कर रहा था। इसी कारण आरोपियों ने मनोज और उसके दोनों बच्चों का अपहरण कर लिया था। इस संबंध में मनोज की पत्नी पूजा ने गुरुग्राम के डीएलएफ(प्रथम) थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पुलिस ने प्रिंस की निशानदेही पर मनोज को बरेली में एक मकान से बरामद कर लिया है। बताया जा रहा है कि आरोपी बच्चों को वापस छोड़ने जा रहे थे, तभी रास्ते में यह हादसा हो गया।



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

हसीब मोहम्मद सिवनी

मो. 7898530101

जग प्रेरणा

# जिला सिवनी

● अरी ● गंगेरुआ ● बरघाट ● लखनादौन ● छपारा ● केवलारी

विज्ञापन आमंत्रित है..

संपर्क -

9329033433

## मवेशी तस्करी करते तीन आरोपी गिरफ्तार




**जगप्रेरणा सिवनी।**

जिले की छपारा पुलिस ने सोमवार सुबह मवेशी तस्करी करते तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने एक पिकअप **(MP 13 ZF2451)** को जब्त कर उसमें क्रूरतापूर्वक भरे गए चार मवेशियों को मुक्त कराया। सूचना मिलने पर पुलिस ने घेराबंदी की, जिसके बाद भागने का प्रयास कर रहे तस्करों को कुछ दूरी पर पकड़ लिया।

### मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने की घेराबंदी..

थाना प्रभारी खेमेन्द्र जेतवार ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि एक पिकअप वाहन में अवैध रूप से मवेशियों का परिवहन किया जा रहा है। पुलिस को देखते ही चालक ने वाहन की गति बढ़ाकर भागने की कोशिश की, लेकिन टीम ने पीछा कर उसे रोक लिया। तलाशी के दौरान वाहन में मवेशी ठूंस-ठूंस कर भरे पाए गए, जिन्हें गोशाला भिजवाया गया।

### तीन आरोपी गिरफ्तार, नागपुर की ओर जा रहे थे..

पुलिस ने मौके से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनकी पहचान अशफाक (38) निवासी बोरदई, अर्जुन यादव (34) निवासी मलारा और सौरभ यादव (22) निवासी मलारा के रूप में हुई है। पूछताछ में यह तथ्य सामने आया कि आरोपी इन मवेशियों की तस्करी जबलपुर से नागपुर की ओर कर रहे थे। थाना प्रभारी खेमेन्द्र जेतवार ने बताया आरोपियों पर मामला दर्ज किया गया है। जिले में मवेशी तस्करी जैसे अपराधों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। दोषियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## ट्राइबल की हेल्थ पर जीत, विभागीय टेनिस वार्म'अप टूर्नामेंट



**जगप्रेरणा सिवनी।**

स्थानीय पीजी कॉलेज में विभागीय टेनिस बाल वार्म अप का फाइनल मैच खेला गया। जिसमें ट्राइबल विभाग विजयी रहा। जिले में शासकीय विभाग के विभागीय कर्मचारी और अधिकारियों की आपसी सहमति से एवं आपसी मेलजोल बढ़ाने व स्वस्थ रहने के उद्देश्य विभागीय वार्मअप क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया था। जिसका फाइनल मुकाबल ट्राइबल विभाग और हेल्थ विभाग की टीम के बीच हुआ। हेल्थ टीम ने निर्धारित 10 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 53 बनाए। चेस करने उतरी ट्राइबल टीम ने 4ओवर में बिना कोई विकेट खोए बना लिए।

ट्रायवल टीम विजेता रही और हेल्थ विभाग की टीम उप विजेता रही। इस टूर्नामेंट में फॉरेस्ट विभाग स्वास्थ्य विभाग, ट्रायवल विभाग टीचर विभाग, एक्स आर्मी, पुलिस विभाग,महिला बाल विकास विभाग, बैंक 11 की विभाग की टीमों में अधिकारियों कर्मचारियों ने हिस्सा लिया था। टूर्नामेंट का विभागीय अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थि में समापन हुआ। इस टूर्नामेंट में विशेष सहयोग में जय श्रीवास्तव, राजेश यादव, अभिराज सिंह, प्रकाश श्रीवास्तव, ओपी श्रीवास्तव, महानारायण पांडे अनिल सनोडीया विवेक अग्रवाल, नरेंद्र देशमुख रुद्र हनुमंत, मढ़ीकांत तिवारी, विजय चौहान, विवेक, अवधेश मालवीय, दीपक तिवारी, मकवानी शामिल थे।

## टैगोर और महावीर वार्ड में वार्ड कांग्रेस कमेटी का गठन



**जगप्रेरणा सिवनी।**

मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के आदेशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी एवं जिला कांग्रेस संगठन महामंत्री मो. हनीफ अंसारी की उपस्थिति में संगठन सृजन अभियान के अन्तर्गत नगर कांग्रेस कमेटी सिवनी के अध्यक्ष तनवीर अहमद द्वारा टैगोर वार्ड और महावीर वार्ड में वार्ड कांग्रेस कमेटी के गठन हेतु आयोजित बैठक में उपस्थित कांग्रेस जनो को वार्ड कांग्रेस कमेटी के गठन प्रक्रिया की जानकारी दी और टैगोर एवं महावीर वार्ड की वार्ड कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से चयन कर कमेटी का गठन किया गया।

इस अवसर पर टैगोर एवं महावीर वार्ड की बैठक में सुरेन्द्र करोसिया, पियूष शाह, यशपाल भलावी, रंजीत यादव, आशीष ताम्रकार, दीपेश करोसिया, विजेन्द्र करोसिया, राजीव मधु क्रिडिया, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष आदित्य मोन्टू भूरा, जिला पंचायत सदस्य नितिन डेहरिया, जिला एनएसयुआई अध्यक्ष धनंजयसिंह, नितिन मिश्रा, बल्लू ब्योहार, मंडलम अध्यक्ष राजू यादव, संदीप चौरसिया, अदनान खान, माहिर करोसिया, हर्षित करोसिया, राकेश यादव, शैलेन्द्र यादव, केवल सराठे, धन्नू यादव, आसिम खान, परमानंद वागले, गोलू मगोरे, कृष्णा टेकाम, राजेश बुंदेला, संतोष डेहरिया, चैनसिंह यादव, थानसिंह यादव, गिरेन्द्र यादव, राजिक खान, जम्मू खान, गुड्डा टेकाम, सोहन सोनी, राजेश बबलू दुबे, प्रकाश यादव, लक्ष्मी डेहरिया, कमला यादव, जानकी सोनी सहित बडी संख्या में वार्ड के कांग्रेस जनों की उपस्थिति रही।

## धनौरा में सालाना उर्स पर सजी सूफियाना महफिल..

### भव्य कव्वाली मुकाबले में झूमे श्रोता..






**जगप्रेरणा धनौरा।**

धनौरा विकासखंड मुख्यालय में सालाना उर्स के अवसर पर रविवार की रात्रि भव्य कव्वाली मुकाबले का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत प्रांगण में आयोजित इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, महिलाएं, पुरुष, बुजुर्ग एवं बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और देर रात तक सूफियाना कलाम का आनंद लेते रहे।

कार्यक्रम में देश के प्रसिद्ध कलाकार बेबी गुलशन और हलीम ताज के बीच शानदार कव्वाली मुकाबला हुआ, जिसमें दोनों कलाकारों ने अपनी दमदार प्रस्तुतियों से माहौल को भक्तिमय और रोमांचक बना दिया। कव्वाली की प्रस्तुति के दौरान श्रोता तालियों और वाहवाही से कलाकारों का उत्साहवर्धन करते नजर आए।

सूफियाना कलाम की गूंज से पूरा वातावरण आध्यात्मिक रंग में रंग गया और आयोजन के दौरान उत्साह चरम पर देखने को मिला। कार्यक्रम स्थल पर लगे खेल-खिलौनों, फुल्की चाट एवं पान मसाले की दुकानों ने भी लोगों को आकर्षित किया, जहां बच्चों और युवाओं की भीड़ देखने को मिली। आयोजन समिति मुस्लिम जमात एवं समस्त ग्रामवासी धनौरा द्वारा कार्यक्रम का सफल संचालन किया गया। समिति ने सभी उपस्थित नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

## धनौरा में आंबेडकर जयंती की तैयारियां तेज

### समता मंच के तत्वधान में होगा भव्य सर्वदलीय ब्लॉक स्तरीय आयोजन..



**जगप्रेरणा धनौरा।**

धनौरा में भारत रत्न डॉ. बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी की 135वीं जयंती को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। इस वर्ष समता अधिकार समिति द्वारा जयंती समारोह भव्य एवं ब्लॉक स्तरीय सर्वदलीय आयोजन के रूप में सुनिश्चित किया गया है। कार्यक्रम को लेकर नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में उत्साह का माहौल बना हुआ है।

जानकारी के अनुसार 14 अप्रैल 2026 को दोपहर 12 बजे से अंबेडकर कॉलोनी स्थित विद्युत विभाग कार्यालय के पास अंबेडकर स्टैचू पर मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जहां मंच सजेगा और विभिन्न वक्ताओं द्वारा बाबा साहेब के विचारों पर प्रकाश डाला जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत भव्य रैली भी निकाली जाएगी, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए नगर भ्रमण करेगी। इसके साथ ही बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी जाएगी, जिसमें गीत, भाषण एवं अन्य रचनात्मक प्रस्तुतियां शामिल रहेंगी।

आयोजन समिति समता अधिकार मंच धनौरा द्वारा जयंती समारोह में समाज के सभी वर्गों, जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है, ताकि बाबा साहेब के आदर्शों को व्यापक रूप से जन-जन तक पहुंचाया जा सके। समता अधिकार मंच द्वारा समस्त क्षेत्रवासियों से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

## अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल को मारी टक्कर, दो युवक गंभीर

**जगप्रेरणा सिवनी।**

***जिले के बरघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत खूंट ग्राम के समीप रविवार देर रात एक सड़क हादसा हुआ। एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।***

घायलों को सिर, हाथ, पैर सहित शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आई हैं। उन्हें तत्काल सिविल अस्पताल बरघाट ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घायलों की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है।

जानकारी के अनुसार यह हादसा उस समय हुआ जब दोनों युवक मोटरसाइकिल से बरघाट की ओर जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। घटना के बाद क्षेत्र में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। जिस स्थान पर यह हादसा हुआ वहां लोगो व वाहनों का आवागमन अधिक होता है, घटना के समय लोगो मौजूद होते तो बड़ा हादसा हो सकता था।

बरघाट थाना प्रभारी मोहनीश वेस ने बताया कि सड़क दुर्घटना की सूचना पर पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची थी। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश करपर पहुंची थी। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश कर रही है और हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। साथ ही, घायलों के संबंध में भी जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने और प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ शुरू कर दी है ताकि अज्ञात वाहन और उसके चालक का पता लगाया जा सके।

## सिवनी जिला फोटोग्राफर वेलफेयर एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी गठित



**जगप्रेरणा सिवनी।**

जिला फोटोग्राफर वेलफेयर एसोसिएशन की आवश्यक बैठक संपन्न हुई, जिसमें सर्वसम्मति से संगठन की नई कार्यकारिणी का विस्तार किया गया और फोटोग्राफरों के हितों को ध्यान में रखते हुए नई रेट लिस्ट लागू करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। साथ ही नई कार्यकारिणी की घोषणा के साथ

संगठन की एकता और मजबूती के लिए पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष सुरेश चंदवानी, उपाध्यक्ष अनुराग सोनी, संजय श्रीवास्तव, नरेश गिरी को चुना गया वहीं सचिव के रूप में शैलेश गौर, सहसचिव रवि सनोडिया जबकि कोषाध्यक्ष का प्रभार गगन कुल्हाड़े बनाए गये हैं वहीं ऐसोशिएशन के मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी गौतम रजक, नीरज तिवारी को सौंपी गई है। तकनीकी सलाहकार के रूप में जित्तू यादव, अनमोल सोनी एवं अनुशासन प्रभारी संजय सूर्यवंशी, मोंटू ठाकुर और सदस्यता प्रभारी प्रदीप शर्मा, सतीश बघेल बनाए गए हैं। इसके साथ ही कार्यकारिणी सदस्य के रूप में ओमप्रकाश चौरे, जगत चौरसिया, रंजीत सूर्यवंशी सहित अन्य साथियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

बैठक में नई रेट लिस्ट पर चर्चा और उद्देश्य के साथ बढ़ती महंगाई, आधुनिक उपकरणों की उच्च लागत और यात्रा व्यय को देखते हुए एसोसिएशन ने नई रेट लिस्ट जारी की है। मीडिया प्रभारी गौतम रजक (गौतम डिजिटल) ने बताया कि इस निर्णय का मुख्य उद्देश्य व्यवसाय में एकरूपता लाना और अस्वस्थ रेट प्रतिस्पर्धा को समाप्त करना है।

अध्यक्ष सुरेश चंदवानी ने कहा,'यह रेट लिस्ट सभी फोटोग्राफर साथियों के मेहनत और कार्य की गुणवत्ता को उचित सम्मान दिलाने के लिए तैयार की गई है। सभी सदस्यों से आग्रह है कि वे संगठन की गरिमा बनाए रखते हुए निर्धारित दरों का पालन करें।'एसोसिएशन ने स्पष्ट किया है कि संगठन की शक्ति उसकी एकता में है, और सभी सदस्य इस नई व्यवस्था का समर्थन कर जिले में फोटोग्राफी व्यवसाय को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे।

## शासकीय भूमि पर रसूखदार कर रहे कब्जा, इस भूमि का अनेक दृष्टि से है महत्व





**जगप्रेरणा सिवनी।**

***नगर मुख्यालय से मंडला मार्ग पर 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम डुगरिया में इन दिनों शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा किया जा रहा है इस पर ना तो जिला प्रशासन संज्ञान दे रहा है और ना ही राजस्व विभाग जिसके चलते लोगों के होंसले बढ़ रहे हैं***

आमतौर पर भू राजस्व के मामले में अनुविभागीय दंडाधिकारी राजस्व एवं तहसीलदार पटवारी द्वारा निरीक्षण किया जाता है लेकिन यहां पर देखने में आ रहा है कि सारे नियमों को ताक में रखकर लोग पक्के मकान बना रहे हैं ऐसा प्रतीत होता है कि इस मामले में इन्हें जिला प्रशासन द्वारा सह दी जा रही है।

गौरतलब हैं की मुख्य मार्ग से डूंगरिया जो की आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है और यहां की जमीन इस कारण से भी महत्वपूर्ण है कि इस शासकीय भूमि के निकट ही अनाज गोदाम बने हुए हैं जहां पर प्रतिदिन से अपलोड ट्रैकों का आना-जाना बना रहता है जिसके चलते यहां पर अनेक दुकानें भी खुल गई है जिससे लोगों पर रोजगार मिल रहा है लेकिन देखने में आया कि अनेक ऐसे लोग हैं जो शासकीय भूमि पर पक्के मकान बना रहे हैं अगर इन पर अंकुश नहीं लगाया गया तो यहां की बेस कीमती जमीन पर रासुखदार लोगों का कब्जा हो जाएगा। ज्ञातव्य है कि इस ग्राम से ही लगा हुआ ग्राम भूरकल खापा जो कि औद्योगिक क्षेत्र है और यहां पर अनेक उद्योग संचालित होते हैं इस दृष्टि से भी यह शासकीय जमीन भी बेस कीमती है अतः विधायक ,सांसद, जिला कलेक्टर, एस डी एम, तहसीलदार पटवारी से लोगों ने मांग की है कि शासकीय भूमि में अवैध कर कब्जा करने वाले लोगों को तत्काल बेदखलकर ग्राम में इस भूमि काजनहित में उपयोग किया जाना जनहित में होगा।

## गंगेरुआ में नई शराब दुकान खोलने की तैयारी का ग्रामीणों ने किया विरोध

**जगप्रेरणा सिवनी।**

***जिले के गंगेरुआ गांव में नई शराब दुकान खोलने की तैयारी का ग्रामीणों ने विरोध शुरू कर दिया है।***

सोमवार दोपहर बड़ी संख्या में गांव के महिला-पुरुष जिला मुख्यालय पहुंचे और कलेक्टर-एसपी को ज्ञापन सौंपकर दुकान को कहीं और ले जाने की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि जिस जगह पर शराब दुकान खोली जा रही है, वह काफी भीड़भाड़ वाला इलाका है।

इसके पास ही स्कूल और कोचिंग सेंटर चलते हैं, जहां से दिन भर छात्र-छात्राओं का आना-जाना लगा रहता है। ग्रामीणों को डर है कि यहां दुकान खुलने से पढ़ाई-लिखाई का माहौल खराब होगा और बच्चों पर बुरा असर पड़ेगा।

### पंचायत के फैसले की अनदेखी का आरोप..

ज्ञापन में यह बात भी सामने आई कि ग्राम पंचायत ने शराब दुकान के लिए जो जगह तय की थी, वहां दुकान न खोलकर किसी दूसरी जगह पर खोलने की तैयारी चल रही है। लोगों ने इसे गलत बताया है और कहा कि इस फैसले में पारदर्शिता नहीं रखी गई और स्थानीय लोगों की मर्जी को किनारे कर दिया गया।

### महिलाओं ने जताई सुरक्षा की चिंता..

गांव की महिलाओं ने अपनी सुरक्षा को लेकर खास चिंता जाहिर की है। उनका कहना है कि शराब दुकान खुलने से इलाके में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगेगा, जिससे महिलाओं और बच्चों का घर से निकलना मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि लोगों की भावनाओं का सम्मान करते हुए इस जगह पर दुकान खोलने की इजाजत तुरंत रद्द की जाए।

### प्रशासन का आश्वासन और ग्रामीणों की चेतावनी

ग्रामीणों ने साफकर दिया है कि अगर उनकी मांग पर जल्द कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो वे बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे। फिलहाल प्रशासन ने ग्रामीणों की बात सुनकर मामले की पूरी जांच करने का भरोसा दिया है।

सिवनी में जगप्रेरणा समाचार पत्र के लिये संपर्क करें..हसीब मोहम्मद 7898530101

न्यू लाईफ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल

डॉ. आमिर अंसारी

MBBS, MS (Gen. Surgery), FMAS, FISCP

डॉ. समरीन आमिर अंसारी

MBBS, DGO (KEM, Mumbai), FMAS

मिलने का समय

सुबह 10 से दोप. 1 बजे, शाम 4 से 7 बजे तक

विशेषज्ञ चिकित्सक सहित सुविधाएं उपलब्ध

पता- बड़ी ज्यारत डाल्डा फेक्ट्री रोड अकबर वार्ड सिवनी

मो.- 8817448039

## सुने घर मे चोरी करने वाले तीन चोरो को डूण्डासिवनी पुलिस ने किया गिरफ्तार..

**01 लाख रुपये का मशरुका बरामद..**

पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता व्दारा चोरी की घटनाओ पर अंकुश लगाने हेतु तत्परता से कार्यवाही हेतू निर्देशित किया जाता रहा है साथ ही अपराधियो के विरुध्द भी सख्ती से कार्यवाही हेतु प्रयत्नशील रहते है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एवं अनु. अधिकारी (पुलिस) सिवनी सचिन परते के मार्गदर्शन में उक्त सूचनाओं को गंभीरता से लेते हुये पूर्व में भी सक्रियता से कार्यवाही की जाती रही है।

दिनाँक 04.04.2026 को रामदयाल यादव निवासी जनता नगर ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह आपने पारिवारिक कार्यक्रम मोहल्ले मे परिवार सहित गया था उसी समय रात्री मे अज्ञात चोरो द्वारा सोना चांदी एंव नगद रुपये घर का ताला तोड कर चुरा लिये है जिसकी रिपोर्ट पर अपराध पंजीबध्द क्रमांक 175/2026 धारा 331(4),305 (ए) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। थाना प्रभारी चैनसिंह उड़के द्वारा आरोपियो की तलाश पतासजी हेतु थाना स्तर पर टीम गठित की जाकर आरोपीयो की धरपकड हेतु क्षेत्र मे टीम रवाना की गई। डूण्डासिवनी पुलिस व्दारा तत्परता दिखाते हुये कुछ संदेही से पूछताछ की गई, मुखबिर लगाये गये चंद घंटो के भीतर तीन संदेही को हिरासत मे लेकर सख्ती से पूछताछ करने पर चोरी करना कबूल किये, जिनके कब्जे से चोरी किया गया सोना चांदी के जेवरात बरामद किये गये तीनो अपचारी बालको को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया। **आरोपी का नाम–** 03 नाबलिग अपचारी बालक। **जप्ती–** एक सोने का मगंलसूत्र, सोने की सात पत्ती, चांदी की एक जोडी पायल, चांदी के हाथ के कंगन, चांदी एक जोडी बिछिया। **सराहनीय कार्य**-निरीक्षक चैनसिंह उइके के नेतृत्व मे सउनि निसार खान, संजय बघेल. प्र. आर. उमेश्वरी चौधरी, आर. नितेश राजपूत, विक्रम देशमुख, कृष्णकुमार भालेकर, हिमेन्द्र सहारे, रवि धुर्वे, अंशुमन राजपूत, मिथलेश सूर्यवंशी, रघुराज यादव।



कुंडली निर्माण, कुंडली मिलान, विवाह मुहूर्त, कुम्भ विवाह, वास्तु परामर्श, वास्तु शान्ति पूजन, पितृदोष, कालसर्प, अन्य ग्रहों की शांति पूजा एवं महामृत्युंजय अनुष्ठान, लक्ष्मी कुबेर अनुष्ठान, भैरव अनुष्ठान आदि के लिये संपर्क करें..

मार्गदर्शक
डॉ. अरविंदचन्द्र तिवारी
एसोसिएट प्रोफेसर कॉमर्स,
ज्योतिष पद्मविभूषण बालाघाट म.प्र.

ग्रहयोग भवन, नर्मदा नगर, शिव मंदिर चौक, बालाघाट
मो. 94251-38638
94067-38800



जग प्रेरणा

# शहर बालाघाट

● गर्रा ● भटेरा ● भरवेली ● हीरापुर ● कोसमी ● नवेगांव ● गोंगलई







दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

मनोज सचदेव
मो. 94258-22975


## रोटरी क्लब को कार्डियक एम्बुलेंस और 3 हजार वर्गफीट जमीन देंगे - प्रभारी मंत्री उदयप्रतापसिंह

### रोटरी क्लब के बालाघाट महोत्सव में पहुंचे प्रभारी मंत्री, सुनाया रोटरी कार्य का अनुभव..

### बालाघाट में रोटरी क्लब ऑफ वैनगंगा के सामाजिक कार्यों से हुए प्रभावित..








जगप्रेरणाा बालाघाट।

***सामाजिक क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहे रोटरी क्लब ऑफ वैनगंगा के बालाघाट महोत्सव में प्रभारी मंत्री उदयप्रतापसिंह, आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे। यहां उन्होंने रोटरी के सेवाभावी कार्यो की सराहना करते हुए***

बालाघाट महोत्सव के सफ्लता की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में सांसद भारती पारधी, पूर्व मंत्री और भाजपा जिलाध्यक्ष रामकिशोर नानू कावरे, विधायक राजकुमार कर्राहे, पूर्व जिलाध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल, प्रवीण मेश्राम, रोटरी क्लब ऑफवैनगंगा अध्यक्ष रोटे. सुकुमार जैन, सचिव रोटे. निलेश पटेल सहित अन्य रोटेरियन साथी मौजूद थे। प्रभारी मंत्री ने रोटरी क्लब ऑफवैनगंगा के बालाघाट महोत्सव को संबोधित करते हुए अपने रोटेरियन कार्यकाल के अनुभवों को साझा किया। उन्होंने बताया कि जब विवेक तन्खा, ड्रिस्टिक्ट गवर्नर हुआ करते थे, तब, उनके कहने पर वह इससे जुड़े और क्लब में रहे।

श्री उदय प्रताप सिंह ने आगे कहा कि रोटरी के माध्यम से सेवा का अवसर मिलता है और जिस तरह से रोटरी क्लब ऑफ वैनगंगा, बालाघाट महोत्सव के माध्यम से व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ाने के साथ ही एक ही जगह पर लोगों को खरीदी, महोत्सव देखने और मनोरंजन का अनुभव करा रहा है, वह, सराहनीय है। प्रभारी मंत्री उदयप्रताप सिंह ने रोटरी क्लब ऑफवैनगंगा के सहायतार्थ प्रकल्प के लिए एक कार्डियक एम्बुलेंस के साथ ही शहर में सहायतार्थ प्रकल्प के लिए 3000 हजार वर्गफीट की जगह देने की घोषणा की। जिसका रोटरी क्लब ऑफ वैनगंगा ने स्वागत कर आभार जताया है। इससे पूर्व बालाघाट महोत्सव में पहुंचे जिले के प्रभारी मंत्री उदयप्रतापसिंह का रोटरी क्लब ऑफवैनगंगा की ओर से पुष्पगुच्छ और मोमेंटो देकर स्वागत और अभिनंदन किया गया।

## निज हाथों में आग लगाकर चलना होगा, कदम मिलाकर चलना होगा.. प्रभारी मंत्री उदय प्रताप सिंह

### बालाघाट में नगर पालिका परिषद के माध्यम से नवनिर्मित अटल उद्यान में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की आदमकद प्रतिमा का प्रभारी मंत्री ने किया अनावरण..





जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष भारती सुरजीत सिंह ठाकुर के विशेष प्रयासों से भाजपा कार्यालय के समीप अटल उद्यान का निर्माण***

किया गया, वहीं भारती ठाकुर के विशेष प्रयासों से ही अटल उद्यान में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेयी की आदमकद प्रतिमा स्थापित की गई, जिसका अनावरण जेसीबी मशीन पर चढ़कर विधिवत प्रभारी मंत्री उदय प्रताप सिंह के हस्ते बालाघाट में आज 06 अप्रैल को किया गया।

इस अवसर पर मध्यप्रदेश शासन के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री तथा बालाघाट जिले के प्रभारी मंत्री उदय प्रताप सिंह ने डीएमएफकी 21 लाख रुपए की राशि से अटल उद्यान के समीप सीसी रोड एवं नाली निर्माण के लिये भूमि पूजन भी किया।

इस अवसर पर प्रमुख रुप से पूर्व पार्षद व सांसद भारती पारधी, विधायक राजकुमार कर्राहे, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती भारती सुरजीत सिंह ठाकुर, पूर्व मंत्री व भाजपा जिलाध्यक्ष रामकिशोर नानो कावरे, गौरीशंकर बिसेन, पूर्व सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन, नगर पालिका उपाध्यक्ष योगेश बिसेन, नगर पालिका के पार्षद, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रमेश रंगलानी, अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। इस अवसर पर प्रमुख रुप से वरिष्ठ भाजपा नेता अभय सेठिया, महेन्द्र सुराना, राजेश पाठक, मोनु पांडे, गणेश अग्रवाल, संजय पप्पु गौतम, हीरासिंह भाटिया, गुलशन भाटिया, शैलेन्द्र शेठी, अरुण राहंगडाले संहित अनेक भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### बोले प्रभारी मंत्री उदय प्रताप सिंह..

अटल उद्यान में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी की आदमकद प्रतिमा का अनावरण करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि यह सौभाग्य का विषय है कि आज भाजपा के स्थापना दिवस पर हम अटल जी की प्रतिमा का अनावरण कर रहे हैं। चूंकि आज हमारी पार्टी की प्रदेश और केन्द्र में हमारी सरकार है। नगर पालिका हमारी है, इसलिये यह अनावरण करना हमारे लिये आसान विषय है, हमने सबने चाहा और उद्यान बन भी गया।

प्रतिमा भी आ गई, और लग भी गई, लेकिन मुझे लगता है कि चुनौती इसके बाद हैं। जिले में हमारे पास सिर्फ दो विधायक हैं, आगामी समय में अटल जी के विचारों पर चलकर हमें पार्टी को मजबूत बनाते हुए बालाघाट संहित जिले की सभी सीटों पर भाजपा का झंडा लहराना है।

प्रभारी मंत्री ने आगे अपने उद्बोधन में अटल जी की कविता भी सुनाई, जिसमें एक एक ऊंगली के साथ हमें मुट्ठी बांधना पड़ेगा। बाधाएं आती है, और निज हाथों में आग लगाकर चलना होगा, कदम मिलाकर चलना होगा इस कविता का पठन करके अटल जी के विचारों को प्रवाहित करने का प्रयास किया, जिस पर सभी ने तालियों की गड़गड़ाहट से प्रभारी मंत्री के विचारों और उद्बोधन की सराहना की।

### बोले रामकिशोर कावरे..

भाजपा जिलाअध्यक्ष रामकिशोर कावरे ने अपने उद्बोधन में भाजपा की स्थापना से लेकर इमरजेंसी से लेकर बीते 47 सालों में भाजपा के संघर्ष और राष्ट्र के लिये समर्पित होकर कार्य करने के लिये अटल जी, पंडित दिनदयाल उपाध्याय, श्यामाप्रसाद मुखर्जी आदि के बलिदान और तपस्या को याद किया, तो वहीं कहा कि आज भाजपा संगठन विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के रुप में स्थापित हुई क्योंकि भाजपा ने हर हाल में कार्यकर्ताओं और आम जनता के बीच सतत कार्य करते हुए विचारों से समझौता नहीं किया।

### बोली भारती ठाकुर..

अटल उद्यान के लोकार्पण एवं स्व. अटल जी की प्रतिमा के अनावरण पर नगर पालिका अध्यक्ष भारती सुरजीत सिंह ठाकुर ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि हमारे कार्यकाल में नगर पालिका परिषद के माध्यम से इस अटल उद्यान का निर्माण किया गया है, तथा अटल जी की प्रतिमा का अनावरण भी आज हो रहा है।

भारती ठाकुर ने आगे कहा कि अटल जी की यह आदमकद प्रतिमा उद्यान में आने वाले बच्चों से लेकर जन जन को प्रेरणा देगी, और अटल जी के संघर्ष को जान सकेगी। भारती ठाकुर ने इस उद्यान के निर्माण के लिये पार्टी के सभी वरिष्ठजनों के प्रति आभार भी व्यक्त किया।

## पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय बालाघाट में 'पुस्तक उपहार महोत्सव' का हुआ आयोजन










जगप्रेरणा बालाघाट।

***पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय बालाघाट में ÷पुस्तक उपहार महोत्सव÷ का भव्य और सफ्ल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर इसे यादगार बना दिया। कार्यक्रम***

का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना और ज्ञान साझा करने की भावना को प्रोत्साहित करना रहा। महोत्सव के दौरान विद्यार्थियों ने अपनी पुरानी लेकिन उपयोगी पुस्तकों का दान किया। विद्यालय परिसर में बड़ी संख्या में पुस्तकों का संग्रह किया गया, जिन्हें जरूरतमंद छात्रों तक पहुंचाया जाएगा।

इस पहल में छात्र-छात्राओं के साथ-साथ शिक्षकों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम स्थल पर लगाए गए बैनर के माध्यम से ÷पुस्तक उपहार महोत्सव÷ का संदेश दिया गया, जिसमें पुस्तक दान को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ा गया। शिक्षकों ने बताया कि पुस्तकों के पुनः उपयोग से कागज की बचत होती है, जिससे पेड़ों की कटाई कम होती है और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में मदद मिलती है। विद्यालय के प्राचार्य अरुण कुमार तुमसरे ने अपने संबोधन में कहा कि पुस्तकें ज्ञान का अमूल्य स्त्रोत हैं और इन्हें साझा करने से समाज में शिक्षा का प्रसार होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित रूप से पढ़ने और पुस्तकों को जरूरतमंदों तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए और पुस्तक दान को सामाजिक जिम्मेदारी बताते हुए इसके महत्व पर प्रकाश डाला। ÷पुस्तक उपहार महोत्सव÷ के माध्यम से विद्यालय ने यह संदेश दिया कि छोटे-छोटे प्रयासों से न केवल पर्यावरण की रक्षा की जा सकती है, बल्कि समाज में ज्ञान का प्रकाश भी फैलाया जा सकता है। विद्यालय प्रशासन ने भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प लिया।

## बाल विवाह रोकथाम के लिए विवाह से जुड़ी सेवाएं देने वालों से अपील..

### बाल विवाह में सहयोगी बनने वालों पर भी दर्ज होगा प्रकरण..

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

आगामी 20 अप्रैल को ''अक्षय तृतीया'' के अवसर पर बाल विवाह की संभावनाओं को रोकने के उद्देश्य से विवाह से संबंधित सभी सेवा प्रदाताओं से विशेष अपील की गई है। बालाघाट जिले के विवाह से जुड़ी सभी सेवाएं देने वाले पंडित, धर्मगुरु, होटल, केटरर, टेंट हाउस संचालक, बैंड-बाजा वाले, ब्युटी पार्लर, घोड़ी-बग्गी संचालक, मैरिज गार्डन मालिक, छायाकार, स्टूडियो संचालक एवं अन्य आयोजकों से अनुरोध किया गया है कि वे विवाह से पूर्व बालक-बालिका की आयु का सत्यापन अवश्य करें। यदि उनकी बाल विवाह में किसी भी तरह की सहभागिता पायी जायेगी तो उनके विरूद्ध भी आपराधिक प्रकरण दर्ज किया जायेगा।

महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती दीपमाला मंगोदिया ने बताया कि 18 वर्ष से कम आयु की बालिका एवं 21 वर्ष से कम आयु के बालक का विवाह बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत अपराध की श्रेणी में आता है। ऐसे विवाह न केवल कानूनन वर्जित हैं, बल्कि बालिकाओं के स्वास्थ्य एवं शिक्षा पर भी विपरीत प्रभाव डालते हैं। उन्होने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे समाज में बाल विवाह जैसी कुप्रथाओं को समाप्त करने में प्रशासन का सहयोग करें तथा किसी भी बाल विवाह की सूचना तत्काल संबंधित विभाग को दें। साथ ही, बाल विवाह की सूचना प्राप्त होने पर किसी भी व्यक्ति द्वारा किशोर न्याय अधिनियम 2015 एवं बाल संरक्षण अधिनियम 2016 के तहत शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। ग्रामीण क्षेत्रों में संबंधित ग्राम पंचायत सचिव, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, प्रधानाध्यापक एवं थाने में शिकायत की जा सकती है, जबकि शहरी क्षेत्रों में यह सूचना वार्ड स्तर पर बाल संरक्षण समिति, पर्यवेक्षक महिला एवं बाल विकास, विद्यालय प्रधानाध्यापक, स्वास्थ्य कार्यकर्ता अथवा थाना प्रभारी को दी जा सकती है। इसके अलावा अध्यक्ष अथवा सदस्य बाल कल्याण समिति, कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, कलेक्ट्रेट, परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास परियोजना में भी की जा सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक 08 अप्रैल को..

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

जिला जल एवं स्वच्छता मिशन (ष्ठङ्ख्रस्रू) एवं जल जीवन मिशन की बैठक 08 अप्रैल प्रातः 11 बजे कलेक्टर श्री मृणाल मीना की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। इस बैठक में जल जीवन मिशन के अंतर्गत जिले में संचालित विभिन्न कार्यों की प्रगति की विस्तृत से समीक्षा की जाएगी। साथ ही, लंबित एवं प्रगतिरत कार्यों को समयसीमा में पूर्ण करने हेतु आवश्यक सुझाव एवं दिशा-निर्देश भी दिए जाएंगे।

बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी एवं हितधारकों को आमंत्रित किया गया है, ताकि योजना के क्रियान्वयन को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके तथा जिले में स्वच्छ जल उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके।

### राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय की परीक्षाएं स्थगित, नई तिथि घोषित

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय द्वारा सत्र 2025-26 में राष्ट्रीय नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत आयोजित स्नातक पाठ्यक्रमों की परीक्षाओं को अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है। जारी अधिसूचना के अनुसार बी.ए., बी.कॉम., बी.एससी., बी.एचएससी., बी.सीए. एवं बी.बीए. के द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की परीक्षाएं जो 07 अप्रैल 2026 एवं 08 अप्रैल 2026 से प्रारंभ होने वाली थीं, अब निर्धारित तिथियों पर आयोजित नहीं होंगी।

विश्वविद्यालय प्रशासन ने बताया कि संशोधित समय सारणी के अनुसार तृतीय वर्ष की परीक्षाएं अब 16 अप्रैल 2026 से प्रारंभ होंगी, जबकि द्वितीय वर्ष की परीक्षाएं 17 अप्रैल 2026 से आयोजित की जाएंगी। छात्र-छात्राओं से अपील की गई है कि वे नई समय सारणी के अनुसार अपनी तैयारी जारी रखें और अद्यतन जानकारी के लिए विश्वविद्यालय की आधिकारिक सूचनाओं पर नजर बनाए रखें।


मान्यता ऑटो पार्ट्स



सभी प्रकार की टू-व्हीलर गाड़ियों के स्पेयर पार्ट्स मिलते हैं एवं गाड़ियाँ सुधारी जाती है।

Hero BAJAJ HONDA TVS

मनीष वर्मा
मो. 9425448126

वार्ड नं. 17, महाराणा प्रताप चौक, शाह कॉम्पलेक्स, बालाघाट (म.प्र.)



आवश्यकता है..

ऑफिस एकाउंट / ऑडिट कार्य हेतु 10वी., 12वी, बी.काम. प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण युवक/ युवती की आवश्यकता है।

संपर्क - शाम 5.00 से 8.00।

बाघरेचा तिजारे एंड एसोसिएट्स, श्याम टॉकीज एंड मॉल, मेन रोड, बालाघाट (म.प्र.)
संपर्क - 9244872544/9201340520



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

संजना मोनु बर्वे उकवा

मो. 74156-52935

जग प्रेरणा

# लालबर्रा / बैहर / परसवाडा

● कनकी ● बेहरई ● खमरिया ● मोहगांव धपेरा ● जाम ● कंजई ● नेवरगांव ● उकवा ● मलाजखंड ● लामटा ● चांगोटोला ● समनापुर

## जल सेवा समागम के तहत निबंध लेखन व रैली आयोजित, जल संरक्षण का दिया संदेश

संजना मोनू बर्वे, जगप्रेरणा उकवा।

***कलेक्टर श्री मृणाल मीणा एवं मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 के अंतर्गत***





विकासखंड बैहर में जल संरक्षण को लेकर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। शासकीय अरण्य भारती महाविद्यालय बैहर में अध्ययनरत मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के छात्रों द्वारा जल सेवा समागम द्वितीय चरण के तहत निबंध लेखन प्रतियोगिता एवं जागरूकता रैली का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण स्तर पर जल स्त्रोतों के पुनरुद्धार एवं जल संचयन के प्रति जन-जागरूकता फैलाना रहा। परामर्शदाताओं के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर आयोजित जल संगोष्ठी को संबोधित करते हुए शिवनाथ यादव ने कहा कि जल संकट से निपटने का एकमात्र उपाय जल का सही प्रबंधन और संवर्धन है। उन्होंने ग्रामीणों से वर्षा जल संचयन की तकनीकों को अपनाने की अपील की। संगोष्ठी के पश्चात छात्रों ने ग्राम के प्रमुख मार्गों पर रैली निकालकर 'जल है तो कल है' जैसे प्रेरक नारों के माध्यम से लोगों को जल संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनसमुदाय को जल संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति समर्पित रहने का सामूहिक संकल्प दिलाया गया।

कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक महेश पटले, परामर्शदाता शिवनाथ यादव, सुरेश यादव, भंवरसिंह मेरावी, आकांक्षा तेकाम समाज सेवी संदीप गजभिये, अभय यादव, विमल भावे, ज्योति कुर्वेती, मोनिका ठाकरे, अर्पिता यादव, शिवानी शिवहरे, साक्षी दुबे, निकिता ठाकरे, संदीप बिसेन, आरती कुशरे, सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। ग्रामवासियों ने अभियान की सराहना करते हुए भविष्य में भी जल संवर्धन गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी का भरोसा दिया।

## प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने मलाजखंड में बेल तालाब के जीर्णोद्धार कार्य का किया शुभारंभ

### जीर्णोद्धार कार्य से बेल तालाब को मिलेगा आकर्षक स्वरूप

जगप्रेरणा मलाजखंड।

***मध्यप्रदेश शासन के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री तथा बालाघाट जिले के प्रभारी मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह ने 06 अप्रैल को बालाघाट जिले के प्रवास के दौरान जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत मलाजखंड में बेल तालाब के जीर्णोद्धार कार्य का शुभारंभ किया।***









इस अवसर पर उन्होंने तालाब के सौन्दर्यीकरण के लिए तालाब की पार पर पौधारोपण भी किया। इस दौरान बालाघाट-सिवनी लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती भारती पारधी, नगर पालिका मलाजखंड के अध्यक्ष श्री मानसिंह मरावी, श्री गुड्डा मरकाम, अपर कलेक्टर श्री डी पी बर्मन, बैहर एसडीएम श्री अर्पित गुप्ता, बिरसा तहसीलदार श्री आदित्य नारायण तिवारी, नगर पालिका के पार्षद, मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री दिनेश बाघमारे, अन्य गणमान्य नागरिक एवं बडी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने इस अवसर पर उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में एक नई कार्यपद्धति विकसित हुई है और परिणाममूलक अभियान प्रारंभ किये गये हैं। जिनके अच्छे परिणाम भी सामने आ रहे हैं। स्वच्छ भारत अभियान से देश में स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संचार हुआ है और हर घर में शौचालय बने हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना में आवासहीन लोगों के पक्के घर बनाये जा रहे हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान से पेयजल, सिंचाई एवं अन्य कार्यों के लिए जल संरक्षण के कार्य किये जा रहे हैं। यह सभी कार्य आम आदमी के जीवन को प्रभावित करते हैं और इससे उनके जीवनस्तर में सुधार हो रहा है।

प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने मलाजखंड के बेल तालाब के जीर्णोद्धार कार्य की सराहना करते हुए कहा कि इससे इस नगरीय क्षेत्र में जल संरक्षण में मदद मिलेगी और नगर का सौन्दर्यीकरण भी होगा। उन्होंने कहा कि इस तालाब की पार पर अधिक संख्या में पौधारोपण किया जाये और उनकी सुरक्षा के इंतजाम किये जायें। मलाजखंड के बेल तालाब का जीर्णोद्धार एवं सौन्दर्यीकरण होने से यहां के लोगों को सुबह की सैर करने के लिए एक अच्छा स्थान एवं शुद्ध प्राकृतिक वातावरण सुलभ होगा, जो आमजन की सेहत को भी प्रभावित करेगा। प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने कहा कि मलाजखंड में ऐसे और भी तालाबों का जीर्णोद्धार किया जाये और उसमें आमजन की सहभागिता सुनिश्चित की जाये।

प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने सांसद श्रीमती भारती पारधी की सराहना करते हुए कहा कि वे सांसद की जिम्मेदारियों का अच्छे से निर्वहन कर रही हैं और आम जनता से जुड़ी हुई हैं। उन्होंने बालाघाट जिला प्रशासन की सराहना करते हुए कहा कि यहां पर प्रशासन द्वारा नवाचार किये जा रहे हैं और युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए अच्छी पहल की गई है, जिससे हजारों की संख्या में युवाओं को देश की प्रतिष्ठित कंपनियों में काम करने का अवसर मिल रहा है। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि जनप्रतिनिधि और अधिकारी कर्मचारी प्रजातंत्र के दो पहिये हैं। इन्हें समर्पण भाव के साथ एक दूसरे से मिल कर काम करना चाहिए, तभी शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन होगा।

सांसद श्रीमती भारती पारधी ने इस अवसर पर उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की पहल पर सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के अंतर्गत मलाजखंड के बेल तालाब के जीर्णोद्धार का कार्य शुरू किया जा रहा है। मलाजखंड का बेल तालाब एक सुंदर एवं आकर्षक स्थान है। यह मार्निंग वाक करने वालों के लिए एक अच्छा स्थान है। इस तालाब के सौन्दर्यीकरण के लिए पौधारोपण किया जाये और उनकी सुरक्षा के पूरे इंतजाम किये जायें। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण का यह अभियान हमारी आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। हम सबकों को पानी की एक-एक बूंद को बचाने का जतन करना होगा, तभी हमें पीने के लिए, सिंचाई के लिए एवं अन्यर कार्यों के लिए पानी मिल सकेगा। हम सभी पानी की एक-एक बूंद को बचाने का संकल्प करें और इसे व्यर्थ न बहने दें।

मलाजखंड के बेल तालाब के जीर्णोद्धार कार्य के शुभारंभ अवसर पर प्रभारी मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह, सांसद श्रीमती भारती पारधी, नगर पालिका अध्यक्ष श्री मानसिंह मरावी, अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों द्वारा तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम का संचालन सेवानिवृत्त प्राचार्य श्री ललित मिश्रा द्वारा किया गया।

जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत नगर पालिका परिषद मलाजखंड द्वारा 09 तालाबों के जीर्णोद्धार एवं गहरीकरण का कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही 60 कुओं की सफाई की जा रही है। नगरीय क्षेत्र में 341 शासकीय एवं 1500 अशासकीय भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग का कार्य किया जा रहा है। इसके अलावा 02 नाले एवं 22 नालियों की सफाई एवं संरक्षण का कार्य लिया गया है। नगर पालिका द्वारा 20 स्थानों पर प्याऊ की व्यवस्था की गई है। हरित क्षेत्र विकास के अंतर्गत वार्ड क्रमांक-08, बंजारी टोला एवं वार्ड क्रमांक 17 में लॉन डेवलपमेंट, थाना चौक मलाजखंड, केंद्रीय विद्यालय मोहगांव चौराहा एवं लोरा रोड के दोनो ओर सौंदर्यीकरण का कार्य किया जा रहा है। यह सभी कार्य 30 जून तक पूर्ण कर लिये जाएंगे।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत बोरीखेड़ा लघु जलाशय की पार पर पिचिंग व रेनकट सुधार कार्य शुरू





जगप्रेरणा बालाघाट।

***जल संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत बोरीखेड़ा लघु जलाशय की पार पर पिचिंग एवं रेनकट्स के सुधार का कार्य प्रारंभ किया गया है। इस कार्य से जलाशय की संरचना को मजबूती मिलने के***

साथ-साथ वर्षा जल के संरक्षण में भी महत्वपूर्ण मदद मिलेगी। वैनगंगा संभाग के कार्यपालन यंत्री श्री योगेन्द्र सिंह ठाकुर ने बताया कि जलाशय की पार पर पिचिंग कार्य के माध्यम से मिट्टी के कटाव को रोका जा रहा है, जिससे जलाशय की दीर्घायु बढ़ेगी।

वहीं रेनकट्स (बारिश के पानी से बने गड्ढों/कटाव) के सुधार कार्य से पार को सुरक्षित किया जा रहा है, ताकि बरसात के दौरान होने वाले नुकसान को रोका जा सके। इस कार्य में स्थानीय ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिल रही है। ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधि, ग्रामीणजन एवं संबंधित विभाग के अधिकारी मिलकर श्रमदान एवं तकनीकी सहयोग से कार्य को गति दे रहे हैं।

विशेषज्ञों के अनुसार इस तरह के संरक्षण कार्यों से जलाशय की जलधारण क्षमता बढ़ेगी, जिससे आसपास के क्षेत्रों में सिंचाई सुविधा बेहतर होगी और भूजल स्तर में भी सुधार आएगा।

साथ ही यह कार्य जल गंगा संवर्धन अभियान के उद्देश्यों को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

अधिकारियों ने बताया कि आगामी समय में भी ऐसे जल संरचनाओं के संरक्षण एवं सुधार कार्य जारी रहेंगे, जिससे क्षेत्र में जल संकट की समस्या को कम किया जा सके और ग्रामीणों को स्थायी जल उपलब्धता सुनिश्चित हो सके।

## एफ. एल.एन. कार्यक्रम में लापरवाही पर सख्ती, 8 शिक्षकों को नोटिस - वेतन कटौती प्रस्तावित..

जगप्रेरणा बैहर।

***बालाघाट जिले के बैहर अनुविभाग अंतर्गत शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला कम्पाउंडरटोला में निरीक्षण के दौरान शैक्षणिक लापरवाही का गंभीर मामला सामने आया है।***







दिनांक 06 अप्रैल 2026 को एसडीएम बैहर श्री अर्पित गुप्ता द्वारा विद्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि एफएल.एन. **(Foundational Literacy and Numeracy)** कार्यक्रम के क्रियान्वयन में गंभीर अनियमितताएं हैं।

पूर्व में आयोजित टी.एल. बैठक में दिए गए निर्देशों के बावजूद अंग्रेजी, गणित एवं हिन्दी विषयों में कमजोर विद्यार्थियों के लिए अतिरिक्त कक्षाएं संचालित नहीं की जा रही थीं। आश्चर्यजनक रूप से उपस्थित शिक्षकों को इन निर्देशों की जानकारी तक नहीं थी, जिससे जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही उजागर हुई। इसके अलावा निरीक्षण के समय विद्यार्थी भोजन अवकाश समाप्त होने के एक घंटे बाद भी विद्यालय परिसर में खेलते पाए गए, जबकि शिक्षक आपस में बातचीत में व्यस्त थे। यह स्थिति विद्यालय में अनुशासनहीनता को दर्शाती है।


मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम बैहर ने विकास खंड शिक्षा अधिकारी एवं बी.आर.सी. बैहर को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। साथ ही, शाला के 8 शिक्षकों को शैक्षणिक दायित्वों के प्रति लापरवाही और अनुशासनहीनता के आरोप में अलग-अलग कारण बताओ नोटिस दिए गए हैं।

संबंधित शिक्षकों के दिनांक 06 अप्रैल 2026 के वेतन कटौती का प्रस्ताव भी किया गया है। एसडीएम श्री गुप्ता ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि एफएल.एन. कार्यक्रम का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए और विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर में सुधार हेतु तत्काल आवश्यक कदम उठाए जाएं। भविष्य में इस प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई।

## श्री खेमेश्वर प्रसाद ब्रम्हें जी का दुखद निधन..

जगप्रेरणा बैहर।

***वार्ड नं. 4 नरसिंग टोला बैहर के सामाजिक कार्यकर्ता-श्री खेमेश्वर प्रसाद ब्रम्हें जी दुखद निधन हुआ। जिनका दाह संस्कार वार्ड नं. 4 के मोक्ष धाम में किया गया।***



भारी संख्या में परिवार जन एवं बैहर के गणमान्य गण उनकी शव यात्रा में शामिल हुये। दाह संस्कार के पश्चात् 2 मिनिट का मौन धारण कर उनकी आत्मा को श्रृद्धांजलि दी गई। आपके दोनों बेटे-दिनेश ब्रम्हें, सुनील ब्रम्हें ने भी काफी समय तक पत्रकारिता में सराहनीय भूमिका निभाई। आपने भी उनके कार्य में सहयोग किया। सभी ने उनकी आत्म शांति हेतु प्रार्थना की गई।

## जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक 08 अप्रैल को..

जगप्रेरणा बालाघाट।

जिला जल एवं स्वच्छता मिशन **(DWSM)** एवं जल जीवन मिशन की बैठक 08 अप्रैल प्रातः 11 बजे कलेक्टर श्री मृणाल मीना की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। इस बैठक में जल जीवन मिशन के अंतर्गत जिले में संचालित विभिन्न कार्यों की प्रगति की विस्तृत से समीक्षा की जाएगी। साथ ही, लंबित एवं प्रगतिरत कार्यों को समयसीमा में पूर्ण करने हेतु आवश्यक सुझाव एवं दिशा-निर्देश भी दिए जाएंगे। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी एवं हितधारकों को आमंत्रित किया गया है, ताकि योजना के क्रियान्वयन को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके तथा जिले में स्वच्छ जल उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके।

## राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय की परीक्षाएं स्थगित, नई तिथि घोषित..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय द्वारा सत्र 2025-26 में राष्ट्रीय नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत आयोजित स्नातक पाठ्यक्रमों की परीक्षाओं को अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है।***

जारी अधिसूचना के अनुसार बी.ए., बी.कॉम., बी.एससी., बी.एचएससी., बी.सीए. एवं बी.बीए. के द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की परीक्षाएं जो 07 अप्रैल 2026 एवं 08 अप्रैल 2026 से प्रारंभ होने वाली थीं, अब निर्धारित तिथियों पर आयोजित नहीं होंगी।

विश्वविद्यालय प्रशासन ने बताया कि संशोधित समय सारणी के अनुसार तृतीय वर्ष की परीक्षाएं अब 16 अप्रैल 2026 से प्रारंभ होंगी, जबकि द्वितीय वर्ष की परीक्षाएं 17 अप्रैल 2026 से आयोजित की जाएंगी। छात्र-छात्राओं से अपील की गई है कि वे नई समय सारणी के अनुसार अपनी तैयारी जारी रखें और अद्यतन जानकारी के लिए विश्वविद्यालय की आधिकारिक सूचनाओं पर नजर बनाए रखें।













दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

गौरव अग्रवाल कटंगी

मो. 7974944900


# विधायक गौरव पारधी ने कटेरा, भजियापार और घुनाडी में किया विकास कार्यों का भूमिपूजन

जगप्रेरणा कटंगी।

***विधानसभा क्षेत्र के कई ग्रामों में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में कार्य किए जा रहे हैं। इन कार्यों की औपचारिक शुरुआत क्षेत्रीय विधायक गौरव पारधी द्वारा भूमि पूजन कर की गई।***







ग्राम कटेरा, भजियापार और घुनाडी में हुए भूमिपूजन कार्यक्रमों को ग्रामीणों ने विकास की पहल के रूप में स्वागत किया।

## ग्राम कटेरा में सीसी रोड का भूमिपूजन

ग्राम कटेरा में विधायक गौरव पारधी ने 12.96 लाख रुपये की लागत से बनने वाली सीसी रोड का भूमिपूजन किया। ग्रामीणों ने बताया कि लंबे समय से इस सुविधा की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। भूमि पूजन कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कविता अरविंद देशमुख, जिला पंचायत सदस्य केशर बिसेन, पूर्व अध्यक्ष नगर परिषद कटंगी मेष देशमुख, पूर्व मंडी अध्यक्ष श्रीमती भागेश्वरी तुरकर, मंडल अध्यक्ष भाजपा सौरभ ठाकरे, जनपद सदस्य सुकचद पटले, मंडल अध्यक्ष किसान मोर्चा भाजपा जुगराज पटले, मनोज पालीवाल, हुकुमचंद पटले, सरपंच श्रीमती बिन्दु संजय येरपुडे, उपसरपंच महेश चौहान, डिपेन्द ठाकरे, भूपेंद्र पटले, अमजद खान, अवलेश पारधी, रोहित पटले, सरपंच उजाडबोपली नत्थुलाल पटले, दुर्गेश पटले, नवदीश पटले, उपस्थित रहे।

## भजियापार में सीसी रोड निर्माण कार्य का शुभारंभ

इसी कड़ी में ग्राम भजियापार में 10 लाख रुपये की लागत से बनने वाली सीसी रोड का भूमिपूजन किया गया। ग्रामीणों ने इसे ग्राम की आवश्यकता के अनुरूप महत्वपूर्ण कार्य बताया और विधायक के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कविता अरविंद देशमुख, जिला पंचायत सदस्य केशर बिसेन, पूर्व अध्यक्ष नगर परिषद कटंगी मेष देशमुख, पूर्व मंडी अध्यक्ष श्रीमती भागेश्वरी तुरकर, मंडल अध्यक्ष भाजपा सौरभ ठाकरे, जनपद सदस्य श्रीमती बबीता ओमप्रकाश वरकड़े, मंडल अध्यक्ष किसान मोर्चा भाजपा जुगराज पटले, मनोज संतोष सोनवाने, अध्यक्षता श्रीमती कुन्ता जनकसिंह ठाकरे, उपसरपंच मानसिंह मडावी, देवकरण कावरे, गौतम शिंदे, केवलराम रहांगडाले, गणेश पटले, लेखराम चौधरी, नानाजी बिसेन, प्रभुदयाल बिसेन, मितेश पटले एवं अन्य अतिथिगण व ग्रामीण उपस्थित रहे।।

## घुनाडी में सीसी रोड का भूमिपूजन

ग्राम पंचायत घुनाडी में 11.92 लाख रुपये की लागत से बनने वाली सीसी रोड का भूमिपूजन विधायक गौरव सिंह पारधी द्वारा किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कविता अरविंद देशमुख, जिला पंचायत सदस्य केशर बिसेन, पूर्व अध्यक्ष नगर परिषद कटंगी मेष देशमुख, पूर्व मंडी अध्यक्ष श्रीमती भागेश्वरी तुरकर, मंडल अध्यक्ष भाजपा सौरभ ठाकरे, जनपद सदस्य श्रीमती बबीता ओमप्रकाश वरकड़े, मंडल अध्यक्ष किसान मोर्चा भाजपा जुगराज पटले, पूर्व सरपंच श्रीमती आशा जितेंद्र पटले, अध्यक्षता कपूर पटले, उपसरपंच शैलेन्द्र चचाने, देवकरण कावरे, खिलेंद्र पटले एवं अन्य अतिथिगण व ग्रामीण उपस्थित रहे।

## जन-आवश्यकताओं के अनुसार हो रहे विकास कार्य - गौरव पारधी

इस अवसर पर विधायक गौरव सिंह पारधी ने कहा कि क्षेत्र में ऐसे कार्य प्राथमिकता से किए जा रहे हैं जो सीधे आमजन की आवश्यकताओं को पूरा करें। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए प्रयास लगातार जारी रहेंगे और ग्रामीणों के सहयोग से इन कार्यों को और गति मिलेगी।

# पांच वर्षो से फरार पांच हजार का ईनामी आरोपी गिरफ्तार..

जगप्रेरणा वारासिवनी।

***थाना वारासिवनी क्षेत्र के सूचनाकर्ता के थाना वारासिवनी में दिनांक 14/01/2021 को रिपोर्ट लेख कराई कि उसकी 17 वर्षीय नाबालिंग लड़की को कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर भगा कर ले गया है।***



थाना वारासिवनी में धारा 363 ताहि का अपराध पंजीबद्ध किया गया एवं अपहता बालिका एवं आरोपी की तलाश की गई। तलाश के दौरान अपह्त बालिका दिनांक 02/03/2021 को ग्वालियर में दस्तयाब हुई। उपरांत अपहेत बालिका के कथन के आधार पर प्रकरण में बलात्कार, पॉक्सो एक्ट और अनुसूचित जाति / जन जाति की धाराओ का इजाफा किया गया । और सह आरोपी को गिरफ्तार किया गया था । बालिका द्वारा बताया गया था कि मुख्य आरोपी अक्षय देवारे ने मुझे रेल्वे स्टेशन पर छोड़कर भाग गया था । पुलिस उसे तभी से तलाश कर रही थी । किन्तु वह बड़ी चालाकी से अपने मोबाईल नम्बरो को बदलकर महाराष्ट्र के अलग-अलग शहरो में रहता था ताकि पुलिस उसे पकड़ न सके । वरिष्ठ अधिकारियो द्वारा उक्त आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार करने के निर्देश दिये थे एवं श्रीमान पुलिस अधीक्षक बालाघाट द्वारा उसे पकड़वाने वाले को 5000/ रुपये का ईनाम भी उद्घोषित किया गया था। प्रकरण की विवेचना एवं आरोपी की तलाश थाना अजाक द्वारा की जा रही थी ।पतारसी के दौरान आरोपी को उसके घर एवं रिस्तेदारो में कई बार तलाश किया गया किन्तु आरोपी अक्षय देवारे नही मिलता था न ही उसके संबंध में कोई जानकारी मिलती थी। तलाश के दौरान दिनांक 05/04/2026 को जानकारी मिली कि ग्राम मोहगांव थाना रामपायली में आरोपी के रिस्तेदार के घर एक व्यक्ति देखा गया है। सूचना की दस्दीक तत्काल पुलिस टीम द्वारा ग्राम मोहगांव पहुच कर घर की घेराबन्दी कर बाहरी व्यक्ति की दस्दीक की गई। दस्दीक कर वह आरोपी अक्षय देवारे होना पाया गया। तब आरोपी से पूछताछ कर उसे गिरफ्तार किया गया। आरोपी से पूछताछ आदि कार्यवाही कर उसे माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। माननीय न्यायालय द्वारा जेल वारंट बनाने पर आरोपी जेल दाखिल किया गया। उक्त आरोपी की गिरफ्तारी में निरी. ब्रजेश कुमार, प्रआर. 796 रमेश उके, आर. 28 शैलेष गौतम, महिला आर.355 रितु ठेकवार एवं चालक प्रआर. 362 चन्द्र कुमार तिवारी थाना अजाक की मुख्य भूमिका रही।


**व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..**

**बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो। 93290 33433 को किसी भी ग्रुप में जोड़ा जा सकता है।**


# कटंगी में ग्राम पंचायत सचिवों को दिया गया जल परीक्षण का प्रशिक्षण

जगप्रेरणा कटंगी।

***जल गंगा संवर्धन गतिविधि के अंतर्गत जनपद पंचायत कटंगी में मंगलवार को ग्राम पंचायत सचिवों के लिए जल परीक्षण का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जल जीवन मिशन के तहत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग***





(क्काश्वष्ठ) बालाघाट द्वारा आयोजित इस प्रशिक्षण में क्षेत्र के सभी पंचायत सचिवों ने भाग लिया। कार्यक्रम मुख्य कार्यपालन अधिकारी गायत्री कुमार सारथी की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस दौरान लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी उपखंड कटंगी के केमिस्ट द्वारा सचिवों को फील्ड टेस्ट किट (स्नक्रञ्ज) के माध्यम से जल गुणवत्ता जांच का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में जल जनित बीमारियों की रोकथाम और जल गुणवत्ता की नियमित निगरानी को सुदृढ़ करना है। अधिकारियों ने बताया कि स्नक्रञ्ज किट के उपयोग से अब मौके पर ही पानी की शुद्धता की जांच संभव हो गई है। प्रशिक्षण के दौरान सचिवों को स्नक्रञ्ज किट के उपयोग की विधि समझाई गई तथा पानी में फ्लोराइड, नाइट्रेट, आयरन, पीएच और बैक्टीरिया जैसी अशुद्धियों की पहचान करना सिखाया गया। साथ ही निर्देश दिए गए कि प्रत्येक पेयजल स्त्रोत की वर्ष में कम से कम दो बार रासायनिक एवं जीवाणु संबंधी जांच अनिवार्य रूप से की जाए। सचिवों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि वे अपने-अपने ग्राम की जल एवं स्वच्छता समिति के साथ मिलकर पेयजल स्त्रोतों की नियमित जांच सुनिश्चित करेंगे।

सीईओ श्री सारथी ने अपने संबोधन में कहा कि ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। उन्होंने सभी सचिवों को निर्देश दिए कि स्कूलों, आंगनबाड़ियों और सार्वजनिक नलों के पानी की समय-समय पर जांच कर जलजनित बीमारियों की रोकथाम सुनिश्चित करें। इस अवसर पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के एसडीओ जितेन्द्र कारमेघे और उपयंत्री विनोद कुमरे ने स्नक्रञ्ज किट को गांव स्तर पर जल गुणवत्ता जांच का सरल एवं प्रभावी माध्यम बताया। प्रशिक्षण में केमिस्ट सीमा मेश्राम, मीना राहंगडाले, नेमसिंह मर्सकोले तथा विकासखंड समन्वयक मोहिनी पटले सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान कुछ ग्राम पंचायत सचिवों ने मौके पर ही जल परीक्षण कर उसकी प्रक्रिया का प्रदर्शन भी किया, जिससे उन्हें व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हुआ।

# भाजपा के कार्यक्रम मे प्रदीप जायसवाल ने पार्टी लाईन से परे कार्य करने वालो को चेताते हुये कहा की हजारो कार्यकर्ताओ की मेहनत पर नही फेरने दिया जायेगा पानी..

## भाजपा कार्यालय सहित नगर मंडल के सभी 60 बूथो पर जवाबदेही के साथ मनाया गया भाजपा स्थापना दिवस..









जगप्रेरणा वारासिवनी।

भारतीय जनता पार्टी का 47वां स्थापना दिवस आज भाजपा कार्यालय में अत्यंत गरिमामय और उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर पार्टी की रीति-नीति और विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया गया।

कार्यक्रम मे पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ने पार्टी लाईन से प्रथक कार्य करने वालो को शिकायत मिलने के उपरांत जमकर आडे हाथो लेते हुये पारिवारिक माहौल मे स्पष्ट कहा की व्यक्तिगत विरोध के कारण ऐसे लोगो को हजारो कार्यकर्ताओ की भावनाओ को आहत नही करने दिया जायेगा।

## वैचारिक अधिष्ठान के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ..

'कार्यक्रम की शुरुआत भाजपा की गौरवशाली परंपरा के अनुरूप हुई। पूर्व केबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल एवं भाजपा पदाधिकारीयो सहित कार्यकर्ताओ ने भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय और भारत माता के तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया।

## संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारीगण भी रहे उपस्थित..

कार्यक्रम मे अतिथी के रूप मे पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल के साथ जिला उपाध्यक्ष किशोर अमूले, जिला मंत्री श्रीमती रेखा गोखले,नगर मंडल अध्यक्ष संदीप मिश्रा, वरिष्ठ नेता चिरौजी पारधी, शक्तिकेन्द्र प्रभारी पप्पू हरिनखेडे, पूर्व नपा अध्यक्ष श्रीमती स्मिता जायसवाल आदि मंचासीन भी रही। आभार प्रदर्शन नगर मंडल के पदाधिकारी दीपक जैन के द्वारा कुशलता के साथ किया गया।

## हजारो कार्यकर्ताओ की मेहनत पर नही आने दी जायेगी आंच..

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व केबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल ने पार्टी के गौरवशाली इतिहास, उपलब्धियों और भावी लक्ष्यों पर प्रकाश डाला। साथ ही उन्होने पार्टी लाईन से प्रथक कार्य करने चंद लोगो को आडे हाथो लेते हुये कहा की कुछ भी हो जाये पार्टी की नीति व सिद्वांत ही सबके लिये सर्वोपरि है। जब तक प्रदेश की राजधानी भोपाल मे हमारा प्रतिनिधित्व नही होगा।

हम छोटे पदो को पाकर भी जनता की उम्मीदो पर खरा नही उतर सकते है। जैसे की एक टांसफार्मर अनेको जगह रोशनी प्रदान करता है। शिकायतो के मिलने के बाद उन्होने चंद लोगो को बगैर नाम लिये हिदायत देते हुये कहा की हजारो कार्यकर्ताओ की मेहनत को आगे से जाया जाने नही दिया जायेगा। व्यक्तिगत विरोध के नाम पर पार्टी को किसी भी विषय मे कमजोर करने नही दिया जायेगा। इन विचारो से उपस्थित कार्यकर्तागण भी बेहद प्रभावित नजर आये।

## संघर्ष से शिखर तक है भाजपा की ऐतिहासिक यात्रा..

जिला उपाध्यक्ष किशोर अमूले ने उदबोधन मे कहा कि वारासिवनी विधानसभा क्षेत्र मे कुछ लोग गुटबाजी के नाम पर पार्टी की एकता और अनुशासन को तोडने का प्रयास कर रहे है। ऐसे चंद लोगो से कार्यकर्ताओ को सावधान रहने की जरूरत है। पार्टी का इतिहास बताता है की 6 अप्रैल 1980 को जिस बीज को बोया गया था। वह आज एक विशाल वटवृक्ष बन चुका है। उन्होंने याद दिलाया कि 1984 के चुनाव में पार्टी के पास मात्र 2 सांसद थे। लेकिन कार्यकर्ताओं के अटूट संघर्ष और जनता के विश्वास के दम पर आज यह संख्या 300 के पार पहुँच गई है।

## अंत्योदय और वैचारिक प्रतिबद्धता है भाजपा की पहचान..

वरिष्ठ नेता चिरौजी पारधी ने अपने विचारो मे कहा की क्षेत्र मे हमे हरहाल मे अपनी एकता को बनाये रखकर चंद लोगो के मंसूबो को धराशायी करना है। हमारा मानना है की राज्य सरकारों की सफलता का मुख्य आधार पार्टी की विचारधारा पर चलना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकारे सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के मूल मंत्र पर चल रही है।

## विजय संकल्प और भावी लक्ष्य पर हुआ मंथन..

नगर मंडल अध्यक्ष संदीप मिश्रा, मंयक मिश्रा, मिथून मिश्रा ने जानकारी देते हुये बताया की आज सभी 60 बूथो पर जवाबदारी के साथ स्थापना दिवस मनाया गया है।

आज मंडल प्रत्येक आदेश का पालन जिम्मेदारी के साथ कर रहा है। आगामी चुनौतियों और चुनावों पर चर्चा करते हुए उन्होंने कार्यकर्ताओं से आव्हान किया की प्रत्येक आने वाले चुनावो मे कमल की जीत के लिये हमे आज से ही तैयारीया शुरू कर देना है।

## शक्तिकेन्द्र प्रभारी का जन्मदिवस मनाकर दी गयी शुभकामनाये..

इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं,भाजपा के समस्त पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष, पार्षद गण एवं समर्पित कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। भाजपा कार्यालय में आयोजित इस गरिमामय कार्यक्रम में उत्साह उस समय और बढ़ गया, जब पार्टी के स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर शक्ति केंद्र प्रभारी पप्पू हरिनखेडे का जन्मदिवस भी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दोहरी खुशी पर पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल के साथ पुरी टीम ने श्री हरिनखेड़े से केक कटवाकर उन्हें शुभकामनाए भी प्रदान की।






दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

संजय टेंभरे लांजी
मो. 7697505999

जग प्रेरणा

लांजी किरनापुर

● हिर्री ● भानेगांव ● मोहझरी ● बोलेगांव ● बहेला ● रिसेवाड़ा ● कारंजा ● साडरा

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

# 33 के वी लाइन का तार पोल सहित नहर में गिरा, गंभीर दुर्घटना टली..



जगप्रेरणा लांजी।

***लांजी क्षेत्रान्तर्गत कारंजा विद्युत वितरण केन्द्र के ग्राम घंसा के सिंगोला वितरक नहर पर एक बड़ा हादसा टल गया जहां नहर के पास से गुजर रही 33 केव्ही कि विद्युत लाईन का पोल***

तार सहित नहर पर जा गिरा। बतादे कि यह नवीन विद्युत लाईन का कार्य प्रारंभ है जिसके चलते विद्युत सप्लाई प्रारंभ नही थी ठेकेदार के द्वारा विद्युत पोल एवं लाईन बिछाई जा रही थी यदि तारो में विद्युत प्रवाह होते रहता ऐसे में वह नहर के पानी में गिरता तो निश्चित रूप से बडी दुर्घटना सामने आती।

इस संबध में प्राप्त जानकारी के अनुसार 6 अप्रैल को सुबह करीब 7 से 8 बजे के दरम्यान ग्राम घंसा में सिंगोला वितरक नहर पर एक विद्युत पोल तारो सहित जा गिरा, वहीं नहर पर पानी भी था लेकिन गनिमत रहा कि विद्युत तारो में विद्युत प्रवाह नही हो रहा था। बतादे कि ग्राम कारंजा से डोंगरगांव 33 केव्ही की नवीन लाईन बिछाई जा रही है जिसका कार्य वर्तमान में ठेकेदार पद्धति से किया जा रहा है। ग्रामीणो ने बताया कि यदि यह विद्युत लाईन प्रारंभ रहती तो निश्चित रूप से एक बड़ा हादसा घटित हो सकता था क्योंकि वर्तमान में नहर प्रारंभ है किसान अपने अपने खेतो मे कार्य करते है मवेशी भी पानी आदि कि तलाश में नहरो के पास जाते है, कई बार तो बच्चे में अनभिज्ञ होकर खेलने आदि नहर के पास चले जाते है ऐसे मे यदि उक्त विद्युत लाईन में विद्युत सप्लाई होती रहती और वह नहर मे गिरती तो संभवतः एक बड़ा हादसा घटित हो सकता था। हालांकि घटना घटित होते ही उक्त घटना की सूचना जेई कारंजा एवं स्थानीय स्टाफको दे दी गई थी जिनके द्वारा ठेकेदार से इस संबध चर्चा की गई है।

## कार्यो की गुणवत्ता पर सवाल..

विद्युत लाईन कार्यो की गुणवत्ता पर पहले से ही प्रश्न चिन्ह उठते आ रहे है। जिसमे सबसे अधिक शिकायतें आती है ठेकेदार सही ढंग से खंबो को जमीन में जितने नीचे तक गाडना चाहिये वह नही किया जाता ऐसे मे अनेको बार देखने मे आता है थोडी सी आंधी तूफान में विद्युत पोल डगमगाने लगते है। कई स्थानो पर इन खंबो के टूटने से बडे हादसे घटित हो चुके है उसके बाद भी ठेकेदार या जांच अधिकारी इस संबध में ध्यान नही देते की लाईन ठीक तरह से बिछी है कि नही, खंबो को जितने अन्दर तक गड़ाना चाहिये उतना कार्य किया गया है कि नही, तारो की गुणवत्ता सही है कि नही कितने अंतराल में कितनी उंचाई, लंबाई एवं वजन के खंबे लगाये जाने है तारो की क्या गुणवत्ता होगी, विद्युत पोलो का क्या माप दंण्ड है यह सभी देखने का कार्य संबधित विभाग का है। उक्त घटना की भी जांच होनी चाहिये कि आखिर बिना आंधी तूफान के यह विद्युत पोल गिरा कैसे, क्या ठेकेदार के द्वारा सही ढंग से कार्य नही किया गया है यह सभी जांच का विषय है।

## बोले जेई विश्वजीत शर्मा..

इस संबध में कारंजा के जेई विश्वजीत शर्मा से चर्चा की गई तो आपने बताया कि यह कारंजा से डोंगरगांव को जोडने वाली 33 केव्ही लाईन है जिसका कार्य प्रारंभ है। निविदाकार के द्वारा यह कार्य किया जा रहा था वर्तमान में उक्त पोल पर विद्युत सप्लाई प्रारंभ नही है। पोल व्यवस्थित करने के लिये निविदाकार को आदेशित किया गया है।

### जल गुणवत्ता जांच व स्वच्छता अभियान..

# स्कूलों-आंगनवाड़ियों में किया गया एफ टी के परीक्षण एवं किट का वितरण..





जगप्रेरणा किरनापुर।

***जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत किरनापुर विकासखंड के ग्राम कसंगी और मंगोलीकला गांवों में पेयजल गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए विशेष गतिविधियाँ संचालित की गई।***

जल जीवन मिशन के तहत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग **(PHED)** बालाघाट द्वारा फील्ड टेस्टिंग किट **(FTK)** के माध्यम से स्कूलों एवं आंगनवाड़ियों के पेयजल स्रोतों का मौके पर ही परीक्षण किया गया।

इस दौरान प्रशिक्षित **FTK** यूजर्स द्वारा पानी के नमूनों की जांच कर उसकी गुणवत्ता की पुष्टि की गई। परीक्षण में पानी के प्रमुख मानकों जैसे क्लोरीन, आयरन, फ्लोराइड और पीएच की जांच कर ग्रामीणों को इसकी प्रक्रिया का प्रदर्शन भी किया गया। इस गतिविधि में सरपंच, सचिव, शिक्षक, छात्र-छात्राएं, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी रही। सभी को जल परीक्षण के प्रति जागरूक करते हुए प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया, जिससे वे स्वयं अपने गांव में जल गुणवत्ता की निगरानी कर सकें।

अधिकारियों ने बताया कि यदि **FTK** परीक्षण के दौरान पानी दूषित पाया जाता है, तो संबंधित नमूनों को विस्तृत जांच के लिए नजदीकी जिला या ब्लॉक स्तरीय प्रयोगशाला में भेजा जाता है, ताकि उचित कार्रवाई की जा सके। कार्यक्रम के अंतर्गत जल स्त्रोतों के आसपास साफ-सफाई अभियान भी चलाया गया। इसमें ग्रामीणों, शिक्षकों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों और महिला समूहों ने मिलकर स्वच्छता का संदेश दिया और जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाई।

प्रशिक्षण के उपरांत ग्राम पंचायतों को **FTK** किट उपलब्ध कराई गई, ताकि वे नियमित रूप से अपने क्षेत्र के जल स्त्रोतों की जांच कर सकें और ग्रामीणों को सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने में सहयोग कर सकें। इस दौरान लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी उपखंड से ब्लॉक समन्वयक रानी सिंह राजपूत, श्रुति गजभिये, फनीश रंगारे तथा खंड कार्यालय से शीतल मिश्रा और हरीश झा **(PMU)** सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# भाजपा मंडल लांजी ने मनाया 47 व स्थापना दिवस, विधायक कर्राहे ने दी कार्यकर्ताओं को बधाइयां..





जगप्रेरणा लांजी।

***भारतीय जनता पार्टी का 47वॉ स्थापना दिवस 6 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओ के द्वारा अपने अपने मण्डलों में आयोजित किया गया।***

इसी कड़ी में भाजपा मण्डल लांजी के द्वारा विधायक राजकुमार कर्राहे के निवास स्थल पर पार्टी स्थापना दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूवात भाजपा का ध्वजारोहण कर, भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्यक्ष, डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी के छायाचित्रों के समक्ष दीप प्रज्जवलित माल्यार्पण कर स्थापना दिवस मनाया।

भारतीय जनता पार्टी कि स्थापना 6 अप्रैल 1980 को मुंबई अधिवेशन में हुई थी। जो राष्ट्रीय एवं मानव एकात्मवाद की विचारधाराओं को लेकर कार्य प्रारंभ किया था जो निरंतर करते हुये आज एक वट वृक्ष के रूप में विश्व क सबसे बड़ी पार्टी बन गई है। जो निरंतर संगठन को मजबूत करने के लिये जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक को लाभ पंहुचा रही है।

स्थापना दिवस पर सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओ ने अपने अपने घर में भाजपा का ध्वज फहराया गया। स्थापना दिवस के मौके पर कार्यकर्ताओं ने 'राष्ट्र प्रथम, पार्टी प्रथम' का संकल्प लिया और आगामी दिनों में विकास कार्यो तथा जनसेवा को और तेज करने का संदेश दिया। भाजपा पदाधिकारियों ने संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा एक विचारधारा है, जो देश की सेवा और अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास पहुंचाने के लिए समर्पित है।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और पार्टी के राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के मार्गदर्शन में लांजी विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यो का उल्लेख किया और कहा कि पार्टी के स्थापना दिवस पर हम सभी को और अधिक मेहनत से जुड़ना चाहिए ताकि क्षेत्र की जनता को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। इस दौरान विधायक राजकुमार कर्राहे, भाजपा मण्डल अध्यक्ष आलोक चौरसिया, अविनाश रैंच, किशोर रामटेक्कर, गौरव बैस, संदीप रामटेक्कर, सचिन अग्रवाल, बिसोनी अध्यक्ष देवेश ऐडे, दिनेश कचवाहे, सुशीला दुग्गड़, मीना बिलगौर, प्रगति पालीवाल, वीणा उपराड़े, श्यामा मुरकुटे, प्रेमा राखड़े आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

# कल्याणी महिला जाग्रति संघ किरनापुर के तत्वावधान में आयोजित हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम..





जगप्रेरणा किरनापुर।

***प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी कल्याणी महिला जागृति संघ किरनापुर के तत्वाधान में श्री हनुमान जन्मोत्सव का कार्यक्रम मनाया गया।***

यह जन्मोत्सव कार्यक्रम पिछले कई वर्षों से लगातार मनाते आ रहे हैं। सर्वप्रथम प्रभु जी का अभिषेक पूजा वंदना की जाती है पश्चात श्री सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया जाता है। हनुमान चालीसा प्रतियोगिता रखी गई, जिसमें कुमारी चक प्रवीण साहू, छोटु अग्रवाल, लक्ष्य भंडारकर, सहित अन्य बच्चों ने मिलकर सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया। विजेताओं को मात्र शक्तियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। महाआरती में मात्रशक्तियों द्वारा दीप जलाकर मंदिर को जगमग कर दिया। भगवान के भजन कीर्तन भी किए गए। अष्टाविनायक समिति द्वारा भंडारा कार्यक्रम किया गया जिसमें व्यापारी संघ का सहयोग रहा।

कल्याणी संघ अध्यक्ष सीमा शुक्ला द्वारा उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया गया, कार्यक्रम को सफल बनाने में सुश्री सुधा शुक्ला अनु दीदी, विभा शुक्ला साधना अग्रवाल चित्र भंडारकर बिंदेश्वरी हुकरे रेवती बिसेन रूपा अग्रवाल दिनेश्वरी बंशपाल एवं दुर्गा वाहिनी का विशेष योगदान रहा।

# किरनापुर में अवैध रेत खनन पर कार्रवाई, दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियां जब्त..



जगप्रेरणा किरनापुर।

***बालाघाट जिले में अवैध खनन के खिलाफचलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 5 अप्रैल 2026 को खनिज***

विभाग एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने किरनापुर तहसील क्षेत्र में आकस्मिक जांच कार्रवाई की। उप संचालक खनिज सुश्री फरहत जहां ने बताया कि खनिज निरीक्षक बसंत कुमार पाटिल एवं शुभम बोपचे के साथ थाना किरनापुर पुलिस बल द्वारा दोपहर के समय ग्राम हिर्री एवं मुंडेसरा स्थित सोन नदी एवं बाघ नदी क्षेत्र में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम हेतु निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को अवैध रूप से रेत का उत्खनन एवं परिवहन करते हुए पकड़ा गया, जिन्हें तत्काल जब्त कर थाना किरनापुर की अभिरक्षा में सुरक्षित रखा गया है। कार्रवाई के दौरान ग्राम हिर्री स्थित सोन नदी में बिना नंबर का ट्रैक्टर अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन करते हुए पाया गया। वाहन चालक आशीष बिरनवार, निवासी ग्राम हिर्री तहसील किरनापुर है। ग्राम मुंडेसरा स्थित बाघ नदी में ट्रैक्टर क्रमांक **MP 50 ZB4552** को अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन करते हुए पकड़ा गया। वाहन चालक शुभम यादव, निवासी वार्ड नंबर 1 किरनापुर है।

दोनों मामलों में संबंधित ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को जब्त कर आगे की कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। खनिज विभाग के अनुसार, उक्त प्रकरणों में मध्य प्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण का निवारण) नियम 2022 के तहत विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध खनन करने वालों में हड़कंप मच गया है।




## ग्राम पंचायत डोरली जनपद पंचायत लांजी जिला बालाघाट मध्यप्रदेश

क्रमांक/ग्रा. पं. /2026 दिनांक 06/04/2026

**।। निविदा सुचना ।।**

एतद द्वारा सुचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत डोरली जनपद पंचायत लांजी में वर्ष 2026-27 मे जी राम जी योजना, सांसद निधी, विधायक निधि, पंच परमेश्वर योजना, 15 वित 5 वा वित्त, राज्य वित्त,स्वकराधान की राशि, गौण खनिज स्वच्छ भारत मिशन जनपद फंड जिला पंचायत फंड वृक्षारोपण कार्य एवं अन्य मद से कराये जाने वाले कार्यो के लिये सामग्री लोहा,गिट्टी ,रेत, सीमेंट ईट प्लंबर सामग्री टाइल पानी टैंकर मिक्सर मशीन सेंट्रिंग वाइब्रेटर दरवाजे खिड़की इलेक्ट्रॉनिक सामग्री कंप्यूटर सामग्री सीमेंट कुर्सी प्लास्टिक कुर्सी व्हील चेयर टेबल पेवर ब्लॉक स्टेशनरी सामग्री फोटो कापी पौधे आदि सामग्री क्रय किया जाना है। इस हेतु दिनांक 06/04/2026 से 10/04/2026 तक रजिस्टर मटेरियल सप्लायरों से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा बंद लिफाफे में कार्यालयीन समय मे ग्राम पंचायत में जमा की जा सकती है। नियम एवं शर्तो की जानकारी कार्यालयीन समय मे ग्राम पंचायत मे संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है। निविदा स्वीकृति का निर्णय ग्राम पंचायत की बैठक में लिया जायेगा ।

| सरपंच | उपसरपंच | सचिव |
| --- | --- | --- |
| श्रीमती सूकी बाई नाकतोड़े | युवराज यादव | अनिल कामड़े |

सहा. सचिव - पवन पिल्लारे एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत डोरली जनपद पंचायत लांजी जिला बालाघाट मध्यप्रदेश।

## ग्राम पंचायत पालडोंगरी जनपद पंचायत लांजी जिला बालाघाट मध्यप्रदेश

क्रमांक/ग्रा. पं. /2026 दिनांक 05/04/2026

**।। निविदा सुचना ।।**

एतद द्वारा सुचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पालडोंगरी जनपद पंचायत लांजी में वर्ष 2026-27 में जी राम जी योजना, सांसद निधी, विधायक निधि, पंच परमेश्वर योजना, 15 वित 5 वा वित्त, राज्य वित्त, स्वकराधान की राशि, गौण खनिज स्वच्छ भारत मिशन जनपद फंड जिला पंचायत फंड वृक्षारोपण कार्य एवं अन्य मद से कराये जाने वाले कार्यो के लिये सामग्री लोहा, गिट्टी, रेत, सीमेंट ईट प्लंबर सामग्री टाइल पानी टैंकर मिक्सर मशीन सेंट्रिंग वाइब्रेटर दरवाजे खिड़की इलेक्ट्रॉनिक सामग्री कंप्यूटर सामग्री सीमेंट कुर्सी प्लास्टिक कुर्सी व्हील चेयर टेबल पेवर ब्लॉक स्टेशनरी सामग्री फोटो कापी पौधे आदि सामग्री क्रय किया जाना है। इस हेतु दिनांक 07/04/2026 से 12/04/2026 तक रजिस्टर मटेरियल सप्लायरों से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा बंद लिफाफे में कार्यालयीन समय मे ग्राम पंचायत में जमा की जा सकती है। नियम एवं शर्तो की जानकारी कार्यालयीन समय मे ग्राम पंचायत मे संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है। निविदा स्वीकृति का निर्णय ग्राम पंचायत की बैठक में लिया जायेगा ।

| सरपंच | उपसरपंच | सचिव |
| --- | --- | --- |
| गणेशराम नारनौरे | महेन्द्र सिंह उमरे | राजकुमार कावड़े |

समस्त पंचगण ग्राम पंचायत पालडोंगरी जनपद पंचायत लांजी जिला बालाघाट मध्यप्रदेश।

## ग्राम पंचायत सारद जनपद पंचायत लांजी जिला बालाघाट मध्यप्रदेश

क्रमांक/ग्रा. पं. /2026 दिनांक 05/04/2026

**।। निविदा सुचना ।।**

एतद द्वारा सुचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सारद जनपद पंचायत किरनापुर में वर्ष 2026-27 में जी राम जी योजना, सांसद निधी, विधायक निधि, पंच परमेश्वर योजना, 15 वित 5 वां वित्त, ग्राम पंचायत फंड, जनपद पंचायत फंड, जिला पंचायत फंड, राज्य वित्त,स्वकराधान की राशि, गौण खनिज स्वच्छ भारत मिशन वृक्षारोपण कार्य एवं अन्य मद से कराये जाने वाले कार्यो के लिये सामग्री लोहा, गिट्टी, रेत, सीमेंट ईट प्लंबर सामग्री टाइल पानी टैंकर मिक्सर मशीन सेंट्रिंग वाइब्रेटर दरवाजे खिड़की इलेक्ट्रॉनिक सामग्री कंप्यूटर सामग्री सीमेंट कुर्सी प्लास्टिक कुर्सी व्हील चेयर टेबल पेवर ब्लॉक स्टेशनरी सामग्री फोटो कापी, पौधे आदि सामग्री क्रय किया जाना है। इस हेतु दिनांक 26/03/2026 से 12/04/2026 तक रजिस्टर मटेरियल सप्लायरों से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा बंद लिफाफे में कार्यालयीन समय मे ग्राम पंचायत में जमा की जा सकती है। नियम एवं शर्तो की जानकारी कार्यालयीन समय मे ग्राम पंचायत मे संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है। निविदा स्वीकृति का निर्णय ग्राम पंचायत की बैठक में लिया जायेगा

| सरपंच | सचिव |
| --- | --- |
| श्रीमती ममता रमेश बिसेन | डोमाजी पांचे |

सहा. सचिव -श्रीमती स्मिता सहारे एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत सारद जनपद पंचायत किरनापुर जिला - बालाघाट (मध्यप्रदेश)।

## ग्राम पंचायत अमेड़ा (ब) जनपद पंचायत लांजी जिला बालाघाट मध्यप्रदेश

क्रमांक/ग्रा. पं. /2026 दिनांक 05/04/2026

**।। निविदा सुचना ।।**

एतद द्वारा सुचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत अमेड़ा (ब) जनपद पंचायत लांजी में वर्ष 2026-27 में जी राम जी योजना, सांसद निधी, विधायक निधि, पंच परमेश्वर योजना, 15 वित 5 वा वित्त, राज्य वित्त, स्वकराधान की राशि, गौण खनिज स्वच्छ भारत मिशन जनपद फंड, जिला पंचायत फंड, वृक्षारोपण कार्य एवं अन्य मद से कराये जाने वाले कार्यो के लिये सामग्री लोहा, गिट्टी, रेत, सीमेंट ईट प्लंबर सामग्री, टाइल पानी टैंकर, मिक्सर मशीन, सेंट्रिंग, वाइब्रेटर, दरवाजे, खिड़की, इलेक्ट्रॉनिक सामग्री, कंप्यूटर सामग्री, सीमेंट कुर्सी, प्लास्टिक कुर्सी, व्हील चेयर, टेबल पेवर, ब्लॉक स्टेशनरी सामग्री, फोटो कापी, पौधे आदि सामग्री क्रय किया जाना है। इस हेतु दिनांक 07 अप्रैल 2026 से 12 अप्रैल 2026 तक रजिस्टर मटेरियल सप्लायरों से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा बंद लिफाफे में कार्यालयीन समय मे ग्राम पंचायत में जमा की जा सकती है। नियम एवं शर्तो की जानकारी कार्यालयीन समय मे ग्राम पंचायत मे संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

| सरपंच | उपसरपंच | सचिव |
| --- | --- | --- |
| श्रीमती सुनीता डीलेश्वर बसेना | कैलाश कुराहे | जितेंद्र झा |

समस्त पंचगण ग्राम पंचायत अमेड़ा (ब) जनपद पंचायत लांजी जिला बालाघाट मध्यप्रदेश।

लेख, लघु कथा, कविताएं एवं साहित्य सोमग्रीयां आमंत्रित है..

Email - jagprernaw@gmail.com
Whatsapp - 93290-33433







दैनिक जग प्रेरणा में साहित्य लेख रचनाएं प्रकाशन के लिये संपर्क करें..

एकता आशीष वर्मा
मो. 94070 33433


## पश्चिम बंगाल में बढ़ती अराजकता : लोकतंत्र के लिए खतरा

पश्चिम बंगाल, जो कभी सांस्कृतिक चेतना, बौद्धिकता और राजनीतिक परिपक्वता का प्रतीक माना जाता था, आज एक ऐसे संक्रमणकाल से गुजर रहा है, जहां लोकतांत्रिक मूल्यों की जड़ें लगातार कमजोर होती प्रतीत हो रही हैं। जैसे-जैसे चुनाव का समय नजदीक आता जा रहा है, वैसे-वैसे राज्य में हिंसा, अराजकता, अलोकतांत्रिकता और राजनीतिक अस्थिरता की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। यह केवल राजनीतिक प्रतिस्पर्धा का परिणाम नहीं है, बल्कि लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति घटते सम्मान और कानून व्यवस्था की गिरती स्थिति का भी संकेत है।

हाल ही में मालदा जिले में मतदाता सूची पुनरीक्षण अर्थात एसआईआर को लेकर जिस प्रकार का असंतोष और तनाव देखने को मिला, वह लोकतांत्रिक प्रक्रिया के प्रति अविश्वास को दर्शाता है। मतदाता सूची में नाम जुड़ना या हटना एक कानूनी और प्रशासनिक प्रक्रिया है, जिसके लिए स्पष्ट नियम और प्रावधान होते हैं। यदि इस प्रक्रिया को राजनीतिक चश्मे से देखा जाएगा या प्रशासनिक अधिकारियों पर दबाव बनाया जाएगा, तो निष्पक्ष चुनाव की पूरी प्रक्रिया ही संदिग्ध हो जाएगी।

एसआईआर प्रक्रिया में बाधक बनते हुए जिस तरह से न्यायिक अधिकारियों को कई घंटों तक बंधक बनाए जाने की घटना सामने आई है, वह न केवल चिंताजनक है, बल्कि लोकतंत्र के लिए एक गंभीर चेतावनी भी है। यह उस व्यापक घातक और विध्वंसकारी प्रवृत्ति का हिस्सा है, जिसमें प्रशासनिक और न्यायिक तंत्र को भी राजनीतिक दबाव और भीड़तंत्र के आगे झुकने के लिए मजबूर किया जा रहा है।

पश्चिम बंगाल में राजनीतिक हिंसा का इतिहास नया नहीं है। 1960 और 70 के दशक में नक्सल आंदोलन के दौरान हिंसा का दौर शुरू हुआ था, जिसने राज्य की राजनीतिक संस्कृति को गहराई से प्रभावित किया।

इसके बाद वामपंथी शासन के लंबे दौर में भी विरोधियों के साथ असहिष्णुता और हिंसा के कई उदाहरण सामने आए। सत्ता परिवर्तन के बाद तृणमूल कांग्रेस के शासन में भी यह प्रवृत्ति पूरी तरह समाप्त नहीं हुई, बल्कि नए रूप में सामने आती रही है।

समस्या केवल किसी एक दल या विचारधारा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह राजनीतिक तंत्र में व्याप्त उस सोच का परिणाम है, जिसमें सत्ता प्राप्ति के लिए किसी भी हद तक जाने की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है। चुनाव के समय यह प्रवृत्ति और भी अधिक स्पष्ट हो जाती है, जब राजनीतिक दल एक-दूसरे पर बढ़त बनाने के लिए हर संभव प्रयास करते हैं।

नागरिक समाज की भूमिका भी इस संदर्भ में महत्वपूर्ण है। यदि समाज स्वयं लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति सजग और प्रतिबद्ध नहीं रहेगा, तो केवल प्रशासनिक उपायों से स्थिति को नहीं सुधारा जा सकता। लोकतंत्र केवल चुनाव तक सीमित नहीं होता, बल्कि यह एक सतत प्रक्रिया है, जिसमें नागरिकों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक होती है।

मालदा की घटना ने यह स्पष्ट कर दिया है कि यदि समय रहते इस प्रवृत्ति पर नियंत्रण नहीं किया गया, तो यह भविष्य में और भी गंभीर रूप ले सकती है। प्रशासनिक अधिकारियों को बंधक बनाना न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि यह लोकतंत्र की मूल भावना के भी खिलाफहै। इससे यह संदेश जाता है कि कानून और व्यवस्था को बलपूर्वक चुनौती दी जा सकती है, जो किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए घातक है।

इस संदर्भ में यह आवश्यक है कि राज्य सरकार और प्रशासन सख्त कदम उठाएं, ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। साथ ही, चुनाव आयोग को भी यह सुनिश्चित करना चाहिए कि चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी बनी रहे। यदि आवश्यक हो, तो अतिरिक्त सुरक्षा बलों की तैनाती और निगरानी की व्यवस्था की जानी चाहिए। अंततः, पश्चिम बंगाल की वर्तमान स्थिति हम सभी के लिए एक चेतावनी है। लोकतंत्र की मजबूती केवल संस्थाओं पर निर्भर नहीं करती, बल्कि यह नागरिकों की जागरूकता, जिम्मेदारी और नैतिक मूल्यों पर भी आधारित होती है। यदि हम इन मूल्यों की रक्षा नहीं करेंगे, तो लोकतंत्र केवल एक औपचारिक व्यवस्था बनकर रह जाएगा।

लेखक



हरीश नाग

## परमाणु प्रतिष्ठानों पर आक्रमण : मानवता के अस्तित्व पर मँडराता गहरा संकट..

विश्व राजनीति के वर्तमान दौर में युद्ध का स्वरूप जिस तेजी से परिवर्तित हो रहा है, वह समूची मानवता के अस्तित्व के लिए एक गंभीर खतरे का संकेत है। परंपरागत रूप से युद्ध सीमाओं पर सेनाओं के मध्य लड़े जाते थे, जहाँ रणनीतिक मर्यादाओं का पालन करते हुए नागरिक क्षेत्रों, चिकित्सा संस्थानों और अनिवार्य बुनियादी ढांचों को संघर्ष से पृथक रखा जाता था। किंतु समकालीन युद्धों में यह लक्ष्मण रेखा पूरी तरह ध्वस्त होती दिखाई दे रही है। आज के संघर्षों में न केवल नागरिक प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया जा रहा है, बल्कि परमाणु ठिकानों पर बढ़ते हमलों के खतरे ने वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य को और भी भयावह बना दिया है। युद्ध की इस बदलती नीति के साथ ही मानवरहित हथियारों और ड्रोन तकनीक के बढ़ते उपयोग ने जन-धन की हानि के साथ-साथ पर्यावरण प्रदूषण के एक नए संकट को जन्म दिया है।

वर्तमान में जारी रूस-यूक्रेन संघर्ष और मध्य पूर्व में इजरायल-हमास युद्ध ने न केवल वैश्विक अर्थव्यवस्था को महंगाई की आग में झोंका है, बल्कि राष्ट्रों के बीच असुरक्षा की भावना को भी चरम पर पहुँचा दिया है। इस अस्थिरता के बीच अमेरिका और इजरायल की ईरान के प्रति सख्त नीतियों और ईरान के परमाणु अनुसंधान स्थलों को लक्षित करने की संभावित कोशिशों ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय को गहरे तनाव में डाल दिया है। जवाबी कार्रवाई के रूप में ईरान द्वारा इजरायल के परमाणु ठिकानों को नष्ट करने की चेतावनी इस संकट को एक ऐसी परमाणु आपदा की ओर धकेल रही है, जिसका प्रभाव किसी एक राष्ट्र तक सीमित नहीं रहेगा। आधुनिक युद्ध का यह स्वरूप, जो अब बुनियादी ढांचों और ऊर्जा एवं परमाणु संयंत्रों के इर्द-गिर्द सिमट गया है, पूरी मानव सभ्यता के लिए विनाशकारी सिद्ध हो सकता है।

परमाणु प्रतिष्ठानों पर किसी भी प्रकार का सैन्य हमला केवल सामरिक कार्रवाई नहीं, बल्कि जीव-जगत के विरुद्ध एक अक्षम्य अपराध है। यदि किसी परमाणु संयंत्र में रेडियोधर्मी रिसाव होता है, तो उसका प्रभाव दूर दूर तक तक फैल सकता है, राष्ट्र की सीमाओं को लांघ सकता है और और मित्र एवं दुश्मन देश को पहचानने से भी मना कर सकता है। द्वितीय विश्व युद्ध में परमाणु हमला के साथ पूर्व में चेर्नोबिल और फुकुशिमा जैसी त्रासदियों में दुनिया ने रेडिएशन खतरे के प्रभाव को देखा है। रेडिएशन रिसाव आने वाली पीढ़ियों के स्वास्थ्य, कृषि भूमि की उर्वरता और जल स्रोतों को दशकों तक के लिए विषाक्त कर देता है। अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून और जिनेवा कन्वेंशन के अतिरिक्त प्रोटोकॉल स्पष्ट रूप से परमाणु बिजली घरों को युद्ध में निशाना बनाने से प्रतिबंधित करते हैं, क्योंकि इनसे होने वाली क्षति की भरपाई असंभव है। इसके बावजूद, परमाणु ठिकानों को रणनीतिक दबाव और शक्ति प्रदर्शन का माध्यम बनाना अंतरराष्ट्रीय कानूनों की खुली अवहेलना है।यह समझना अत्यंत आवश्यक है कि यद्यपि परमाणु ठिकानों पर हमला तकनीकी रूप से प्रत्यक्ष 'परमाणु युद्ध' की श्रेणी में नहीं आता, किंतु इसके परिणाम किसी परमाणु हमले से कम विनाशकारी नहीं होते।

इन युद्धों को देखते हुए आज लगभग सभी देशों ने गरीबी,शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे बुनियादी क्षेत्रों की उपेक्षा करते हुए घातक हथियारों के संग्रहण की दौड़ तेज कर दी है। भारत ने सदैव परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण उपयोग और वैश्विक सुरक्षा की नीति का समर्थन किया है, किंतु वर्तमान वैश्विक परिस्थितियाँ इस संयम को चुनौती दे रही हैं। यदि समय रहते संयुक्त राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय परमाणु एजेंसियों ने इन हमलों पर कठोर वैश्विक प्रतिबंध नहीं लगाए और महाशक्तियों ने अपनी हठधर्मिता का परित्याग नहीं किया, तो भविष्य के युद्ध ÷बिना परमाणु बम विस्फोट के परमाणु युद्ध÷ का रूप ले लेंगे, जिससे संपूर्ण पृथ्वी का अस्तित्व ही संकट में पड़ जाएगा।

लेखक



प्रो.मनमोहन प्रकाश

## नहीं देखा..

ख्वाब आंखों में कभी सजते नहीं देखा
कई दिनों से खुद को हंसते नहीं देखा।

जो बनाते हैं औरों के लिए बड़ी इमारतें
कभी उनको घरों
में बसते नहीं देखा।

चले गये जो एक
बार हमारी जिंदगी से
फिर हमने कभी उनके
रस्ते नहीं देखा।

तुझ संग ही थी
जिंदगी में रौनकें बहुत
किसी के संग खुद
को जंचते नहीं देखा।

लेखक



संजय अश्क
पुलपुट्टा, बालाघाट

## भुनाके चला गया..


दिए जलाने थे.. पटाखे जला गया..
मज़ाक आस्था का.. बनाके चला गया..
आंधी में छतरी,
जिसने भी खोली..
नाचीज़ को तूफ़ान..
उड़ाके चला गया..
बाज़ न आया,
वो हरकत से अपनी..
जाहिल अपनी लुटिया..
डुबाके चला गया..
मुल्क में अपने,
देखा गया अक्सर..
मिला जिसको अवसर..
भुनाके चला गया..
अंधे के हाथों में,
उजाला था संतोष..
मोहल्लों के दीपक..
बुझाके चला गया..

लेखक



संतोष सिंह नैकाने,
गोंदिया महाराष्ट्र


## शब्दवर्गपहेली क्र.- 89



ck;s ls nk;s & 1) भरोसा करने लायक, विश्वासी 5) एक पश्चिमी देश जिसकी राजधानी ओटावा है 8) पुरुषोचित, पुरुषों का 11) किचड़युक्त जमीन, जिस पर पैर रखने से धंस जाता है 14) कारण 15) लीपने पोतने का काम 16) किसी को बिना उसकी इच्छा के धोखे से ले जाकर रोक रखने की क्रिया 18) मेघ, जलद 19) श्रीरामजी का वंश, इसी वंश के एक पूर्वज राजा 20) द्रव, चंचल 22) छोटे बच्चे का नाम रखने का संस्कार 23) चार युगों में से चौथा 28) एक प्राचीन कालीन शस्त्र 30) कबत्तरों को रखने की अनेक खानोंवाली एक किस्म की आलमारी 32) पक्षियों का चहकना 35) नष्ट, ध्वंस 37) सहयात्री,, साथ में यात्रा करनेवाला 40) स्त्रियोंद्वारा बालों में लगायी जानवाली फुलों की माला 43) भिडन्त 44) राजस्थान का एक प्रसिद्ध ऐतिहासिक शहर 45) जनानखाना 47) पद, बार, दफा 49) एक वृक्ष विशेष 51) मृत्यू होना 52) श्रीकृष्ण की राजधानी,, चार धामों में से एक 53) कृपा करना 55) पुरुष 56) अंगार का अवशेष, भभूती 57) बुद्धिमान, सावधान 58) लाल रंग का एक मीठा कंद 60) यश, जीत 61) नृत्य करना 63) श्रीरामजी का एक भाई 66) गणेशजी 71) मकान, निवासस्थान 72) अपने राज्यसभा की एक भूतपुर्व उपाध्यक्षा 75) सपाट, जिसका तल या सतह समान हो 77) तलवार चलाने में कुशल 81) समान 83) ताकत, शक्ति 84) अंग्रेजी में दीवार 85) पानी,, नीर 86) नृत्य 87) सागर पर चलनेवाला जलयान 88) अमिताभ बच्चन, शशी कपूर, स्मिता पाटील की एक सुपरहिट फिल्म 90) जिव्हा, जीभ 91) आश्चर्य, अनोखा 92) निषिद्ध 93) नीले रंग का मणि 95) पवित्र 97) गुनाहगार, जिसने गलती की हो वह 101) पत्र, चिट्ठी 103) खर्च करना 104) लिप्त, लगा हुआ 105) लीन होना, अनुरक्त होना 107) नवयुवक 109) अनोखा कार्य, करतूत 111) रुक रुक कर क्रोध का आवेश दिखाना या अधिक गरमी से व्याकुल होना इस अर्थ का एक मुहावरा 113) स्त्री जाति का प्राणी 114) बाप, जनक 115) उबारना 116) जो नीचे न हो 117) परसों के बाद का दिन 118) क्रीड़ा, खेल 119) हुकूमत, साम्राज्य

Åij ls uhps & 1) बड़ा मकान 2) प्रतिदिन 3) स्वास्थ्य 4) तर्क 5) कबूत्तर 6) बेटे या बेटी का बेटा 7) एक फूल, बच्चों की एक मासिक पत्रिका 8) मृत्यू 9) युद्ध 10) अवयस्क 11) अनाज का पीसना 12) राजसभा 13) छोटा 16) शांति (उर्दू) 17) हमेशा 21) भाग जाना इस अर्थवाला एक मुहावरा 24) सत्य 25) भक्षण करना 26) असम्मान, तिरस्कार, अपमान 27) लाश को ओढ़ाया जानेवाला कपड़ा 29) कलंक, धब्बा 30) सुखी धरती,, दीवार या लकड़ी फटने के कारण पड़नेवाली रेखा 31) पुनः पुनः 33) बाजू में सरकना 34) फुलों की माला, पराजय 36) निद्रा लेने का कमरा 37) हिमालय में स्थित एक तीर्थक्षेत्र 38) शासन, राज्यकर्ता 39) प्रस्थान, बिदाई 41) एकत्र होना 42) अज 44) ऋण, कर्ज, नकद न दिया जानेवाला 46) पांच का चौथाई भाग 48) पुत्र 50) स्वाद लेना 51) गीदड़ 54) शव, अस्थी 59) हिफाजत, सुरक्षित 60) जनन, उत्पत्ति 62) गाय, बकरियां आदि चरानेवाला 63) यथाशक्ति 64) आश्चर्ययुक्त या अनोखा काम, सर्वोत्तम 65) भगवान के नाम से कुछ न खाना 66) रोजाना बिक्री की आमदनी 67) वंश 68) बरताव, आचरण 69) समाप्ति 70) मां, एक देवी 73) मध्य प्रदेश का एक प्रमुख शहर 74) दो या अधिक चीजों में तारतम्य या सादृश्य देखना 76) तनातनी, आपसी खींचतान 78) लज्जित होना, शरमाना 79) रात, निशा 80) लोक मत 82) प्रासाद 85) विष 89) रत्न, गोलक 90) महाकवि तुलसीदासजी के पत्नी का नाम 91) मुलायम 92) बड़प्पन 94) उत्तर प्रदेश की राजधानी 96) ओछापन 98) धागा 99) दुर्घटना 100) प्रेषित करना, एक स्थान से दूसरे स्थान को रवाना करना 102) पांव, चरण 103) समाचार 106) नाई 108) दुल्हा 109) हस्त, हाथ 110) देह, शरीर 112) मौसी (उर्दू) 113) कीमती सामान, सम्पत्ति (जबाब अगले अंक में)

### पिछले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब




anumeva-08446302691


## माथापच्ची

नीचे बायी ओर कुछ और मात्राएं दी गई हैं। उनसे आपको शब्द बनाने है और दायीं ओर के चौकोन खानों व वृत्ताकार आकृति में लिखना है। गोलाकृति के अक्षरों से जो शब्द बनता है उसे नीचे दिये गये वाक्य के खाली डिब्बों में लिखने से अर्थपूर्ण कहावत पूर्ण हो जायेगी।

u g k l k j
e g k g j h
y p u e h
o i k f j j
r k i f t j k

ny lhnk lth }kjk jfpr ,d çfl) jpuk --

......eku l

## सू-डोकू- 89

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | | | | 1 | 8 | | 5 |
| | | 7 | 2 | | | | 4 | |
| 2 | 8 | | | | 4 | | 7 | 1 |
| | | 5 | 8 | | 9 | 6 | | 3 |
| 1 | 9 | | | | 6 | | | |
| | 2 | | 3 | 1 | | | 5 | 9 |
| 7 | | 6 | 1 | | | 2 | | |
| 9 | 4 | | | | | 1 | 3 | |
| | | 1 | | 4 | | | | 7 |

● आपको हर आड़ी और खड़ी पंक्ति में 1 से 9 यह अंक इस तरह लिखना है की, एक पंक्तिमें एक अंक एकही बार आना चाहिये. ● हर आड़ी और खड़ी पंक्ति और हर 3 X 3 के वर्ग में 1 से 9 यह अंक आनाही चाहिये. ● पहले से छपे अंको को हिलाना नहीं..

### lMkd 88 dk tokc

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 2 | 1 | 4 | 8 | 5 | 9 | 3 |
| 9 | 1 | 5 | 3 | 2 | 7 | 6 | 4 | 8 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 5 | 9 | 2 | 7 | 1 |
| 8 | 9 | 7 | 2 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 |
| 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 | 8 | 2 | 4 |
| 5 | 2 | 4 | 8 | 1 | 3 | 9 | 6 | 7 |
| 7 | 8 | 9 | 5 | 3 | 6 | 4 | 1 | 2 |
| 4 | 3 | 1 | 9 | 8 | 2 | 7 | 5 | 6 |
| 2 | 5 | 6 | 4 | 7 | 1 | 3 | 8 | 9 |




जग प्रेरणा


# खेल / मनोरंजन

● क्रिकेट ● हॉकी ● बैडमिंटन ● टेबल टेनिस ● फुटबॉल ● वॉलीवाल ● शतरंज ● कराटे ● एथलेटिक्स



## इम्पैक्ट प्लेयर नियम खेल से कौशल को काफी हद तक खत्म कर रहा है: जैमीसन..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***दिल्ली कैपिटल्स के तेज गेंदबाज काइल जैमीसन ने भी कई अन्य खिलाड़ियों की तरह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के विवादास्पद इम्पैक्ट प्लेयर नियम की आलोचना करते हुए सोमवार को कहा कि इससे खेल का कौशल काफी हद तक खत्म हो रहा है।***

कई मौजूदा और पूर्व क्रिकेटरों ने इस नियम पर चिंता व्यक्त की है, जिससे टीम मैच के दौरान किसी भी समय पांच खिलाड़ियों की सूची में से एक खिलाड़ी को अंतिम एकादश में शामिल किसी अन्य खिलाड़ी की जगह मैदान पर उतार सकते हैं। कुछ खिलाड़ी इस नियम को ऑलराउंडर के विकास में बाधा मानते हैं जबकि कुछ का मानना है कि इससे खेल का पलड़ा बल्लेबाजों के पक्ष में झुक जाता है क्योंकि टीमें अब आठवें नंबर पर एक अतिरिक्त बल्लेबाज होने के कारण शुरू से लेकर आखिर तक आक्रामक अंदाज में खेल सकती हैं।

जैमीसन ने गुजरात टाइटन्स और दिल्ली कैपिटल्स के मैच से पहले यहां पत्रकारों से कहा, 'निजी तौर पर मैं इस नियम का समर्थक नहीं हूं। मुझे लगता है कि इससे खेल में कौशल का महत्व काफी हद तक कम हो जाता है।' उन्होंने कहा,



''मुझे लगता है कि अगर आप नौवें या दसवें नंबर तक बल्लेबाज रख सकते हैं तो फिर आपको उस तरह के बल्लेबाजी कौशल की जरूरत नहीं पड़ेगी जो शायद आपको पहले की तरह चाहिए होती थी।' भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने 2023 में यह नियम लागू किया था और यह 2027 तक बना रहेगा। इसके बाद इस नियम की समीक्षा की जाएगी।

जैमीसन ने कहा, 'मुझे लगता है कि इसका असर ऑलराउंडर पर पड़ रहा है। इससे ऐसे खिलाड़ी प्रभावित हो रहे हैं जो गेंदबाजी और बल्लेबाजी दोनों कर सकते हैं और टीम को संतुलन प्रदान कर सकते हैं। इस नियम से खेल से इस कौशल का महत्व थोड़ा कम हो जाता है।' न्यूजीलैंड के इस तेज गेंदबाज ने कहा कि आईपीएल के अलावा दुनिया की किसी भी बड़ी लीग में इम्पैक्ट प्लेयर नियम का उपयोग नहीं किया जाता। उन्होंने कहा, 'दुनिया भर में या अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में आपको बहुत कम ही ऐसी जगहें देखने को मिलेंगी जहां इम्पैक्ट प्लेयर का नियम लागू होता है। इसके पीछे कोई अच्छा कारण ही होगा।' जैमीसन को दिल्ली कैपिटल्स की तरफ से वर्तमान सत्र में अभी तक खेलने का मौका नहीं मिला है क्योंकि टीम केवल चार विदेशी खिलाड़ियों को मैदान में उतार सकती हैं।

उन्होंने कहा, 'निश्चित तौर पर हर कोई खेलना चाहता है। प्रत्येक खिलाड़ी इस टीम को मैच जिताने के लिए अपना योगदान देना चाहता है। लेकिन केवल चार विदेशी खिलाड़ी ही खेल सकते हैं और मेरे लिए यह क्रिकेटर के रूप में बेहतर बनने का समय है। इसके लिए आईपीएल से बेहतर कोई मंच नहीं हो सकता है।'

## श्रेया घोषाल का नया आशियाना, मुंबई के पॉश इलाके में खरीदा 29.7 करोड़ का प्रीमियम अपार्टमेंट..

डेस्क जगप्रेरणा।

***मुंबई के वर्ली इलाके में कई सितारों और खिलाड़ियों के आलीशान घर हैं, जिसमें अब श्रेया घोषाल का नाम भी जुड़ चुका है। स्क्वायर याड्र्स के प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन डॉक्यूमेंट्स के अनुसार मशहूर प्लेबैक सिंगर श्रेया घोषाल ने अपनी मां शमीष्ठा घोषाल और पिता बिस्वजीत घोषाल के साथ मिलकर मुंबई के वर्ली में 29.70 करोड़ रुपये का एक प्रीमियम अपार्टमेंट खरीदा है।***

विराट कोहली-अनुष्का शर्मा, शाहिद कपूर-मीरा राजपूत और माधुरी दीक्षित जैसे कई स्टार्स का इस प्रीमियम लोकेशन में आशियाना हैं।

### 29.7 करोड़ का श्रेया घोषाल ने खरीदा अपार्टमेंट..

स्क्वायर याड्र्स द्वारा एक्सेस किए गए **IGR** प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन रिकॉर्ड्स के मुताबिक यह अपार्टमेंट वर्ली के गोदरेज ट्रिलॉजी में स्थित है। इस प्रॉपर्टी का कारपेट एरिया 2,430.06 **sq ft** यानी 225.76 **sq m** और कुल एरिया 2,750.28 **sq ft** है। इसके साथ तीन कार पार्किंग स्पेस भी हैं। इस डील में 1.78 करोड़ की स्टांप ड्यूटी और 30,000 का रजिस्ट्रेशन फीस शामिल है। दस्तावेजों के अनुसार इस डील का रजिस्ट्रेशन 1 अप्रैल, 2026 को किया गया था।



### स्टार्स की पसंद बन गया वर्ली एरिया..

मुंबई का वर्ली, दक्षिण मुंबई, लोअर परेल, प्रभादेवी और बांद्रा के बाद कई लग्जरी प्रोजेक्ट्स के लिए एक हॉटस्पॉट बन गया है। इस माइक्रो मार्केट में कई ऐसे प्रोजेक्ट्स हैं, जिनकी कीमत 1 लाख प्रति वर्ग फुट से ज्यादा है। पिछले कुछ सालों में वर्ली एक हाई-एंड रिहायशी और कमर्शियल जगह के तौर पर बदल गया है, जहां लग्जरी ऊंची इमारतें, प्रीमियम ऑफिस स्पेस और बेहतरीन सोशल इंफ्रास्ट्रक्चर मौजूद हैं। ऐसे में कई सेलेब्स के लिए यह इलाका पसंदीदा बन चुका है।

### पहले बॉलीवुड सॉन्ग ने बना दिया स्टार सिंगर..

श्रेया घोषाल एक जानी-मानी गायिका हैं। वह अपनी बेहतरीन आवाज के कारण हर पीढ़ी की पसंदीदा सिंगर हैं, जिनके गाने रिलीज होते ही हिट हो जाते हैं। रियलिटी शो 'सारेगामापा' जीतने के बाद उन्हें जबरदस्त नेम-फेम मिली और उन्होंने फिल्म 'देवदास' (2002) से बॉलीवुड में कदम रखा और 'बैरी पिया' से सभी का दिल जीत लिया। कमाल की बात यह है कि श्रेया ने हिंदी के अलावा, असमिया, बंगाली, कन्नड़, मलयालम, मराठी, पंजाबी, तमिल, तेलुगु और भोजपुरी में भी गाने गाए हैं।

## राजस्थान के आक्रामक खेल से सतर्क रहना होगा मुंबई को, हार्दिक की फिटनेस पर होगी निगाह..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***पिछले मैच में हार के बाद वापसी के लिए प्रतिबद्ध मुंबई इंडियंस को उम्मीद होगी कि कप्तान हार्दिक पंड्या पूरी तरह से फिट होकर राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मंगलवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में खेलेंगे।***

हार्दिक अस्वस्थ होने के कारण दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पिछले मैच में नहीं खेल पाए थे जिसमें उनकी टीम को छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। हार्दिक की अनुपस्थिति में भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने अगुवाई की थी लेकिन टीम को हार्दिक के ऑलराउंड खेल की कमी महसूस हुई।

हार्दिक की अनुपस्थिति के कारण टीम संयोजन में भी फेरबदल करना पड़ा। उनकी जगह टीम में शामिल किए गए दीपक चाहर ने सधी हुई गेंदबाजी की, लेकिन अनुभवी तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट की जगह कॉर्बिन बॉश को लाने का फैसला उल्टा पड़ गया, क्योंकि दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाज ने जमकर रन लुटाए।

इसके बाद हार्दिक ने अभ्यास शुरू कर दिया है जिससे कि उनकी वापसी की संभावना मजबूत बन गई है। पहले मैच में गेंदबाजी में शानदार प्रदर्शन करने वाले शार्दुल ठाकुर पिछले मैच में महंगे साबित हुए, वहीं हमेशा भरोसेमंद रहने वाले जसप्रीत बुमराह किफायती तो रहे हैं लेकिन इस सत्र में अभी तक विकेट नहीं ले पाए हैं। स्पिन विभाग में मिचेल सैंटनर ने अफगानिस्तान के मिस्ट्री स्पिनर अल्लाह गज़नफ़र की जगह टीम में अपने चयन को सही साबित किया और संभावना है कि वह अपना स्थान बरकरार रखेंगे।



मुंबई इंडियंस के गेंदबाजों को हालांकि राजस्थान के शीर्ष क्रम के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। राजस्थान के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों ने अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है। राजस्थान की टीम ने अभी तक आक्रामक रवैया अपनाया है और मुंबई को उस सतर्क रहने की जरूरत होगी।

सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी ने टीम को विस्फोटक शुरुआत दी है, जिसके बाद ध्रुव जुरेल ने लय कायम रखी है।

कप्तान रियान पराग ने अभी तक बल्ले से कोई खास योगदान नहीं दिया है, लेकिन उन्हें अपने नेतृत्वकौशल से आत्मविश्वास मिलेगा। उन्होंने अब तक अपनी कप्तानी से प्रभावित किया है, विशेषपर डेथ ओवरों में लिए गए उनके रणनीतिक फैसलों से जिसके कारण रॉयल्स ने गुजरात टाइटन्स पर रोमांचक जीत दर्ज की थी।

गेंदबाजों में तुषार देशपांडे और रवि बिश्नोई का प्रदर्शन प्रभावशाली रहा है। बिश्नोई दो मैचों में पांच विकेट लिए हैं। वहीं देशपांडे ने टाइटन्स के खिलाफ आखिरी ओवर में 10 रन का सफलतापूर्वक बचाव करते हुए डेथ ओवरों के अपने कौशल का अच्छा नमूना पेश किया था।

मुंबई की टीम अंक तालिका में अभी छठे स्थान पर है जबकि राजस्थान दूसरे स्थान पर है।

### टीम इस प्रकार हैं:

**राजस्थान रॉयल्स:** रियान पराग (कप्तान), ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, लुआन-ड्रे प्रिटोरियस, रवि सिंह, अमन पेराला, शिमरोन हेटमायर, शुभम दुबे, वैभव सूर्यवंशी, यशस्वी जयसवाल, रवींद्र जड़ेजा, एडम मिल्ने, ब्रिजेश शर्मा, जोफ्रा आर्चर, कुलदीप सेन, क्वेना मफाका, नांद्रे बर्गर, रवि बिश्नोई और संदीप शर्मा।

**मुंबई इंडियंस:** हार्दिक पंड्या (कप्तान), क्विंटन डीकॉक (विकेटकीपर), दानिश मालेवार, रॉबिन मिंज (विकेटकीपर), रयान रिकेल्टन (विकेटकीपर), शेरफेन रदरफोर्ड, **रोहित शर्मा**, सूर्यकुमार यादव, अथर्व अंकोलेकर, राज बावा, कॉर्बिन बॉश, विल जैक्स, मयंक रावत, नमन धीर, मिचेल सेंटनर, शार्दुल ठाकुर, तिलक वर्मा, अश्विनी कुमार, ट्रेंट बोल्ट, जसप्रीत बुमराह, दीपक चाहर, एएम गजनफर, मयंक मार्कंडेय, मोहम्मद इज़हार, रघु शर्मा।

## 'सांवली-मोटी कहकर मजाक उड़ाया जाता था', बचपन के दिनों को याद कर छलका दर्द, एक्ट्रेस ने शेयर किया पुराना किस्सा..

डेस्क जगप्रेरणा।

***फिल्म इंडस्ट्री में अपनी पहचान बना पाना आसान नहीं है, क्योंकि अब हर रोल के लिए लुक ज्यादा मायने रखता है। ऐसे में नए चेहरों को फिल्मी दुनिया में शोहरत कमाने में बहुत दिक्कत होती है,***



लेकिन अगर आपकी पर्सनैलिटी दमदार है तो आप हर किरदार में फिट हो जाते हैं। हालांकि, आज हम उस एक्ट्रेस के बारे में बताने जा रहे हैं जो बॉलीवुड को अलविदा कह चुकी है। उन्होंने हाल ही में सोशल मीडिया पर खुलासा किया था कि बचपन में उनके सांवले रंग और वजन को लेकर उनका मजाक उड़ाया जाता था। इसके साथ ही उन्होंने अपने बचपन की तस्वीरें भी शेयर की हैं।

### सांवली-मोटी कहकर एक्ट्रेस को किया जाता था तंग..

हम जिस हीरोइन की बात कर रहे हैं। उनका बचपन में वजन और रूप-रंग के कारण मजाक उड़ाया जाता था। ये हसीना कोई और नहीं, बल्कि समीरा रेड्डी हैं। समीरा बॉडी पॉजिटीविटी को बढ़ावा देने के लिए जानी जाती है, जो कई साउथ और बॉलीवुड की फिल्मों में काम कर चुकी हैं। हालांकि, समीरा रेड्डी ने फिल्मी दुनिया को अलविदा कह दिया है और अपने फैंस के साथ सोशल मीडिया के जरिए जुड़ी हुई हैं। एक्ट्रेस अक्सर अपने फैंस को अपनी लाइफसे जुड़ी हर छोटी-बड़ी अपडेट देती रहती हैं। अब उन्होंने अपने बचपन का एक दर्द भरा किस्सा शेयर किया है, जिसे याद कर आज भी उनका मन दुखी हो जाता है। उन्होंने अपनी बचपन की अनसीन तस्वीरों को पोस्ट किया और बताया कि कैसे उनमें कॉन्फिडेंस की कमी थी, लेकिन उन्हें जल्द ही समझ आ गया था कि दिल अच्छा होना चाहिए।

### बॉडी शेमिंग पर छलका समीरा रेड्डी का दर्द..

समीरा रेड्डी ने अपने बचपन की तस्वीरें शेयर की और कैप्शन में लिखा, 'बचपन में मुझमें जरा भी आत्मविश्वास नहीं था।

कसम से अगर मैं उस सांवली, थोड़ी मोटी और खुद पर शक करने वाली लड़की को झकझोरकर यह बता पाती कि वह आगे चलकर कितनी कमाल की बनने वाली है तो मैं जरूर बताती। जब मेरे बच्चे हुए, तो मैं जानती थी कि मुझे उन्हें सबसे पहले दया और करुणा सिखानी है, लेकिन साथ ही उन्हें अपनी सीमाओं और खुद पर विश्वास रखने का मतलब भी समझाना है। बदकिस्मती से इस दुनिया में इन दोनों के बीच संतुलन बनाए रखना बहुत मुश्किल काम है और बड़े होते समय मैंने इस दर्द को खुद महसूस किया था।'

### बुरे वक्त से कैसे बाहर निकालीं एक्ट्रेस..

एक्ट्रेस ने इसी पोस्ट में आगे लिखा, 'उन लोगों के आस-पास खड़े रहें, जिनसे आप प्यार करते हैं। उनका साथ दें। उनकी बात सुनें। चाहे वह कोई बच्चा हो या कोई बड़ा इंसान हो। मैं अब भी खुद के बारे में अपनी पुरानी सोच को बदलने की कोशिश कर रही हूं... मुझे यकीन है कि हम सभी अपने बचपन में मन में बैठ चुकी बातों से आगे निकलने की कोशिश कर रहे हैं।'

### समीरा रेड्डी की आखिरी फिल्म..

एक्ट्रेस ने 2002 की रोमांटिक एक्शन फिल्म 'मैंने दिल तुझको दिया' से बॉलीवुड में कदम रखा था। लंबे ब्रेक पर जाने से पहले समीरा रेड्डी की आखिरी फिल्म कन्नड़ एक्शन मूवी 'वरदानयका' थी, जो 2013 में रिलीज हुई थी।

उससे पहले वह 2012 की हिंदी फिल्म 'तेज' में नजर आई थीं। फिलहाल वह 'चिम्नी' नाम की एक हॉरर फिल्म के साथ वापसी करने को लेकर चर्चा में है, लेकिन इस फिल्म को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है।

## भारत की मिश्रित राइफल और पिस्टल टीमें ग्रेनाडा विश्व कप में चुनौती पेश करेंगी..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***भारतीय निशानेबाज मंगलवार से यहां शुरू हो रहे राइफल/पिस्टल विश्व कप में खुद को एक मजबूत ताकत के तौर पर साबित करने की कोशिश करेंगे जब इस प्रतियोगिता की शुरुआत 10 मीटर एयर राइफल और एयर पिस्टल स्पर्धाओं से होगी।***




प्रतियोगिता में हालांकि अनुभवी खिलाड़ियों की मौजूदगी और उनके ऊंचे स्तर को देखते हुए भारतीय निशानेबाजों की राह आसान नहीं होगी।

पिस्टल वर्ग में एशियाई खेलों की चैंपियन पलक गुलिया 25 मीटर पिस्टल के 2024 जूनियर विश्व चैंपियन मुकेश नेलावल्ली के साथ जोड़ी बनाएंगी जबकि 2025 विश्व कप फाइनल्स की रजत पदक विजेता संयम और उज्ज्वल मलिक एक साथ मिलकर चुनौती पेश करेंगे। भारत की मिश्रित जोड़ियों को ओलंपिक और विश्व चैंपियन जोड़ियों की मौजूदगी में मजबूत चुनौती का सामना करना पड़ेगा जिसमें चीन की टीम भी शामिल है। चीनी की टीम ने इस साल नयी दिल्ली में हुई एशियाई चैंपियनशिप में हिस्सा नहीं लिया था लेकिन उन्होंने इस प्रतियोगिता के लिए दो विश्व स्तरीय जोड़ियों को मैदान में उतारा है। मौजूदा मिश्रित टीम विश्व चैंपियन हू काई और याओ कियानक्सुन तथा पेरिस ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता शी यू और जूनियर विश्व चैंपियनशिप की पूर्व पदक विजेता शेन यियाओ अन्य प्रतिभागियों को कड़ी चुनौती पेश करेंगे। अन्य प्रमुख जोड़ियों में तुर्की की पेरिस ओलंपिक की रजत पदक विजेता सेव्वाल इलायदा तारहान और यूसुफ डिकेच, जोराना अरुनोविक और दामिर माइकक की सर्बिया की जोड़ी, वेरोनिका मेजर और अकोस कैरोली नागी की हंगरी की जोड़ी तथा क्रिश्चियन रिट्ज और स्वेन्जा बर्गे की जर्मनी की जोड़ियां शामिल हैं।

दस मीटर एयर राइफल वर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व सोनम मस्कर और गजानन खंडागले तथा श्रुति और अर्शदीप सिंह की जोड़ियां करेंगी। युवा निशानेबाजों की मौजूदगी वाली भारत की मिश्रित टीमें बेहद मजबूत विरोधियों का सामना करेंगी जिनमें शेंग लिहाओ और वांग जिफेई की चीन की दुनिया की नंबर एक और मौजूदा विश्व चैंपियन जोड़ी भी शामिल है। वहीं इस प्रतियोगिता में चीन की दूसरी जोड़ी मा सिहान और झांग कियानयिंग की है।

पदक की दौड़ में शामिल अन्य जोड़ियों में जेनेट हेग ड्यूस्टैड और जॉन हर्मन हेग की नॉर्वे की जोड़ी, जर्मनी के मौजूदा 10 मीटर एयर राइफल पुरुष विश्व चैंपियन मैक्सिमिलियन डैलिंगर और हन्ना स्टेफेन डिक्स तथा इस्तवान पेनी और एज्टर डेनेस की हंगरी की जोड़ी शामिल हैं।

भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) की चयन नीति के अनुसार घरेलू राष्ट्रीय रैंकिंग में चौथे से छठे स्थान के बीच की रैंकिंग वाले निशानेबाजों को मैदान में उतारा गया है। इस साल के आखिर में दोहा में होने वाली विश्व चैंपियनशिप में लॉस एंजिलिस 2028 ओलंपिक के लिए शुरुआती कोटा स्थान दिए जाएंगे। ऐसे में दुनिया भर के शीर्ष निशानेबाज खुद को परखने के लिए उत्सुक होंगे। साथ ही यह भारत के लिए भी एक बेहतरीन मौका है कि वह इस साल के आखिर में होने वाले एशियाई खेलों को ध्यान में रखते हुए अपनी टीम की गहराई का आकलन करे।

## सोनाक्षी सिन्हा की प्रेग्नेंसी अफवाहों पर मां पूनम ने तोड़ी चुप्पी, बयान हुआ वायरल..

डेस्क जगप्रेरणा।

***बॉलीवुड एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा अक्सर अपनी प्रेग्नेंसी की अफवाहों को लेकर सुर्खियों में रहती हैं और उन्होंने कई बार ऐसी अटकलों को गलत बताया है। अब सोनाक्षी की मां पूनम सिन्हा ने भी इन अटकलों पर रिएक्शन दिया है और कहा है कि उन्हें नहीं पता कि मीडिया ने उन्हें कितनी बार नानी बनाया है।***

उन्होंने यह भी कहा कि एक न एक दिन खुशखबरी मिल जाएगी और उस दिन वो सबसे ज्यादा खुश होने वाली हैं। सोशल मीडिया पर जब भी उनका किसी इवेंट से नया लुक वायरल होता है तो यूजर्स कहते हैं कि वो मां बनने वाली हैं और बेबी बंप छिपाने की कोशिश कर रही हैं।

### पूनम सिन्हा ने सोनाक्षी की प्रेग्नेंसी की खबरों पर लगाया विराम..

इंस्टेंट बॉलीवुड के साथ बातचीत के दौरान, पूनम सिन्हा ने प्रेग्नेंसी की अफवाहों के बारे में बात की और कहा, 'पता नहीं कितनी बार नानी बना दिया हमको, लेकिन चलो वो खुशी भी हमको मिलेगी, जरूर मिलेगी वो खुशी।' उन्होंने उस समय को भी याद किया जब उनकी बेटी सोनाक्षी उनकी जिंदगी में आई थी और कहा, 'वो पल तो सबसे अच्छा पल था हमारी जिंदगी का जब हमारे घर में बेटी आई। मुझे लगता है जिंदगी बेटियों के बिना कुछ भी नहीं है। बेटियों का होना बहुत जरूरी है।'



### जब प्रेग्नेंसी की अफवाहों पर भड़की थीं सोनाक्षी..

सोनाक्षी सिन्हा पिछले साल अपने पति जहीर इकबाल के साथ एक हाई-प्रोफाइल दिवाली पार्टी में शामिल हुई थीं। सोनाक्षी के एलिगेंट ट्रेडिशनल आउटफिट और उनके पोज को देखते हुए, लोग अंदाजा लगाने लगे कि एक्ट्रेस शायद अपने पहले बच्चे की उम्मीद कर रही हैं। बाद में इस खबर को गलत बताते हुए सोनाक्षी ने अपने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'इंसानी इतिहास में सबसे लंबी प्रेग्नेंसी का वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर मुझे मिलता है, सिर्फ पेट के निचले हिस्से पर हाथ रखकर पोज देने के लिए। जब खुशखबरी आएगी तो दे देंगे।'

### सोनाक्षी और जहीर की शादीशुदा जिंदगी..

सोनाक्षी और जहीर ने 23 जून, 2024 को स्पेशल मैरिज एक्ट के तहत शादी की। शादी के बाद कपल ने शानदार पार्टी होस्ट की, जिसमें कई बड़े सितारे शामिल हुए। यह कपल अक्सर अपनी खुशहाल शादीशुदा जिंदगी की झलक दिखाता रहता है।

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

जग प्रेरणा
व्यापार समाचार
● शेयर बाजार ● इलेक्ट्रॉनिक्स ● कपड़ा ● किराना ● लोहा ● सिमेंट ● सराफा ● आटोमोबाईल्स
मंगलवार 07 अप्रैल 2026





# पूंजीगत व्यय बढ़ाने, संकट से प्रभावित क्षेत्रों को समर्थन देने के लिए वित्तीय गुंजाइश उपलब्ध : सीतारमण..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि राजकोषीय सूझबूझ ने सरकार को पूंजीगत व्यय बढ़ाने और पश्चिम एशिया संकट से प्रभावित क्षेत्रों को समर्थन देने के लिए पर्याप्त वित्तीय गुंजाइश दी है।***

उन्होंने कहा कि इसके अलावा भारतीय रिजर्व बैंक उभरती स्थिति से निपटने के लिए ब्याज दरों में और कटौती कर सकता है।

सीतारमण ने चुनौतीपूर्ण समय में अच्छी सार्वजनिक वित्त नीति के महत्व का जिक्र करते हुए कहा कि इससे आर्थिक नरमी के दौर में उससे निपटने, विशेष रूप से विपरीत परिस्थितियों में भी टिके रहने की क्षमता में सुधार होता है।

उन्होंने यहां राष्ट्रीय लोक वित्त एवं नीति संस्थान (एनआईपीएफपी) के एक कार्यक्रम में कहा कि आज भारी कर्ज और बड़े घाटे वाले कई देशों के पास कोई विकल्प नहीं बचा है और उन्हें मितव्ययिता और अस्थिरता के बीच एक कठिन विकल्प का सामना करना पड़ रहा है।

वित्त मंत्री ने कहा, ''इसके उलट, भारत के पास राजकोषीय संसाधन हैं। पूंजीगत व्यय कार्यक्रम को जारी रखने की गुंजाइश है, आरबीआई के पास ब्याज दरें कम करने की गुंजाइश है और प्रभावित क्षेत्रों को लक्षित सहायता प्रदान करने की क्षमता है। यह एक दशक की राजकोषीय सूझबूझ और अनुशासन का परिणाम है।''

उन्होंने कहा कि राजकोषीय गुंजाइश को देखते हुए ही हाल ही में पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क कम किए गए और प्रमुख पेट्रोरसायन उत्पादों पर सीमा शुल्क से छूट दी गयी। एसईजेड (विशेष आर्थिक क्षेत्र) को घरेलू शुल्क क्षेत्र में परिचालन की अनुमति दी गयी।

सरकार ने 26 मार्च को पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में 10 रुपये प्रति लीटर की कटौती की ताकि युद्ध के बीच बढ़ती वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों के प्रभाव से उपभोक्ताओं को बचाया जा सके।

अमेरिका और इजराइल के 28 फरवरी को ईरान पर सैन्य हमले के बाद से वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में लगभग 50 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसके परिणामस्वरूप ईरान ने व्यापक जवाबी कार्रवाई की।

सरकार ने डीजल पर 21.50 रुपये प्रति लीटर और विमान ईंधन (एटीएफ) पर 29.50 रुपये प्रति लीटर का निर्यात शुल्क भी लगाया। पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क घटाकर तीन रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है, जबकि डीजल पर यह वर्तमान में शून्य है।

भारत ने दो अप्रैल को पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण पोत परिवहन मार्गों में समस्याओं के बीच आपूर्ति स्थिरता सुनिश्चित करने और अंतिम उत्पादों के उपभोक्ताओं को राहत प्रदान करने के लिए महत्वपूर्ण पेट्रोरसायन उत्पादों के आयात को सीमा शुल्क से छूट दी। सीतारमण ने कहा कि यह साल पिछले वर्ष की तुलना में अधिक चुनौतीपूर्ण है। उन्होंने कहा, ''पश्चिम एशिया में बढ़ता संघर्ष अब केवल क्षेत्रीय सुरक्षा तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति को प्रभावित करने वाला बड़ा झटका बन गया है और नई बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था का संकेत दे रहा है।''

सीतारमण ने 2025 को प्रभावित करने वाली विभिन्न वैश्विक घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि यह वर्ष नीति निर्माताओं की शुरुआती सोच से कहीं अधिक महत्वपूर्ण बन गया है।



उन्होंने कहा, ''शुल्क और अन्य बाधाओं के कारण व्यापार के प्रभावित होने से वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में गंभीर अनिश्चितता पैदा कर दी है। इसके चलते वैश्विक वृद्धि अनुमान में भारी गिरावट आई...।'' भारत के ऋण-जीडीपी अनुपात का उल्लेख करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि सामान्य सरकारी ऋण-जीडीपी अनुपात (राज्यों के कर्ज के साथ) 81 प्रतिशत के साथ भारत, जर्मनी के बाद प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे कम है।

उन्होंने कहा कि इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि भारत एकमात्र ऐसी प्रमुख अर्थव्यवस्था है जहां अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष का अनुमान है कि यह अनुपात 2030 तक घटकर 75.8 प्रतिशत हो जाएगा। जबकि अमेरिका, चीन, जर्मनी और अन्य जैसी विकसित अर्थव्यवस्थाओं के लिए ऋण की स्थिति और खराब होने का अनुमान है।

वित्त मंत्री ने कहा, ''सितंबर, 2025 तक हमारा बाह्य ऋण-जीडीपी अनुपात मात्र 19.1 प्रतिशत है, जो उभरते बाजारों में सबसे कम में से एक है। भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 688 अरब डॉलर (31 मार्च 2026 की स्थिति के अनुसार) से अधिक है, जो लगभग 11 महीनों के आयात को पूरा करने के लिए पर्याप्त है।'' सीतारमण ने कहा कि वास्तव में यह वर्षों के राजकोषीय प्रबंधन के दौरान लिए गए सुनियोजित, निरंतर और कभी-कभी राजनीतिक रूप से कठिन निर्णयों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि यह इस सरकार की उपयुक्त नीतियों और स्थिर नेतृत्व के कारण संभव हुआ है, जिसका एकमात्र लक्ष्य भारत की तीव्र प्रगति सुनिश्चित करना है।

सीतारमण ने कहा कि सूझबूझ के साथ राजकोषीय नीति का अर्थ केवल 'किफायती' या खर्च में कटौती करना नहीं है, बल्कि संसाधनों का कुशल और पारदर्शी तरीके से उपयोग करना भी है। उन्होंने कहा कि इस विवेकपूर्ण प्रबंधन ने भारत की वृहद आर्थिक स्थिरता को मजबूत किया है, जिसके परिणामस्वरूप 2025 में मॉर्निंगस्टार डीबीआरएस, एसएंडपी और आर एंड आई जैसी एजेंसियों ने साख में सुधार किया है।

वित्त मंत्री ने कहा कि एक दशक पहले भारत को 'कमजोर पांच अर्थव्यवस्थाओं' में शामिल किया जाता था लेकिन देश अब विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है। उन्होंने कहा, ''हमने एक अस्थिर राजकोषीय घाटे के साथ शुरुआत की थी। हमने इसे जीडीपी के 4.4 प्रतिशत तक कम कर दिया है, जो 2030-31 तक जीडीपी के 50 प्रतिशत ऋण अनुपात की ओर बढ़ रहा है। हमने संदेह पर आधारित कर प्रणाली के साथ शुरुआत की थी। हमने एक ऐसी कर प्रणाली बनाई है जो विश्वास पर आधारित है।''

सीतारमण ने कहा कि विकसित भारत 2047 का मार्ग लंबा है और आगे आने वाली चुनौतियां बहुत बड़ी हैं। इन चुनौतियों में जलवायु वित्त, ऋण प्रबंधन, जनसांख्यिकीय परिवर्तन के राजकोषीय निहितार्थ, सार्वजनिक निवेश पर प्रतिफल की चुनौती, प्रौद्योगिकी-आधारित व्यवधान आदि शामिल हैं।

# डॉलर के कमजोर होने से चांदी 5,000 रुपये चढ़ी, सोना 2,300 रुपये मजबूत

नई दिल्ली, (भाषा)।

***कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और अमेरिकी डॉलर के कमजोर होने के कारण राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोमवार को चांदी की कीमतें 5,000 रुपये बढ़कर 2.42 लाख रुपये प्रति किलोग्राम हो गईं,***




जबकि सोना बढ़कर 1.53 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत 5,000 रुपये, या 2.11 प्रतिशत बढ़कर 2,42,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई, जो शुक्रवार के बंद भाव 2,37,000 रुपये प्रति किलोग्राम से अधिक है।

99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 2,300 रुपये, या 1.52 प्रतिशत बढ़कर 1,53,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया। पिछले सत्र में यह 1,51,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

विश्लेषकों ने कहा कि कीमती धातुओं में हालिया गिरावट के बाद कीमतें घटने पर होने वाली लिवाली के कारण सर्राफा की कीमतों में सुधार आया।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा कि सोमवार को सोने की कीमतों में सुधार आया, क्योंकि व्यापारियों ने सस्ते में लिवाली बढ़ा दी, इसे डॉलर में आई नरमी और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से समर्थन मिला।

उन्होंने कहा कि कीमती धातुओं के पश्चिम एशिया में होने वाले भू-राजनीतिक घटनाक्रमों के प्रति संवेदनशील बने रहने की उम्मीद है, जो घरेलू बाजारों में बाजार की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहेंगे।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में, हाजिर चांदी 0.5 प्रतिशत बढ़कर 73.37 डॉलर प्रति औंस हो गई और सोना 0.14 प्रतिशत बढ़कर 4,682.80 डॉलर प्रति औंस हो गया।

मिराए एसेट शेयरखान में जिंस प्रमुख प्रवीण सिंह ने कहा कि हाजिर सोना लगभग 0.2 प्रतिशत की बढ़त के साथ 4,680 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सात अप्रैल की समय सीमा से पहले संघर्ष विराम की संभावना के बीच कच्चे तेल की कीमतें नरम पड़ गईं।

हालांकि, उन्होंने कहा कि अमेरिका के मज़बूत वृहद आर्थिक आंकड़ों की वजह से सोने की कीमतों में तेज़ी सीमित रह सकती है। उन्होंने यह भी बताया कि नौकरियों के उत्साहजनक आंकड़ों के कारण सोने की कीमतें ऊपर-नीचे और अस्थिर बनी रह सकती हैं।

कोटक सिक्योरिटीज में जिंस रिसर्च की एवीपी, कायनात चैनवाला ने कहा कि इस सप्ताह भू-राजनीति ही मुख्य कारक बनी रहेगी और इससे ही सर्राफा कीमतों को दिशा मिलेगी।




# वैश्विक अनिश्चितता के बीच 2026-27 में सोने, चांदी में रहेगी तेजी, बड़े उछाल की संभावना कम

नई दिल्ली, (भाषा)।

***घरेलू बाजारों में कीमती धातुओं की कीमतें वित्त वर्ष 2026-27 में मध्यम रूप से तेज रहने की उम्मीद है, क्योंकि भू-राजनीतिक तनाव, व्यापार युद्ध का डर और वैश्विक स्तर पर मंदी का बढ़ता जोखिम 'सेफ-हेवन'***



(सुरक्षित निवेश) की मांग को बढ़ा सकता है, भले ही ऊंची ब्याज दरें कीमतों में तेज़ उछाल को सीमित कर सकती हैं। घरेलू मोर्चे पर वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान, चांदी के वायदा भाव एक अप्रैल, 2025 को दर्ज 99,461 रुपये प्रति किलोग्राम से बढ़कर 1,41,431 रुपये, या 142.2 प्रतिशत बढ़ गए; जबकि सोना इसी अवधि के दौरान दर्ज 90,503 रुपये प्रति 10 ग्राम से 60,258 रुपये या 67 प्रतिशत बढ़ गया।

यह दृष्टिकोण दशकों में कीमती धातुओं के लिए सबसे मज़बूत वर्षों में से एक के बाद आया है। वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान चांदी में 142 प्रतिशत से अधिक की तेज़ी आई, जबकि सोने में लगभग 67 प्रतिशत की तेज़ी आई। जिसकी मुख्य वजह अमेरिकी प्रशासन का शुल्क युद्ध, भू-राजनीतिक तनाव, केंद्रीय बैंकों द्वारा भारी खरीदारी, आपूर्ति की तंग स्थिति और वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता रही।

चॉइस ब्रोकिंग में जिंस और मुद्रा विश्लेषक आमिर मकदा ने पीटीआई-भाषा को एक साक्षात्कार में बताया, ''वित्त वर्ष 2026-27 के लिए सोने और चांदी का दृष्टिकोण मध्यम रूप से तेज़ी वाला रहेगा। चूंकि वैश्विक अर्थव्यवस्था भू-राजनीतिक तनाव, व्यापार युद्ध और वैश्विक मंदी के डर के कारण एक मुश्किल दौर से गुज़र रही है, इसलिए 'सेफ-हेवन' संपत्तियों की मांग बढ़ेगी।''

मज़बूत बढ़त के बावजूद, वित्त वर्ष के अंत में सर्राफा की कीमतों में तेज़ गिरावट या तकनीकी सुधार देखने को मिला। अकेले मार्च में, सोने की कीमतें 11,343 रुपये, या सात प्रतिशत नीचे आ गईं, जबकि मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में चांदी 41,752 रुपये, या 15 प्रतिशत टूट गई।

हालिया कीमतों में गिरावट पर उन्होंने कहा, ''ऐतिहासिक रूप से, 'सेफ-हेवन' संपत्ति के रूप में सोने की मांग युद्ध की स्थितियों के दूसरे चरण में बढ़ने की संभावना होती है, जब डॉलर की बढ़त सीमित हो जाती है।''

हालांकि, मकदा ने आगाह किया कि अमेरिकी फेडरल रिज़र्व और अन्य प्रमुख केंद्रीय बैंकों द्वारा लंबे समय तक ऊंची ब्याज दरें बनाए रखने से सर्राफा कीमतों में तेज़ उछाल सीमित हो सकता है।

वित्त वर्ष 2025-26 में चांदी के शानदार प्रदर्शन के बारे में बताते हुए मकदा ने इसका श्रेय लगातार पांच साल से बनी हुई आपूर्ति की कमी, सोलर फोटोवोल्टिक और इलेक्ट्रिक वाहन क्षेत्र से रिकॉर्ड मांग, और ईटीएफ्स में संस्थागत निवेश में तेज़ी को दिया। इन सबने मिलकर चांदी के अपेक्षाकृत छोटे बाज़ार में कीमतों में उतार-चढ़ाव को और बढ़ा दिया।

आगे के बारे में मकदा को उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2026-27 में चांदी में मध्यम तेज़ी बनी रहेगी। घरेलू बाज़ार में कीमतें मुद्रा में उतार-चढ़ाव के आधार पर, 2.75 लाख से 3.5 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के बीच रहने की संभावना है।

अमेरिकी डॉलर के संबंध में, मकदा को उम्मीद है कि फेडरल रिज़र्व की नीतियों को लेकर बनी अनिश्चितता के कारण इसमें उतार-चढ़ाव बना रहेगा। कुल मिलाकर उन्होंने ने कहा कि 2026-27 में बीच-बीच में आने वाले उतार-चढ़ाव के बावजूद, भू-राजनीतिक जोखिम, केंद्रीय बैंकों की मांग और औद्योगिक खपत सोने-चांदी की कीमतों को सहारा देते रहेंगे।

# अब उर्वरक संयंत्रों को उनकी जरूरत की 90 प्रतिशत तक गैस आपूर्ति..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***पेट्रोलियम कंपनियों के हाजिर बाजार से तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की खरीद के बाद उर्वरक संयंत्रों को प्राकृतिक गैस की आपूर्ति उनकी आवश्यकता के लगभग 90 प्रतिशत तक बढ़ा दी गई है।***




होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों की आवाजाही बाधित होने से उत्पन्न समस्याओं के बीच ईंधन की उपलब्धता को प्रबंधित करने के व्यापक उपायों के तहत यह कदम उठाया गया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

पश्चिम एशिया में युद्ध के कारण खाड़ी देशों से ऊर्जा आपूर्ति बाधित होने के बाद, सरकार ने शुरू में उर्वरक (यूरिया) संयंत्रों को गैस की आपूर्ति आवश्यकता के लगभग 60 प्रतिशत तक सीमित कर दी थी। बाद में वैकल्पिक व्यवस्था के माध्यम से इसे बढ़ाकर 75 से 80 प्रतिशत कर दिया गया था।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि हाजिर खरीद का उपयोग करके छह अप्रैल से गैस की आपूर्ति को छह महीने की औसत खपत के 90 प्रतिशत तक बढ़ा दिया गया है।

कतर से एलएनजी की आपूर्ति निलंबित है। ऐसे में भारतीय कंपनियां अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और रूस में वैकल्पिक आपूर्तिकर्ताओं से ईंधन की खरीद कर रही हैं।

उन्होंने कहा कि अतिरिक्त आपूर्ति के कारण विभिन्न क्षेत्रों के लिए कोटा में वृद्धि हुई है। सोमवार से शहरी गैस वितरण (सीजीडी) नेटवर्क सहित अन्य औद्योगिक और वाणिज्यिक क्षेत्रों को गैस की आपूर्ति में 10 प्रतिशत की अतिरिक्त वृद्धि की जाएगी।

प्राथमिकता वाले क्षेत्रों को पहले की तरह आपूर्ति मिलती रहेगी। इसमें पाइप के जरिये घरों में पहुंचने वाली रसोई गैस और परिवहन के लिए सीएनजी की 100 प्रतिशत आपूर्ति शामिल है।

शर्मा ने कहा कि खाड़ी देशों से रसोई गैस (एलपीजी) की आपूर्ति प्रभावित हो रही है, लेकिन खाना पकाने के लिए घरों में गैस आपूर्ति पूर्ण रूप से हो रही है।

उन्होंने कहा, ''एलपीजी की आपूर्ति मौजूदा वैश्विक स्थिति से प्रभावित हो रही है, लेकिन एलपीजी वितरकों में किसी भी तरह की कमी की सूचना नहीं मिली है।''

अधिकारी ने कहा, ''घरेलू एलपीजी सिलेंडर का वितरण सामान्य बना हुआ है। एक मार्च, 2026 से अब तक 18 करोड़ से अधिक सिलेंडर घरों में वितरित किए जा चुके हैं।''

उन्होंने कहा कि राज्यों को होटल और रेस्तरांओं द्वारा उपयोग की जाने वाली वाणिज्यिक एलपीजी का आवंटन संकट-पूर्व स्तर के लगभग 70 प्रतिशत तक बढ़ा दिया गया है।

चौदह मार्च से अब तक लगभग 79,909 टन वाणिज्यिक एलपीजी (42 लाख से अधिक 19-किलो सिलेंडरों के बराबर) बेची जा चुकी है।

सब्सिडी वाले 14.2-किलो घरेलू खाना पकाने के गैस सिलेंडर के विपरीत, पांच-किलो के फ्री ट्रेड एलपीजी (एफटीएल) सिलेंडर एलपीजी वितरकों के काउंटर पर बाजार मूल्य पर बेचे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये सिलेंडर खरीदने के लिए केवल एक पहचान पत्र की आवश्यकता होती है।

शर्मा ने कहा कि 23 मार्च, 2026 से अब तक लगभग 6.75 लाख पांच किलो के एफटीएल सिलेंडर बेचे जा चुके हैं।

उन्होंने कहा, ''नागरिकों को सलाह दी जाती है के वे पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की घबराहट में खरीदारी से बचें और जानकारी के लिए केवल आधिकारिक स्रोतों पर भरोसा करें।''

शर्मा ने कहा कि एलपीजी उपयोगकर्ताओं को डिजिटल बुकिंग का विकल्प चुनना चाहिए और वितरकों के पास जाने से बचना चाहिए।

सरकार ने कहा है कि अस्पतालों और शैक्षणिक संस्थानों सहित आवश्यक सेवाओं के लिए घरेलू एलपीजी और पीएनजी की आपूर्ति को प्राथमिकता दी जा रही है। रिफाइनरी उत्पादन बढ़ाया गया है और आपूर्ति को युक्तिसंगत बनाने के उपाय किए गए हैं।

इन उपायों में शहरी क्षेत्रों में एलपीजी भराने के लिए बुकिंग अंतराल को 25 दिन तक और ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिन तक बढ़ाने के साथ ही मांग के दबाव को कम करने के लिए केरोसिन, कोयला, पीएनजी और इलेक्ट्रिक चूल्हे जैसे वैकल्पिक ईंधनों को बढ़ावा देना शामिल है।

शर्मा ने बताया कि जमाखोरी और कालाबाजारी पर अंकुश लगाने के लिए कार्रवाई तेज कर दी गई है। इसके तहत 1,00,000 से अधिक छापे मारे गए हैं, 52,000 से अधिक सिलेंडर जब्त किए गए हैं और गड़बड़ी करने वालों को गिरफ्तार किया गया है।

उन्होंने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम विपणन कंपनियों ने निरीक्षण तेज कर दिए हैं। 1,500 से अधिक कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। 118 एलपीजी वितरकों पर जुर्माना लगाया गया है और 41 को निलंबित किया गया है। अधिकारी ने बताया कि सभी रिफाइनरियां पर्याप्त कच्चे तेल के भंडार के साथ उच्च क्षमता पर काम कर रही हैं और देशभर में पेट्रोल पंप चालू हैं।

# पियाजियो को उप्र में औद्योगिक भूखंड खाली करने का उच्चतम न्यायालय का आदेश..

नई दिल्ली, (भाषा)।

उच्चतम न्यायालय ने उत्तर प्रदेश में 'पियाजियो व्हीकल्स प्राइवेट लिमिटेड' को आवंटित एक औद्योगिक भूखंड का पट्टा रद्द करने के फैसले को सोमवार को सही ठहराया।

न्यायालय ने कहा कि कंपनी जमीन का उपयोग करने में विफल रही और उसने कई वर्षों तक पट्टे की शर्तों का उल्लंघन किया। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की पीठ कंपनी की उस अपील पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी गई थी।

उच्च न्यायालय ने उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीएसआईडीए) द्वारा पट्टा रद्द करने के फैसले पर मुहर लगाई थी। यह विवाद ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर में 33 एकड़ के एक औद्योगिक भूखंड से संबंधित था, जो कंपनी को विनिर्माण इकाई स्थापित करने के लिए आवंटित किया गया था।

शीर्ष अदालत ने कहा कि 2002 में कब्जा मिलने के बावजूद कंपनी तय समय के भीतर निर्माण कार्य करने या औद्योगिक उत्पादन शुरू करने में विफल रही, जैसा कि पट्टा विलेख के तहत आवश्यक था। अदालत ने कंपनी के आचरण को 'लापरवाह' करार दिया।



न्यायालय ने कंपनी को निर्देश दिया कि वह 30 दिन के भीतर इस भूखंड को पूरी तरह खाली करके इसका कब्जा यूपीएसआईडीए को सौंप दे। हालांकि, शीर्ष अदालत ने आदेश दिया कि कार्यवाही के दौरान कंपनी द्वारा जमा की गई 10.95 करोड़ रुपये से अधिक की राशि अर्जित ब्याज सहित वापस की जाए।

॥ श्री जीणमाता की जय ॥
॥ जय गुलाब बाबा नमः ॥
प्रो. मनीष वर्मा, मो. 9425448126
मान्यता ऑटो पार्ट्स
सभी प्रकार की टू-व्हीलर गाड़ियों के स्पेयर पार्ट्स मिलते है एंव गाड़ियाँ सुधारी जाती है।
Hero BAJAJ HONDA TVS
वार्ड नं. 17, महाराणा प्रताप चौक, शाह कॉम्पलेक्स, बालाघाट (म.प्र.)



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

# कानपुर में बड़ी घटना, फल मंडी जलकर खाक हुई, कई सिलेंडर भी फटे, करोड़ों का व्यापार बर्बाद..

डेस्क जगप्रेरणा।

***यूपी के कानपुर से एक बड़ी घटना सामने आई है। शहर के व्यस्त फूलबाग इलाके स्थित फल मंडी में सोमवार को दोपहर के समय अचानक लगी भीषण आग ने पूरे क्षेत्र को हिलाकर रख दिया। इस दौरान कई सिलेंडर में भी ब्लास्ट की बात सामने आई। आग लगने का कारण पोल से शार्ट सर्किट बताया जा रहा है।***

नेहरू युवा केंद्र के पास स्थित इस फल मंडी में आग की लपटें इतनी तेजी से फैलीं कि देखते ही देखते कई दुकानें, गोदाम और थोक स्टोर जलकर राख हो गए। प्राथमिक अनुमान के अनुसार, इस घटना में करोड़ों रुपए का सामान नष्ट हो गया है, जिससे सैकड़ों व्यापारियों की जिंदगी और उनकी गृहस्थी पूरी तरह से प्रभावित हो गई है।

## कैसे फैली आग?

घटना के प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, आग मंडी के एक हिस्से में अचानक भड़की और कुछ ही मिनटों में आसपास फैल गई। फल मंडी में फलों की पैकिंग के लिए इस्तेमाल होने वाले लकड़ी के खोखे, गत्ते के डिब्बे, प्लास्टिक की सामग्री और अन्य ज्वलनशील पदार्थ बड़ी मात्रा में रखे रहते हैं। इन्हीं चीजों के कारण आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और तेज हवाओं की वजह से आसपास की दुकानों तक पहुंच गई। स्थानीय व्यापारियों ने शुरुआती दौर में खुद पानी और अन्य साधनों से आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन लपटों की तीव्रता के आगे उनकी प्रयास नाकाफी साबित हुए।

जब स्थिति नियंत्रण से बाहर हो गई, तब दमकल विभाग को सूचना दी गई। जिसके बाद व्यापारियों का आरोप है कि सूचना मिलने के काफी समय बीत जाने के बावजूद मौके पर केवल एक ही फायर टेंडर पहुंचा। जब तक अतिरिक्त दमकल वाहन बुलाए गए, आग और भयावह रूप ले चुकी थी।

मौके पर पहुंचे पहले वाहन का पानी भी जल्दी खत्म हो गया, जिससे आग बुझाने में काफी देरी हुई। इस दौरान कई व्यापारियों ने अपने निजी संसाधनों से पानी की व्यवस्था कर आग पर काबू पाने में मदद की। अंततः कई घंटों की मशक्कत के बाद दमकल की टीमों ने आग पर काबू पा लिया, लेकिन तब तक सब आग की लपटों के साथ साथ तबाह और बर्बाद हो चुका था।

## कानपुर के प्रमुख थोक बाजारों में से एक है फल मंडी..

ये फल मंडी कानपुर के प्रमुख थोक बाजारों में से एक है, जहां रोजाना सैकड़ों टन फल, सब्जियां और संबंधित सामान का कारोबार होता है। कई दुकानदारों ने यहां अपनी पूरी पूंजी लगा रखी थी। आग में न सिर्फ फल का स्टॉक जल गया, बल्कि महंगे उपकरण, फर्नीचर और अन्य सामान भी नष्ट हो गए। घटना से प्रभावित व्यापारियों का कहना है कि उनकी जीवन भर की कमाई इस आग में स्वाहा हो गई।

वहीं कुछ व्यापारियों ने अनुमान लगाया है कि कुल नुकसान कई करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है, हालांकि प्रशासन की ओर से अभी तक नुकसान का स्पष्ट और आधिकारिक आंकड़ा जारी नहीं किया गया है। घटना के बाद मंडी क्षेत्र में व्यापारियों का भारी रोष



देखने को मिला। बड़ी संख्या में दुकानदार एकत्र होकर दमकल विभाग और प्रशासन की तैयारियों पर सवाल उठाने लगे। उनका कहना है कि कानपुर जैसे बड़े औद्योगिक शहर में प्रमुख बाजारों और मंडियों में पर्याप्त अग्निशमन संसाधन होने चाहिए। केवल एक-दो फायर टेंडर पर निर्भर रहना घातक साबित हो रहा है। व्यापारियों ने मांग की है कि मंडी क्षेत्र में स्थायी फायर स्टेशन की स्थापना की जाए और अतिरिक्त फायर टेंडर की व्यवस्था हो।

इसके अलावा, उन्होंने बिजली विभाग से भी सख्ती बरतने की मांग की है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, आग शॉर्ट सर्किट या किसी विद्युत संबंधी खराबी से लगी हो सकती है। मंडी में पुरानी बिजली लाइनें और ओवरलोडेड कनेक्शन आम समस्या बताई जाती है।

## व्यापारियों ने की ये मांगें-

आग से प्रभावित सभी दुकानदारों को उचित मुआवजा प्रदान किया जाए।

मंडी में नियमित फायर ऑडिट और सुरक्षा जांच अनिवार्य रूप से कराई जाए।

आपातकालीन निकासी योजना और अग्निशमन उपकरण हर दुकान में उपलब्ध हों। आग की पूरी निष्पक्ष जांच कर रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई हो।

सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन, पुलिस और अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने स्थिति का जायजा लिया और प्रभावितों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। अधिकारियों ने कहा कि आग के कारणों की गहन जांच की जाएगी और दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह घटना कानपुर की बाजार सुरक्षा व्यवस्था पर एक बार फिर सवालिया निशान लगा गई है।

बड़े बाजारों, मंडियों और व्यावसायिक इलाकों में फायर सेफ्टी को लेकर लापरवाही बरती जा रही है। ऐसे में समय की मांग है नियमित फायर ड्रिल, आधुनिक अग्निशमन उपकरणों की उपलब्धता और बुनियादी ढांचे की मरम्मत जैसे कदम तत्काल उठाए जाने चाहिए। इस मामले में चीफ फायर ऑफिसर दीपक शर्मा का बयान भी सामने आया है।

# बागपत में दुर्लभ प्रजाति के तोतों के 170 बच्चे बरामद, तीन तस्कर गिरफ्तार..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***बागपत जिले में पुलिस और पशु कल्याण दल ने साझा कार्रवाई करते हुए ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे पर तस्करी कर ले जाए जा रहे दुर्लभ प्रजाति के तोतों के 170 बच्चे बरामद किये। इस मामले में तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया है।***



पशु कल्याण अधिकारी गौरव गुप्ता ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे पर मवीकलां टोल प्लाजा के पास एक संदिग्ध टैक्सी को रोककर उसकी तलाशी ली गई, जिसमें सात पिंजरों में बंद दुर्लभ प्रजाति के तोतों के 170 बच्चे बरामद हुए। इस दौरान तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया, जबकि दो आरोपी मौके से फरार हो गए।

इस बीच प्रभागीय वनाधिकारी (डीएफओ) विनोद कुमार ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि बरामद तोतों के बच्चों की प्रजाति उनके बहुत छोटे होने के कारण अभी मालूम नहीं हो सकी है।

वहीं बागपत कोतवाली के थाना प्रभारी बृजेश सिंह ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है तथा उन्हें अदालत में प्रस्तुत किया जाएगा।

गुप्ता ने कहा कि सभी पक्षियों को तुरंत सुरक्षित स्थान पर ले जाकर भोजन और प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया गया तथा पशु चिकित्सकों से उनका स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया है। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी राजस्थान के हनुमानगढ़ से इन तोतों को लेकर आ रहे थे और इन्हें अवैध रूप से बेचने की योजना थी।

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है और फरार आरोपियों की तलाश जारी है। बरामद सभी तोतों को आगे की देखभाल के लिए दिल्ली के पशु अस्पताल भेजा जा रहा है। मामले की विस्तृत जांच जारी है।

# सोशल मीडिया पर रिश्तेदार से संपर्क में रहने के कारण नाबालिग लड़की की हत्या..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***झारखंड में सोशल मीडिया पर एक रिश्तेदार से संपर्क बनाए रखने से नाराज एक व्यक्ति ने अपनी नाबालिग बहन की कथित तौर पर गला दबाकर हत्या कर दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।***



पुलिस ने इस मामले में आरोपी व्यक्ति और उसके पिता को गिरफ्तार कर लिया है। रांची ग्रामीण के पुलिस अधीक्षक (एसपी) प्रवीण पुष्कर ने सोमवार को एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि यह घटना रातू थाना क्षेत्र के झखराटांड गांव में 13 मार्च को हुई थी, लेकिन इसका खुलासा दो अप्रैल को तब हुआ जब गांव वालों ने घर में मृत्यु के बाद की जा रही कुछ रस्मों को देखकर पुलिस को इसकी सूचना दी।

एसपी प्रवीण पुष्कर ने कहा, 'पुलिस ने सुबोध और उसके बेटे राहुल को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के दौरान सुबोध ने बताया कि उनकी बेटी सोशल मीडिया के माध्यम से राहुल के साले के संपर्क में थी, जिससे वह नाराज था। 13 मार्च को भाई-बहन के बीच विवाद बढ़ गया और राहुल ने गला दबाकर उसकी हत्या कर दी।'

पुलिस अधिकारी के मुताबिक घटना के बाद सुबोध ने अपने परिचित एक चिकित्सक को बुलाया। चिकित्सक ने लड़की (13) को मृत घोषित कर परिवार को शव का अंतिम संस्कार करने की सलाह दी। इसके बाद परिवार ने एम्बुलेंस किराए पर लेकर शव को बिहार में गया ले जाकर उसका अंतिम संस्कार कर दिया। एसपी के अनुसार, सुबोध ने इस बच्ची को बिहार के औरंगाबाद जिले से तब गोद लिया था जब वह पांच वर्ष की थी। उन्होंने बताया कि अपनी बेटी के भाग जाने के बाद उसने इस बच्ची को गोद लिया था, लेकिन राहुल शुरू से ही अपनी गोद ली हुई बहन को पसंद नहीं करता था, यहां तक कि लड़की का खाना भी अलग चूल्हे पर बनाया जाता था।

जांच के तहत पुलिस की एक टीम को औरंगाबाद भेजा गया, जहां लड़की के वास्तविक पिता ने बताया कि पत्नी की मृत्यु के बाद और स्वयं के दिव्यांग होने के कारण उन्होंने अपनी बेटी को सुबोध को सौंप दिया था। पुलिस ने एम्बुलेंस चालक का बयान दर्ज कर लिया है और चिकित्सक की तलाश में छापेमारी कर रही है। घटना के दिन राहुल की पत्नी घर पर मौजूद नहीं थी। फिलहाल दोनों आरोपी न्यायिक हिरासत में हैं।

# पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में बारिश का तांडव, 23 बच्चों समेत 45 की मौत..



डेस्क जगप्रेरणा।

***उत्तर-पश्चिम पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में लगातार हो रही भारी बारिश ने तबाही मचा दी है। पिछले 10 दिनों में बारिश से जुड़ी घटनाओं में कम से कम 45 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 105 लोग घायल हुए हैं। यह जानकारी प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने रविवार को दी।***

## मरने वालों में 23 बच्चे..

पीडीएमए की रिपोर्ट के अनुसार, 25 मार्च से जारी लगातार बारिश के कारण हुए हादसों में मरने वालों में 23 बच्चे, 17 पुरुष और 5 महिलाएं शामिल हैं। वहीं घायलों में 45 पुरुष, 16 महिलाएं और 44 बच्चे हैं। भारी बारिश के चलते कई जिलों में मकानों की छतें और दीवारें गिर गई, जिससे बड़े पैमाने पर जान-माल का नुकसान हुआ।

## 382 घर आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त..

रिपोर्ट के मुताबिक, 442 घर प्रभावित हुए हैं, जिनमें से 382 आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं और 60 पूरी तरह से नष्ट हो गए हैं। ये घर दो दर्जन से अधिक जिलों में स्थित हैं। पीडीएमए की रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि बचाव और राहत कार्य जारी हैं और पीडीएमए, रेस्क्यू 1122, जिला प्रशासन और अन्य संबंधित एजेंसियां मिलकर काम कर रही हैं।

## 9 अप्रैल तक फिर से बारिश का अलर्ट..

पीडीएमए के महानिदेशक ने चेतावनी दी है कि 9 अप्रैल तक प्रांत के कई हिस्सों में फिर से बारिश का दौर जारी रह सकता है। इसके मद्देनजर पर्यटकों और स्थानीय लोगों को संवेदनशील क्षेत्रों में अनावश्यक यात्रा से बचने और सरकारी निर्देशों का सख्ती से पालन करने की सलाह दी गई है।

# रूसी हमले में चार की मौत
# यूक्रेन ने तेल ठिकानों को बनाया निशाना..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***रूस के एक ड्रोन हमले में यूक्रेन के दक्षिणी बंदरगाह शहर ओडेसा में दो महिलाओं और एक छोटे बच्चे की मौत हो गई, जबकि खेरसॉन में रूसी गोलाबारी***



में एक बुजुर्ग महिला की जान चली गयी। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। इस बीच, यूक्रेन ने लंबी दूरी के ड्रोन से काला सागर स्थित रूसी बंदरगाह को निशाना बनाया, जो तेल निर्यात की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। अधिकारियों ने बताया कि रात के समय हुए इस हमले में ओडेसा की एक इमारत बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, जिसमें दो महिलाओं और दो साल के एक बच्चे की जान चली गई।

राहतकर्मियों ने 'फ्लडलाइट' की रोशनी में मलबे से चार लोगों को बाहर निकाला। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेंस्की ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में बताया कि 11 लोग अस्पताल में भर्ती हैं, जिनमें एक गर्भवती महिला और दो बच्चे शामिल हैं, जिनमें सबसे छोटा एक साल से भी कम उम्र का है।

संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, रूस ने पड़ोसी यूक्रेन पर लगभग चार साल पहले किए गए आक्रमण के बाद से लगातार नागरिक इलाकों पर हमले किए हैं, जिनमें 15,000 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। जेलेंस्की के अनुसार, रूस ने यूक्रेन के पावर ग्रिड को भी निशाना बनाया है और रात भर हुए हमलों में चेर्निहीव, सुमी, खारकीव और द्नीप्रो क्षेत्रों की ऊर्जा संरचना को भी नुकसान पहुंचा है।

क्षेत्रीय बिजली कंपनी के अनुसार, हमलों में बिजली वितरण सुविधाएं क्षतिग्रस्त होने के बाद उत्तरी चेर्निहीव क्षेत्र में तीन लाख से अधिक घरों में बिजली नहीं थी। जेलेंस्की के मुताबिक, पिछले एक हफ्ते में रूस ने यूक्रेन पर 2,800 से अधिक ड्रोन हमले किये हैं, जबकि लगभग 1,350 शक्तिशाली ग्लाइड बम और विभिन्न प्रकार की 40 से अधिक मिसाइलें दागी हैं।

यूक्रेन के राष्ट्रपति ने सप्ताहांत में 'द एसोसिएटेड प्रेस' को दिए एक साक्षात्कार में चिंता जताई कि ईरान के साथ युद्ध के कारण उन हथियारों के भंडार कम हो रहे हैं, जिनकी यूक्रेन को अपनी रक्षा के लिए आवश्यकता है, खासकर अमेरिका निर्मित पैट्रियट वायुरक्षा प्रणाली की। इस प्रणाली से मिसाइलों को रोका जाता है।

जेलेंस्की ने सोमवार को कहा कि यूक्रेन के सहयोगियों को 'हवाई रक्षा मजबूत करने के लिए साथ मिलकर काम करना चाहिए। अमेरिका के नेतृत्व में शांति प्रयासों के ठप होने के बीच, जेलेंस्की ने यह भी कहा, 'रूस का अपने आक्रमण को रोकने का कोई इरादा नहीं है।'

यूक्रेन के क्षेत्रीय सैन्य प्रशासन प्रमुख ओलेक्सांद्र प्रोकुदिन के अनुसार, दक्षिणी शहर खेरसॉन में रूसी गोलाबारी में एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गयी और तीन महिलाएं घायल हो गईं। इनकी उम्र 86, 79 और 44 वर्ष है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसकी वायुरक्षा प्रणालियों ने रातभर में यूक्रेन के 50 ड्रोन मार गिराए।

क्रास्नोदार के गवर्नर वेनियामिन कोंद्रातयेव ने बताया कि रूस के काला सागर के प्रमुख बंदरगाहों में से एक नोवोरोस्सिस्क पर यूक्रेनी ड्रोन हमलों में आठ लोग घायल हो गए, जिनमें दो बच्चे शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि इस हमले में छह इमारतों और दो निजी घरों को नुकसान पहुंचा। मीडिया की अपुष्ट खबरों के अनुसार, ड्रोन का निशाना काला सागर बंदरगाह पर स्थित शेस्खारिस तेल टर्मिनल था। पिछले हफ्ते, यूक्रेन के ड्रोन ने रूस के उत्तर-पश्चिम में फिनलैंड की खाड़ी में स्थित तेल प्रतिष्ठानों पर भी हमला किया था।

# राजस्थान के इस जिला अस्पताल से 12 लाख के इंजेक्शन हुए गायब, जांच रिपोर्ट में खुलासा..

डेस्क जगप्रेरणा।

***राजस्थान के झुंझुनूं जिले के नवलगढ़ स्थित जिला अस्पताल में महंगे ह्यूमन एल्ब्यूमिन इंजेक्शन के गायब होने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। जांच समिति की रिपोर्ट ने अस्पताल***



प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, करीब 12 लाख रुपये कीमत के 323 इंजेक्शन स्टॉक से गायब पाए गए हैं, जिससे चिकित्सा विभाग में हड़कंप मच गया है। जानकारी के मुताबिक, 1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 के बीच अस्पताल में कुल 894 ह्यूमन एल्ब्यूमिन इंजेक्शन की सप्लाई हुई थी। इनमें से 493 इंजेक्शन मरीजों के इलाज में उपयोग किए गए, जबकि स्टॉक में केवल 78 इंजेक्शन ही मौजूद मिले। इस हिसाब से 323 इंजेक्शन का कोई रिकॉर्ड नहीं मिला, जिन्हें अब गायब मानते हुए जांच आगे बढ़ाई जा रही है।

## कर्मचारियों की संलिप्तता की आशंका

जांच में सामने आया है कि अस्पताल की स्टॉक मॉनिटरिंग प्रणाली बेहद लापरवाह और कमजोर रही, जिसकी वजह से इतनी बड़ी गड़बड़ी लंबे समय तक पकड़ में नहीं आई। प्राथमिक जांच में अस्पताल के कुछ कर्मचारियों की संलिप्तता की आशंका भी जताई जा रही है, जिससे मामला और गंभीर हो गया है। हालांकि, ये सब पूरी जांच के बाद ही सामने आ पाएगा।

गौरतलब है कि हाल ही में अस्पताल परिसर में एक संदिग्ध महिला के पास से 8 ह्यूमन एल्ब्यूमिन इंजेक्शन बरामद किए गए थे। इसी घटना के बाद मामला तूल पकड़ गया और प्रशासन ने जांच समिति का गठन किया। जांच रिपोर्ट आने के बाद अब पूरे प्रकरण ने बड़ा रूप ले लिया है। अस्पताल के पीएमओ डॉ. महेंद्र सबलानिया ने कहा कि मामले को बेहद गंभीरता से लिया गया है और दोषियों के खिलाफसख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, अब अस्पताल में अन्य दवाओं के स्टॉक की भी गहन जांच शुरू कर दी गई है, ताकि किसी और गड़बड़ी का भी खुलासा हो सके।

लेटेस्ट सामग्रीयों की अधिकतम रेंज के साथ..
प्रो. पियुष सिंह बैस
फैशन फैक्ट्री
For Boys & Girls
वॉच, बेल्ट, कैप, फैशनेबल मफलर, मंकी कैप, गॉगल्स (सन ग्लास), इरींग, चैन, की चैन, वॉलेट, परफ्यूम, फैंसी लायटर..
मेन रोड, महावीर चौक, ब्यूटी कॉर्नर के सामने, बालाघाट (म.प्र.) मो.8827333882

सर्वश्रेष्ठ प्रिंटिंग
सबसे कम कीमत पर
समाचार पत्र, पत्रिका, किताब, पांपलेट, बिलबुक, रसीद बुक, लेटरपेड, कैलेंडर, आदि की ग्राफिक्स डिजाईनिंग एवं प्रिंटिंग कार्य के लिये तथा समाचार पत्रों के साथ पांपलेट वितरण कार्य के लिये संपर्क करें..
जगप्रेरणा ग्राफिक्स
गोंदिया - बालाघाट मो. 9329033433

व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..
*बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो. 9329033433 को किसी भी ग्रुप में जोड़ा जा सकता है।*

दरीयां, मेटींग्स, कार्पेट्स, डोरमेट्स, शॉल, ब्लैंकेट्स, स्कूल की भोजन पट्टियां, ताड़पत्री, मच्छरदानी, ग्रीन नेट, चादरें, बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता
रमनकुमार मेठी हैंडलुम हाऊस
मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया 441601 मो. 9890696200





जग प्रेरणा

# गोंदिया भंडारा ग्रामीण

● तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर







दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

राकेश रोकड़े सालेकसा

मो. 9049200353


### किडंगीपार में शराब बंदी की लड़ाई संघर्ष की कगार पर..

## पुलिस से हाथापाई करने और नोटिस फाड़ने के आरोप में प्रदर्शन कर रहे परिवार के खिलाफ गुनाह दाखिल..

**10 अप्रैल की 'रास्ता रोको' और 'आत्मदाह' की चेतावनी के बाद प्रशासकीय यंत्रणा अलर्ट पर; संतोष दोनोडे पत्नी और बेटी को शाम को पुलिस की अटक..**

**आमगाव पुलिस छावणी मे तब्दील, पुलिस अधीक्षक गोरख भामरे सहित पुलिस के आला अधिकारी आमगाव मे दाखिल..**

**जगप्रेरणा आमगांव।**

***नगर परिषद के तहत आने वाले इलाके किडंगीपार में शराब की दुकान को हमेशा के लिए बंद करने की मांग ने अब बहुत गंभीर मोड़ ले लिया है।***

प्रशासन नोटिस जारी करने को लेकर प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच तीखी झड़प के बाद, मुख्य प्रदर्शनकारी संतोष दोनोडे और उनके परिवार के खिलाफ सरकारी काम में रुकावट डालने का केस दर्ज किया गया है। गिरफ्तारी के डर से परिवार कुछ देर तक फरार था किंतु शाम को संतोष दोनोडे सहित उसकी पत्नी एंव बेटी को पुलिस ने अटक कर ली जिसके बाद इलाके में तनावपूर्ण शांति है किडंगीपार में शराब की दुकान से गांववालों की सेहत और शांति को खतरा होने का आरोप लगाते हुए, सभी गांववालों ने 20 मार्च को तहसील कार्यालय के आगे आंदोलन किया था। प्रशासन को दिए गए निवेदन में चेतावनी दी गई थी कि अगर 10 अप्रैल तक शराब की दुकान बंद नहीं हुई तो 'रास्ता रोको', 'रेल रोको' और पांच लोगों का 'सामूहिक आत्मदाह' होगा। इस आंदोलन को संतोष दोनोडे नोडे और दूसरी महिला प्रदर्शनकारी नेतुत्व कर रही हैं।

आने वाले 10 अप्रैल के आंदोलन को देखते हुए, एहतियात के तौर पर, एक पुलिस टीम 5 अप्रैल को संतोष दोनोडे के घर प्रतिबंधित कार्यवाही की (कलम 168) का नोटिस देने गई थी एक महिला पुलिस अधिकारी मनीषा निकम सहाय्यक पुलीस निरीक्षक, पीएसआय प्रवीण डांगे पोलिस कर्मचारी जयश्री घाटबाधे, सुरेखा अवताडे श्यामकला ब्राम्हणकर कांस्टेबल मौजूद थे, लेकिन दोनोडे ने नोटिस लेने से साफ मना कर दिया।







बहस मारपीट में बदल गई जिसमे पोलिस अधिकारी एंव पोलीस कर्मचारी घायल हो गये प्रदर्शनकारियों ने पुलिस के सामने ही नोटिस फाड़ दिया और उन्हें घर से धक्का देकर बाहर निकाल दिया महिला पुलिस अधिकारी के साथ हुई हाथापाई की वजह से पुलिस प्रशासन और भी आक्रामक हो गया है संतोष दोनोडे, उनकी पत्नी और बेटी के खिलाफ सरकारी काम कर रहे पुलिसवालों के साथ गैरवर्तन करने के लिए कानूनी केस दर्ज किए गए हैं। आज, 6 अप्रैल को पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार करने के लिए रेड मारी तो ग्रामीणो ने पुलिस पर पथराव किया जिसके बाद किडंगीपार मे तनाव बढ गया पुलिस ने भी लाठीचार्ज कर दिया पता चला कि पूरा परिवार घर छोड़कर फरार हो गया है। पुलिस टीमो उनकी तलाश की और शाम को उन्हें गिरफ्तार कर लिया संतोष दोनोडे एंव उसके परिवार के सदस्य के गिरफ्तारी के बाद किडंगीपार गाव के लोग पुलिस स्टेशन के आगे जमा होने लगे कितु सभी को पुलिस स्टेशन के बाहर ही 50 मीटर दुर रोक दिया गया आमगाव पुलिस छावणी मे तब्दील हो चुका है जिले के पुलिस अधिकारी गोरख भामरे सहित पुलिस के सभी आला अधिकारी आमगाव मे दाखिल हो चुके हैं

जहां पूरा गांव शराब बंदी के लिए गुस्से में है, वहीं दूसरी ओर कानूनी कार्यवाही की वजह से आंदोलन को झटका लग रहा है। 10 अप्रैल की डेडलाइन खत्म होने के बाद, अगर गांववाले 'रास्ता रोको' करने और 'रेलवे रोको'रेल पटरी पर सोने का अपना इरादा जारी रखते हैं, तो इससे गोंदिया-आमगाव मार्ग पर कानून-व्यवस्था की बड़ी समस्या पैदा हो सकती है।

खबर लिखे जाने तक, पुलिस मामले की पूरी जांच कर रही है और किडंगीपार इलाके में कड़ी पुलिस सुरक्षा तैनात कर दी गई है।

## सभी की झोली भरने वाली ग्रामदेवता मां शीतला स्वर्णीम वर्ष महोत्सव पर भव्य चुनरी शोभायात्रा का आयोजन..

**विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन..**

जगप्रेरणा गणेश भदाडे
आमगाव।

***आमगाव शहर के हृदयस्थल मे विराजित मां शीतला आमगाव शहर के लाखो भक्तो की श्रद्धास्थान है एवं आमगाव शहर की ग्रामदैवत के रुप मे प्रचलीत है***






इस देवी का इतिहास वैसे तो 150 साल से भी अधिक समय का है जिस स्थल पर आज मंदिर बनाया गया है इस स्थान पर पिपल का पेड था ऐसें कहा जाता है की करीब 150 साल पहले मातामाय की मुर्ती बनिया मोहल्ले से बहेकार जमीदार ने लाकर बड के पेड के निचे मातामाय की मुर्ती के स्थापित थी एंव इसके साथ अन्य भगवान की मुर्ती भी स्थापित थी आमगाव के हजारो भक्तो के साथ ही बैल बाजार मे बैल बेचने खरीदी करने आनेवाले भक्त भी यंहा पुजा अर्चना करते थे कितु बाद मे मुर्ती खंडीत होने लगी तब मां की मुर्ती का स्वरुप स्पष्ट नही दिख रहा था तब करीब 50 साल पहले मां शीतला की मुर्ती जयपुर से लाकर बाबुलाल अग्रवाल ने मां शीतला की मुर्ती लाकर स्थापित की एंव आमगाव मे सभी लोगो के सहयोग से मां का छोटा मंदिर बनाया गया एवं भगवान शिव भगवान हनुमान मां काली एवं अन्य मुर्ती भी स्थापित की गई मंदिर मे लोगो की धार्मिक कार्यक्रम मे आनेवाले श्रद्धालु की संख्या बढने लगी एवं मंदिर मे जगह कम पडने लगी तब मंदिर के बाजु मे अपना व्यवसाय करने वाले व्यवसायिक रामचंद गुप्ता ने मां के मंदिर मे सभागृह हेतु जमीन दान दी जिससे आज मां शीतला मंदिर प्रस्सत मंदिर है मां शीतला मंदिर मे पुजा अर्चना की जिम्मेदारी तीन पिढी से गौतम परिवार ने उठाई है पहले रामराजजी गौतम उसके बाद उनके बेटे गोविंदप्रसाद गौतम एवं उसके बेटे अनिल गौतम मां शीतला माता मंदिर मे पुजा अर्चना की जिम्मेदारी उठा रहे है मां शीतला मंदिर मे जो भी भक्त सच्ची मन से जो भी मनोकामना मांगते है उनकी सभी मनोकामना पूर्ण होती ही है आज मां शीतला मंदिर आमगाव की ग्रामदैवत है आमगाव मे होनेवाले वैवाहिक कार्यक्रम मे पहले हल्दी मां शीतला को चढाई जाती है मां शीतला मंदिर मे चैत्र नवरात्र शारदीय नवरात्र उत्सव श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, गणेश चतुर्थी सभी धार्मिक उत्सव बडे उत्साह के साथ मनाये जाते है मां सभी की झोली भरती है मां शीतला मंदिर को 50 साल पुर्ण होने के अवसर पर स्वर्णीम महोउत्सव के अवसर पर मां शीतला माता मंदिर द्वारा 8 एप्रिल रोज बुधवार को भव्य चुनरी शोभायात्रा का आयोजन किया गया एंव इस अवसर पर सुबह 08 बजे पुजा अर्चना 9:30 बजे अभिषेक पुजन 11:00 बजे भव्य आरती 12:00 कन्या भोजन 01:00 बजे दुर्गा पाठ 2:30 बज से 4:00 बजे तक हवन यज्ञ एंव 5:00 बजे भव्य चुनरी शोभायात्रा के बाद महाप्रसाद का आयोजन भी किया गया है।

## साकेत पब्लिक स्कूल में श्री अवधूत आनंद महाराज की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई



**जगप्रेरणा गोंदिया।**

***श्री अवधूत शिक्षा संस्थान द्वारा संचालित साकेत पब्लिक स्कूल में 'अनंत श्री विभूषित परमहंस सद्गुरु अवधूत आनंद महाराज' की पुण्यतिथि अत्यंत भक्तिभाव के साथ मनाई गई।***

इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विशेष प्रार्थना सभा और आध्यात्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम की शुरुआत महाराज जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर विद्यार्थियों और शिक्षकों ने महाराज जी के जीवन दर्शन के साथ-साथ उनके शांति और सद्भावना के संदेश का स्मरण किया।

विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति और संतों के महान विचारों से जोड़ना ही ऐसे कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य है।

इस गरिमामयी समारोह में विद्यालय का समस्त स्टाफ और विद्यार्थी उपस्थित थे, जिन्होंने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।




### गोंदिया पुलिस डायरी।।

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो। 9922607145

### बंद मकान से अज्ञात चोर ने उड़ाया सामान मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के गोरेगाव पोलिस स्टेशन अंर्तगत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 4/4/2026 को फर्यादी 7राकेश यादोराव येळे उम्र 27 वर्ष निवासी गोरेगाव अपने मकान को ताला लगाकर बाहरगाव गये थे। रात के समय अज्ञात चोर ने मकान मे घुसकर लिनोवा कंपनीका लॅपटाप चार्जर किमत 20 हजार रुपये, रियल मी कंपनीका एयरबड किमत 1 हजार रुपये, सोनाटा कंपनीकी हाथघडी किमत 500 रुपये, फायनेक्स कंपनी की हाथघडी किमत 500 रुपये, कुल 22 हजार रुपये का माल अज्ञात चोर ने घटना के दरम्यान चुराकर ले जाने से फर्यादी की शिकायत पर पोस्टे गोरेगांव मे अपराध क्रमांक 197/2026 धारा 305, अ, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाँच पोहवा प्रल्हाद देवारे 684 पोस्टे गोरेगांव कर रहे है।

### बीमारी से तंग आकर युवक ने लगाई फांसी मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के चिचगड पुलिस थाना अंतर्गत अकस्मात मौत का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 5/4/2026 के सुबह आलेवाडा मे फर्यादी शतरू भुखाऊ मडावी उम्र 70 वर्ष के बेटे महेन्द्र शतरू मडावी उम्र 34 वर्ष बिमारी से तंग था। डिप्रेशन मे रहने की वजह से घटना के दिन सुबह जाम के झाड को नॉयलॉन रस्सी बांधकर फांसी लगाई है।

फर्यादी के दिये बयान पर पोस्टे चिचगड मे अकस्मात मौत क्रमांक 07/2026 धारा 194, भानासुस 2023 के तहत मर्ग दर्ज कर जाँच पोहवा देसाई 1260 पोस्टे चिचगड कर रहे है।

### घरेलू विवाद पर की मारपीट मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के रामनगर पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 5/4/2026 के शाम 4 बजे के दरम्यान विजयनगर गोंदिया मे फर्यादी शशांक हरीदास लाणरे उम्र 35 वर्ष निवासी विजयनगर अपने घर पर थे।

फर्यादी और उसकी पत्नि मे घरेलु झगडा होता था पत्नी ज्यादा तर मायके मे रहती थी गोंदिया आकर बोलती थी नागपुर मे प्लाट लेंगे वही रहेंगे, घटना के दिन ससुराल पक्ष के लोग आये फर्यादी ने उन्हे आओ बैठो बोला तो उन्होंने कहा हमारी लडकी को क्यो तंग करता है बोलकर लात घुसो से मारपीट की और जान से मारने की धमकी देने से 7 आरोपीयो के खिलाफ शिकायत और डाक्टर की रिपोर्ट पर पोस्टे रामनगर मे अपराध क्रमांक 186/2026 धारा 189, 2,190,191, 2,115, 2, 352, 351, 2, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोऊपनी संकेत सदलगे पोस्टे रामनगर कर रहे है।




दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
संजीव बापट गोंदिया
मो. 9922607145

जग प्रेरणा
# गोंदिया भंडारा
● तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर

महावीर डेवलपर्स गोरेगांव
1 महावीर कॉम्पलेक्स
एन.एच.रोड, बस स्टेंड के पास
2. अष्ट विनायक अपार्टमेन्ट
2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..
संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555

## नवागत कलेक्टर डॉ. मंगेश गोंदवले ने किया गोंदिया में पदभार ग्रहण..

### पत्रकारों से मुलाकात में बोले गोंदिया का सर्वांगीण विकास होता प्रथम लक्ष्य..

### जनभावनाओं के अनुरुप कार्यों का होगा प्रयास..







जगप्रेरणा गोंदिया।

*गोंदिया जिले के नए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी के रुप में आज मुंबई से गोंदिया पहुंचकर डॉ. मंगेश गोंदवले ने अपना पदभार ग्रहण कर लिया। श्री गोंदवले ने जब अपना पदभार ग्रहण किया, प्रशासनिक औपचारिकताओं को पूर्ण करने के उपरांत कलेक्टर श्री गोंदवले ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सभी पत्रकारों से भी*

मुलाकात की, तथा गोंदिया जिले के प्रति अपने संपूर्ण कर्त्तव्य और दायित्वों के प्रति प्रतिबद्धता भी जाहिर की। प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रमुख रुप से निवासी उप जिलाधिकारी भैय्यासाहेब बेहेरे, जिला माहिती अधिकारी अंजु कांबळे-निमसरकर व जिला आपत्ती व्यवस्थापन अधिकारी राजन चौबे उपस्थित थे।

### कलेक्टर के रुप में गोंदिया में पहली पोष्टिंग लेकिन अनुभवशील..

गौरतलब है कि गोंदिया जिले के नए कलेक्टर डॉ. मंगेश गोंदवले 2015 की बैच के आईएएस अधिकारी हैं, जो कि प्रबंध निदेशक एमएआईडीसी मुंबई के पद पर कार्य करने के दौरान स्थानांतरण के उपरांत गोंदिया कलेक्टर के रुप में पदस्थ किये गए हैं। कलेक्टर डॉ. मंगेश गोंदवले ने औद्योगिक अर्थशास्त्र विषय में पीएचडी की है, तथा आईएएस ज्वाईन करने के उपरांत उन्होंने सर्वाधिक जीएसटी अधिकारी के रुप में कार्य किया है। कलेक्टर डॉ. गोंदवले ने इसके पूर्व सीईओ जिला परिषद औरंगाबाद के पद पर कार्य किया, तो वहीं अपने अनुभवों एवं अर्थशास्त्री के रुप में आपकी दक्षता के चलते शासन द्वारा आपको जापान की राजधानी टोक्यो भी भेजा गया, जहां आपने अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार में तो वहीं कंबोडिया में भी भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए वहां के अधिकारियों को मार्गदर्शन दिया। सरकार की आर्थिक प्रगति के लिये आपके सुझावों को अमल में लाया गया, जबकि वहीं अनेक महत्वपूर्ण आर्थिक सलाहकार के पद पर कार्य करने के साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना में कार्य के लिये आपको भारत सरकार द्वारा सीईओ जिला परिषद संभाजीनगर के पद पर कार्य करते हुए सम्मानित भी किया गया।

### गोंदिया के संदर्भ में बोले कलेक्टर मंगेश गोंदवले..

गोंदिया जिले के कलेक्टर के रुप में भविष्य की संभावनाओं को लेकर डॉ. मंगेश गोंदवले ने पत्रकारों से कहा कि गोंदिया जिला एक आदिवासी ओबीसी बहुल जिला है, तथा वन एवं पर्यटन की संभावनाओं से यह जिला विशेष रुप से परिपूर्ण है। जिले में वन एवं पर्यावरण से संबंधित उद्योगों की संभावनाओं के दृष्टिकोण के साथ ही चूंकि वे आर्थिक विकास के विषय पर ही पहले से कार्य करते आए हैं, इसलिये उनके अनुभवों का गोंदिया जिले को लाभ होगा, इसका वे अवश्य प्रयास करेंगे।

### जनभावनाओं का रखेंगे ध्यान..

कलेक्टर डॉ. मंगेश गोंदवले ने पत्रकारों से मुलाकात के दौरान कहा कि वे संपूर्ण जिले के ग्रामीण और शहरी अंचलों का तथा विभिन्न विभागीय कार्यालयों का समय निकालकर दौरा भी करेंगे, तथा आम जनता के बीच पहुंचकर जनसमस्याओं के समाधान के साथ ही जनभावनाओं के अनुरुप कार्य करने का प्रयास करेंगे।

### पिता से मिली आईएएस बनने की प्रेरणा..

कलेक्टर डॉ. मंगेश गोंदवले ने जगप्रेरणा को बताया कि उनकी प्रारंभिक शिक्षा मराठवाड़ा के सातारा में हुई। तथा उसके बाद उन्होंने पुणे से इकॉनॉमिक्स में स्नातक किया। आईएएस बनने के संदर्भ में डॉ. गोंदवले ने बताया कि उनके पिता भी एक शासकीय अधिकारी थे, और उन्हीं से उन्हें यूपीएससी के माध्यम से प्रशासनिक सेवा में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली।

## घर घर में भाजपाईयों ने लगाए झंडे, भाजपा के स्थापना दिवस पर गोंदिया शहर हुआ भाजपा मय..







जगप्रेरणा गोंदिया।

*भारतीय जनता पार्टी का 47 वां स्थापना दिवस आज गोंदिया शहर में जोश और उत्साह के साथ भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने मनाया। भाजपा के स्थापना दिवस पर प्रत्येक कार्यकर्ता अपने घरों और प्रतिष्ठानों में भाजपा का*

झंडा लहराए, ऐसा भाजपा संगठन द्वारा तय किया गया था, जिसके तहत आज गोंदिया शहर में विधायक विनोद अग्रवाल ने अपने निवास एवं कार्यालय के समक्ष भाजपा का झंडा लहराया। इस अवसर पर विधायक विनोद अग्रवाल ने कहा कि भाजपा का कमल निशान वाला झंडा सिर्फ एक प्रतीक नहीं, बल्कि राष्ट्र-निर्माण, सेवा और समर्पण की भावना का प्रतीक है। भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस पर समस्त भाजपा परिवार को हार्दिक शुभकामनाएं। वहीं इसी के साथ विभिन्न प्रभागों में चौराहों पर तथा अपने अपने घरों में भी भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने भाजपा का झंडा बांधा। भाजपा के स्थापना दिवस पर जहां विधायक विनोद अग्रवाल ने सपत्नी श्रीमती सविता अग्रवाल के साथ भाजपा का झंडा बांधा, वहीं पूर्व पार्षद व पूर्व भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सौ. भावना दीपक कदम ने भी पति पत्नी मिलकर अपने निवास पर भाजपा का झंडा बांधा। इसी प्रकार गोंदिया शहर के रेलटोली मंडल द्वारा भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई चौक में ध्वजा रोहन किया गया। उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं का आभार मंडल अध्यक्ष ऋषिकांत साहू ने किया। इसी प्रकार अनेक भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने भाजपा का झंडा लहराकर भाजपा के प्रति प्रेम और निष्ठा का प्रदर्शन किया।

## गोंदिया शहर में मच्छरों का 'आतंक', प्रशासक राज गया, पार्षद आए.. पर क्या सुधर गई स्थिति?

संजीव बापट, जगप्रेरणा गोंदिया।



*गोंदिया शहर में मच्छरों का प्रकोप इस कदर बढ़ गया है कि आम नागरिक का जीना मुहाल हो गया है। हैरानी की बात यह है कि पिछले चार सालों तक जिले में 'प्रशासक राज' होने का बहाना बनाया जाता रहा, लेकिन अब जब शहर के सभी वार्डों में जनता द्वारा चुने गए पार्षद और खुद नगराध्यक्ष*

मौजूद हैं, फिर भी स्थिति जस की तस बनी हुई है। आखिर नगर परिषद का अमला गहरी नींद में क्यों सोया है? गौरतलब है कि चुनाव के समय स्वच्छता और स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने वाले जनप्रतिनिधि अब मौन नजर आ रहे हैं। शहर के हृदय स्थल से लेकर उपनगरीय इलाकों तक, हर जगह गंदगी और रुकी हुई नालियां मच्छरों की नर्सरी बन चुकी हैं। नागरिकों का सवाल है कि क्या प्रशासन किसी बड़ी बीमारी या महामारी के फैलने का इंतजार कर रहा है?

### फॉगिंग और छिड़काव का अता-पता नहीं

नियम के मुताबिक, हर वार्ड में नियमित अंतराल पर फॉगिंग और कीटनाशक दवाओं का छिड़काव होना चाहिए। लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि कई वार्डों में महीनों से फॉगिंग मशीन की आवाज तक नहीं सुनी गई। जनता टैक्स भर रही है, लेकिन बदले में उन्हें केवल बीमारियां और असुरक्षित वातावरण मिल रहा है।

### जनता में बढ़ता आक्रोश..

गौरतलब है कि प्रशासक राज में नागरिकों को यह लगता था कि पार्षद आएंगे नई टीम बैठेगी, तो अवश्य जनता की सुनवाई होगी, लेकिन अब तो जिम्मेदार जनप्रतिनिधि ही समस्याओं से आंखें मूंद कर बैठे दिखाई दे रहे हैं, तथा नगर परिषद में पक्ष और विपक्ष के बीच खींचतान के साथ ही प्रशासनिक अधिकारियों कर्मचारियों के बीच समन्वय और जनसेवा की कमजोर चाहत के परिणामस्वरुप आम नागरिक फिर एक बार त्रस्त होते दिखाई दे रहे हैं। नालियों में जलजमाव और कचरा प्रबंधन की विफलता ने इस समस्या को और भी विकराल बना दिया है।

### सत्ता में भाजपा और सभापति भी भाजपा के तो फिर कहां है रुकावट..





गौरतलब है कि गोंदिया नगर परिषद में भले ही आम जनता ने नगर परिषद अध्यक्ष पद पर कांग्रेस के सचिन शेंडे को विजयी बना दिया, लेकिन केन्द्र और प्रदेश में भाजपा के सत्ता में होने के साथ साथ गोंदिया विधानसभा का प्रतिनिधित्व भी भाजपा के पास है, और नगर परिषद में सर्वाधिक पार्षद भाजपा के तो विषय समितियों के सभापति भी भाजपा के हैं, ऐसे में आम जनता नगर परिषद अध्यक्ष के साथ साथ पार्षदों और विधायक विनोद अग्रवाल से भी उम्मीद लगाए बैठी है, तथा जबकि नगर की स्थिति अभी भी बेहाल बनी हुई है, तो क्या इसके लिये विधायक विनोद अग्रवाल को जिम्मेदारी नहीं लेनी चाहिये, यह सवाल भी अनेक लोग करने लगे हैं।

### पूर्व विधायक राजेन्द्र जैन की प्रमुख उपस्थिति में

## डाकराम-सुकळी में चक्रधर स्वामी के राजमठ मंदिर में भव्य यात्रा महोत्सव उत्साहपूर्वक संपन्न..



जगप्रेरणा गोंदिया।

*गोंदिया जिले के डाकराम-सुकळी स्थित प्रसिद्ध ÷राजमठ मंदिर÷ में यात्रा महोत्सव बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। सर्वज्ञ श्री चक्रधर स्वामी के पावन स्पर्श से पवित्र मानी जाने वाली इस भूमि पर आयोजित इस*

महोत्सव के अंतर्गत विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान धर्मसभा और भजन संध्या का कार्यक्रम विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व विधायक राजेंद्र जैन के करकमलों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कविश्वर कुलाचार्य परम पूज्य कारंजेकर बाबा ने की।

### बोले पूर्व विधायक राजेन्द्र जैन..

अपने संबोधन में पूर्व विधायक राजेन्द्र जैन ने कहा कि श्री चक्रधर स्वामी के चरण स्पर्श से इस क्षेत्र को विशेष आध्यात्मिक महत्व प्राप्त हुआ है। डाकराम-सुकळी क्षेत्र अपनी अनोखी परंपराओं और चमत्कारों के लिए प्रसिद्ध है। इस अवसर पर पूर्व विधायक राजेंद्र जैन ने प्रभु के चरणों में नमन करते हुए सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। इस कार्यक्रम में के.आर. शेंडे, प्रेमकुमार रहांगडाले, सुरेश हर्षे, राजलक्ष्मी तुरकर, जगदीश बावनथडे, रजनीताई कुंभरे, सुनील मेश्राम, विजय बिंझाडे, आनंदराव गजभिये सहित अनेक गणमान्य नागरिक तथा महानुभाव पंथ के अनुयायी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### नव निर्मित भवन का लोकार्पण

इसी अवसर पर जिला परिषद हाईस्कूल एवं कनिष्ठ महाविद्यालय, सुकडी/डाकराम में समग्र शिक्षा योजना के अंतर्गत निर्मित नए भवन का लोकार्पण भी किया गया। यह भवन सांसद प्रफुल्ल पटेल के प्रयासों तथा जिला परिषद सदस्य जगदीश बावनथडे के सहयोग से तैयार हुआ है। इसका लोकार्पण पूर्व विधायक राजेंद्र जैन के हाथों संपन्न हुआ। इस आयोजन ने पूरे क्षेत्र में धार्मिक उत्साह और सामाजिक एकता का संदेश दिया।

## वरिष्ठ पत्रकार खेमेंद्र कटरे की माताजी ताराबाई कटरे का दुखद निधन, आज होगा अंतिम संस्कार..



जगप्रेरणा गोंदिया।

*गोंदिया जिले के वरिष्ठ पत्रकार साप्ताहिक बेरार टाईम्स के संपादक खेमेन्द्र कटरे की माताजी एवं गोरेगांव तहसील*

के दवड़ीपार के प्रतिष्ठित नागरिक सेवानिवृत्त मुख्याध्यापक हिरदीलाल कटरे की धर्मपत्नी श्रीमती ताराबाई कटरे का 85 वर्ष की उम्र में आज 6 अप्रैल को दुखद निधन हो गया। स्व. ताराबाई कटरे अपने पीछे सेवानिवृत्त कार्य. अभियंता संजय कटरे, से.नि.शिक्षक राजेंद्र कटरे, शिक्षक अजय कटरे व खेमेंद्र कटरे संहित 4 पुत्रों व नाती पोतों से भरा पूरा परिवार छोड़ गई है। स्व. ताराबाई के दुखद निधन उपरांत उनके पार्थिव देह का अंतिम संस्कार आज 7 अप्रैल को ग्राम दवडीपार में किया जायेगा।

**- सूचना -**

यदि आपको प्रतिदिन दैनिक जगप्रेरणा समाचार पत्र नही मिल रहा हो तो कृपया दिनेश उके से मोबाईल नंबर 9860558902 पर संपर्क करें।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com